राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...





11 ▶ अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया...





दिल्ली में केजरीवाल ताकतवर... ◀ 12



गाजियाबाद, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 309, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12


## न्यूज डायरी

### शंभू बॉर्डर पर किसान ने निगला जहर, केंद्र के बातचीत न करने से था नाराज, एक पहले ही कर चुका है खुदकुशी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में एक किसान ने सल्फास निगल लिया। किसान की पहचान रेशम सिंह (55) जिला तरनतारन पहूविंड के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेशम सिंह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से



रणजोध सिंह — रेशम सिंह

इसका समाधान न निकालने से नाराज था। अंतिम समाचार मिलने तक किसान की हालत गंभीर बनी हुई है। किसान रेशम सिंह को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बॉर्डर पर मौजूद साथी किसानों ने बताया कि सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान ने सल्फास निगला। जैसे ही इस बारे में किसानों को पता चला तो उन्हें तुरंत मौके पर प्राथमिक सहायता दी गई। इसके बाद उन्हें लेकर तुरंत अस्पताल के लिए रवाना हो गए। बता दें इससे पहले भी 14 दिसंबर को किसान रणजोध सिंह ने सल्फास निगल लिया था। वह उस दिन दिल्ली कूच न करने देने से नाराज हुआ था। करीब 4 दिन बाद उसकी पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में मौत हो गई थी। वहीं दूसरी तरफ खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक है। आज उनके अनशन का 45वां दिन है। डल्लेवाल का ब्लड प्रेशर लगातार गिर रहा है। ऐसे में अब वह किसी से मुलाकात नहीं करेंगे।

### पानीपत हादसा : मकान की छत के नीचे दबे पांच लोग, चीख-पुकार

**पानीपत (आरएनएस)।** हरियाणा के पानीपत जिले में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। बीती रात गांव बबैल में एक मकान की छत अचानक गिर गई, जिसमें परिवार के पांच लोग दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रात करीब 2:30 बजे हुआ, जब पूरा परिवार कमरे में गहरी नींद में सो रहा था।

**कैसे हुआ हादसा?**

जानकारी के अनुसार, गांव बबैल में एक पुराने मकान की छत अचानक गिर गई। उस समय कमरे में तीन लड़कियां, एक लड़का और उनकी मां सो रहे थे। छत गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के पड़ोसी तुरंत मकान की तरफ दौड़े। मलबे में दबे लोगों की चीख-पुकार से इलाके में सनसनी फैल गई।

**रात भर बचाव अभियान जारी रहा**

घटना के तुरंत बाद पड़ोसियों और स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। भारी मलबे में दबे



लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। सभी घायलों को रात करीब ढाई बजे पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पारिवारिक स्थिति और आर्थिक तंगी**

हादसे का शिकार हुआ परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। परिवार की बेटी की शादी एक महीने पहले ही हुई थी, जिसके बाद से वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इस त्रासदी ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। परिवार ने प्रशासन और स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई है।

**प्रशासन से मांग**

परिवार ने प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने गांव में जर्जर मकानों का सर्वे कराने की मांग भी उठाई है।

**सिविल अस्पताल में इलाज जारी**

सभी घायलों का पानीपत के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की हालत गंभीर है, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। पानीपत में हुआ यह हादसा न सिर्फ एक परिवार के लिए त्रासदी है, बल्कि समाज के लिए सबक भी है। इस घटना ने ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा और जर्जर मकानों की समस्या को उजागर किया है। इस मुद्दे पर प्रशासन और स्थानीय लोगों को मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# दिल्ली विधानसभा चुनावः आपने दिल्ली में लगवाए होर्डिंग्स,बीजेपी से पूछा सीएम का नाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर होर्डिंग्स लगवाए हैं, जिसमें भाजपा से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर सवाल पूछा गया है। साथ ही उसे गाली-गलौज पार्टी भी बताया है। आम आदमी पार्टी के इस होर्डिंग में एक तरफ अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगाई गई है, जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह छपा हुआ है। होर्डिंग में सबसे ऊपर लिखा है कि दिल्ली का सीएम कौन? इसके बाद अरविंद केजरीवाल की फोटो के साथ आम आदमी पार्टी का नाम लिखा है। जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह के साथ गाली-गलौज पार्टी लिखा है। आम आदमी पार्टी की तरफ से यह होर्डिंग दिल्ली के वजीरपुर फेस-1 अशोक विहार में लगाया गया है। इसके अलावा एक अन्य होर्डिंग शादीपुर डिपो में लगाया गया है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर बीजेपी से सवाल पूछा था।





वीडियो में पूछा गया कि बिना दूल्हे का घोड़ा किसका है। क्या यह घोड़ा भाजपा का है? भाजपा का है तो दूल्हे का नाम बताएं। वीडियो को कैप्शन दिया, भाजपा वालों, तुम्हारा दूल्हा कौन है। इस वीडियो के जरिए आप सीएम चेहरे को लेकर सवाल उठा रही है। आम आदमी पार्टी के वीडियो पर भाजपा ने भी नया पोस्टर जारी किया था। आम आदमी पार्टी के खिलाफ इस पोस्टर में भाजपा ने कहा, आप-दा जाएगी, भाजपा आएगी। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का मंगलवार को ऐलान किया गया। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे, जबकि नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। कांग्रेस भी अपने उम्मीदवार उतार रही है।

## अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई में अपने चाचा स्वर्गीय राजपाल यादव को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।


# कोई व्यवस्था नहीं थी, काउंटर खुलते ही मची भगदड़

**तिरुपति (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में हुई भगदड़ में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के चश्मदीदों ने जो बताया, वह हैरान कर देने वाला है। एक महिला ने कहा कि टिकट लेने के लिए भीड़ काफी ज्यादा इकी हो गई थी। उसने कहा कि पहले से टिकट खरीद लेने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई थी। जैसे ही पुलिसकर्मियों

**चश्मदीदों ने बयां किए तिरुपति हादसे के हालात**

ने टिकट वितरण के लिए दरवाजा खोला, लोगों की भीड़ वहां टूट पड़ी।

महिला ने कहा कि उसके परिवार के 20 सदस्य वहां मौजूद थे, जिसमें से 6 घायल हो गए। महिला ने कहा कि वहां बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी थे, जो टिकट के लिए दौड़ पड़े थे। इस कारण भी कई महिला श्रद्धालुओं को चोटें आईं, जिनका इलाज किया जा रहा है। श्रद्धालु ने बताया कि काफी भीड़ होने के कारण भगदड़ मची। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने दरवाजा खोला, लोग टिकट खरीदने के लिए टूट पड़े। टोकन पहले खरीद लेने की कोई व्यवस्था ही नहीं थी। मेरे परिवार के 20 लोगों में 6 घायल हैं। हम 11 बजे लाइन में खड़े हुए थे। कतार में इंतजार करने के दौरान हमें दूध और बिस्किट दिया गया। पुरुषों की भीड़ टोकन खरीदने के लिए दौड़ पड़ी, इसमें कई महिलाएं घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में मृतक महिला मल्लिका के पति ने भी घटना का खौफनाक मंजर बयां किया। उसने बताया कि जब उसकी पत्नी और दूसरे लोग वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट खरीदने की कोशिश कर रहे थे, तभी भगदड़ मच गई।



# महाकुंभः भारत-नेपाल सीमा का जायजा लेने पहुंचे आईजी, सुरक्षा सख्त करने के निर्देश

**बहराइच (आरएनएस)।** प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर भी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा का जायजा लेने के लिए बुधवार को देवीपाटन मंडल के आईजी अमित पाठक भारत-नेपाल सीमा रुपईडीहा पहुंचे। यहां पर उन्होंने सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के कारण सुरक्षा व्यवस्था और मुस्तैद होगी।

आईजी अमित पाठक ने कहा कि यहां पर यूपी पुलिस और एसएसबी का सेटअप है, जो नेपाल सीमा से जुड़े प्वाइंट से आवागमन को रेग्युलेट करते हैं। आज सारे सेटअप को देखा गया है। इसकी जानकारी ली गई है कि लगभग कितने लोग आ रहे हैं और कितनी गाड़ियां सीमा पार कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि कार्गो सुविधा भी आईपीसी के माध्यम से चैनलाइज हो रही है। उसमें सुरक्षा बिंदुओं की समीक्षा की गई है। अधिकारियों के साथ बैठक में जो भी बिंदु निकलकर आए हैं, उस पर भविष्य में लेकर कार्रवाई का प्लान बनाया गया है। महाकुंभ को लेकर इस इलाके में सुरक्षा होनी चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर



है। यहां से व्यापार और लोगों को आना-जाना होता है। यह महत्वपूर्ण ड्यूटी प्वाइंट है। इस पर मानक सुरक्षा व्यवस्था को सख्ती से पालन करना है। इसके लिए मीटिंग करके सभी पक्षकारों को निर्देश दिए गए हैं और जॉइंट पेट्रोलिंग करके समीक्षा की गई है।

# झूठी खबरें फैलाने वाला पाकिस्तान अब खुद फेक न्यूज से डरा, 2 अरब रुपये करेगा खर्च

**इस्लामाबाद ।** भारत के खिलाफ लगातार झूठी खबरें और प्रचार चलाने वाले पाकिस्तान को अब खुद फेक न्यूज का डर सता रहा है। इसका मुकाबल करने के लिए सरकार ने भारी भरकम रकम भी जारी करने का फैसला किया है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संघीय सरकार ने राज्य संस्थाओं को निशाना बनाकर फर्जी खबरों और गलत सूचना अभियानों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए 2 अरब रुपये आवंटित किए हैं। वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब की अध्यक्षता में आर्थिक समन्वय समिति [ईसीसी] की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया।

इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक स्थिरता को कमजोर करने के लिए जानबूझकर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं का मुकाबला करने की कोशिशों को मजबूत करना है। आवंटित बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, [1.945 बिलियन रुपये], रक्षा मंत्रालय को जाएगा। बताया जा रहा है कि इस कदम को पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर का भी समर्थन हासिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक विस्तृत ब्रीफिंग में ईसीसी को बताया गया कि सेना की पब्लिस रिलेशंस विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस [आईएसपीआर] गलत सूचनाओं से निपटने में सबसे आगे है। हालांकि, गलत सूचना फैलाने की रणनीति के लगातार विकसित होने की वजह से आईएसपीआर की क्षमताओं को बढ़ाने की जरुरत है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार के इस फैसले ने पाकिस्तान के नागरिकों को और अधिक नाराज कर दिया है जो रिकॉर्ड-उच्च मुद्रास्फीति, गरीबी और बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। बता दें पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और उसकी सारी उम्मीदें विदेशी कर्ज पर ही टिकी हैं। आलोचकों ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और खाद्य सुरक्षा जैसे तत्काल घरेलू संकटों को संबोधित करने के बजाय नैरेटिव कंट्रोल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सरकार की आलोचना की है।

# नागालैंड में एचआईवी/एड्स की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक : रिपोर्ट

**कोहिमा (आरएनएस)।** राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा गया है कि नागालैंड में 15 से 49 साल के उम्र के लोगों में एचआईवी/एड्स की दर 1.36 प्रतिशत है, जो पूरे देश में 0.2 प्रतिशत की दर से काफी ज्यादा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार सामान्य आबादी में एचआईवी/एड्स की दर 1.61 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि नागालैंड में 2006 से 2023 तक लगभग 16 लाख रक्त नमूनों की जांच के बाद कुल 33,396 व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। 2023-24 के दौरान परीक्षण किए गये कुल रक्त नमूनों में से 1.17 प्रतिशत एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा, एचआईवी पॉजिटिव पाए गए 14.83 प्रतिशत मरीजों का उपचार चल रहा है।वर्ष 2023-24 के दौरान 14 वर्ष से कम आयु के जिन बच्चों के रक्त की जांच की गई, उनमें से 2.06 प्रतिशत बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए।सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 वर्ष से कम आयु के एचआईवी पॉजिटिव बच्चों में





53.70 प्रतिशत लड़के और 46.30 प्रतिशत लड़कियां थीं। अक्टूबर 2007 से नवंबर 2023 तक 14 वर्ष से कम आयु के कुल 1,385 बच्चे (2,099 प्रतिशत) एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया है कि एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी सेंटर (एआरटीसी) में कुल 26,419 एचआईवी पॉजिटिव मरीज रजिस्टर्ड थे। इनमें से 21,110 एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) पर थे जबकि एआरटी पर कुल 3,116 मरीजों की मौत हो गई।

इसमें यह भी बताया गया है कि एचआईवी पॉजिटिव कुल 6,205 पुरुष, 6,332 महिलाएं, 12 ट्रांसजेंडर/ट्रांससेक्सुअल व्यक्ति, तथा 370 लड़कियों सहित 748 बच्चे एआरटी पर हैं। हाल ही में जारी भारत एचआईवी अनुमान 2023 रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2.5 मिलियन से अधिक लोग एचआईवी से प्रभावित हैं। वयस्कों में एचआईवी का प्रसार 0.2 प्रतिशत पर है और अनुमानित वार्षिक नए एचआईवी संक्रमणों की संख्या लगभग 66,400 हैं। वर्ष 2010 से अब तक नए वार्षिक एचआईवी संक्रमणों में 44 प्रतिशत की कमी आई है, जो वैश्विक कमी दर 39 प्रतिशत से अधिक है।

**शोक** | 'चमेली में प्रीतीश नंदी के साथ काम कर चुकीं अभिनेत्री करीना कपूर खान ने फिल्म से जुड़ी एक तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा कर निमार्ता को श्रद्धांजलि दी


# प्रीतीश नंदी के निधन से आहत फिल्म जगत, करीना कपूर समेत अन्य सितारों ने जताया शोक

**मुंबई (आरएनएस)।** दिग्गज फिल्म निमार्ता, चित्रकार और पत्रकार प्रीतीश नंदी के निधन से फिल्म जगत आहत है। करीना कपूर खान, अनिल कपूर, अनुपम खेर के साथ ही अन्य सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर शोक जताया।

सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता अनुपम खेर ने एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि वह इस खबर से बहुत दुखी हैं। उन्होंने प्रीतीश को यारों का यार कहकर याद किया। इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने एक पुरानी तस्वीर के साथ लिखा, अपने सबसे प्रिय और करीबी दोस्तों में से एक प्रीतीश नंदी के निधन के बारे में जानकर बेहद दुखी और स्तब्ध हूं! अद्भुत कवि, लेखक, फिल्म निमार्ता और एक साहसी और अद्वितीय संपादक/पत्रकार! वह मुंबई में मेरे शुरूआती दिनों में मेरा सपोर्ट सिस्टम और ताकत का एक बड़ा सोर्स थे। हमने बहुत सी चीजें साझा कीं। वह उन सबसे निडर लोगों में से एक थे जिनसे मैं मिला। जीवन में मैंने उनसे बहुत सी चीजें सीखीं। इधर बीच हमारी मुलाकात नहीं हो पाई थी। लेकिन एक समय था जब हम हमेशा मिलते रहते थे! अभिनेता ने आगे लिखा, मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा जब उन्होंने मुझे फिल्मफेयर के कवर पर और सबसे महत्वपूर्ण रूप से 'द इलस्ट्रेटेड वीकली' पर रखकर मुझे आश्चर्यचकित कर दिया था। वह यारों के यार की सच्ची परिभाषा थे! मैं तुम्हें और हमारे साथ बिताए दिनों को याद करूंगा मेरे दोस्त।'

'चमेली में प्रीतीश नंदी के साथ काम कर चुकीं अभिनेत्री करीना कपूर खान ने फिल्म से जुड़ी एक तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा कर निमार्ता को श्रद्धांजलि दी। तस्वीर में अभिनेत्री नंदी के साथ गुफ्तगू करती दिखीं।

अभिनेता अनिल कपूर ने पोस्ट साझा कर बताया कि उन्हें इस खबर से झटका लगा है। उन्होंने लिखा, मेरे प्रिय मित्र प्रीतीश नंदी के निधन से मैं स्तब्ध और दुखी हूं। एक निडर संपादक, एक साहसी व्यक्ति और अपने वचन का पक्का आदमी, उसने किसी और की तरह ईमानदारी का परिचय नहीं दिया। मुझे अभी भी एक वीकली कवर शूट याद है, जिसकी उन्होंने योजना बनाई थी। जब मुझे असहज महसूस हुआ, तो उन्होंने तुरंत इसे रद्द कर दिया, यह कहते हुए कि यदि आप खुश नहीं हैं, तो मैं इसे प्रकाशित नहीं करूंगा। उस इशारे ने विश्वास और सम्मान पर बनी दोस्ती की शुरूआत की थी। मेरा दिल उनके परिवार के लिए दुखी है। मैं हमेशा उनकी उपस्थिति, उनकी आवाज और उनके द्वारा किए गए हर काम में दिखाई गई निडरता को याद करूंगा। अभिनेत्री सोफी चौधरी ने एक्स पर लिखा, 'प्यार के साइड इफेक्ट्स के दौरान आपको जानना सौभाग्य की बात थी। एक फिल्म निमार्ता और पत्रकार/संपादक के रूप में आप साहसी और अद्वितीय थे। मैं हमेशा आपके बारे में गर्मजोशी से सोचूंगी। परिवार के लिए प्यार और प्रार्थना। अभिनेता संजय दत्त ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर लिखा, हमने एक रचनात्मक और अच्छे इंसान को खो दिया। प्रीतीश नंदी सर, हम आपको मिस करेंगे।



प्रीतीश नंदी का मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी गिनती इंडस्ट्री के सफल फिल्म निमार्ताओं में की जाती है। उन्होंने 'चमेली, 'कुछ खट्टी कुछ मीठी, 'मस्तीजादे, 'द मिस्टिक मस्सेर, 'सुर, 'कांटे, 'झंकार बीट्स, 'मुंबई मैटिनी, 'पॉपकॉर्न खाओ मस्त हो जाओ, 'शब्द, 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी, 'एक खिलाड़ी एक हसीना, 'अनकही, 'प्यार के साइड इफेक्ट्स, जस्ट मैरिड, अग्ली और पगली, धीमे धीमे, रात गई बात गई?, शादी के साइड इफेक्ट्स जैसी फिल्मों का निर्माण किया।

# हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चालक ने पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव आलमगिरपुर निवासी दिनेश गिरि अपने गांव से पैदल चलकर रंगपुर जा रहा था रसीदपुर के निकट सचिवालय के पास पहुंचा तो अचानक मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दिनेश गिरी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर ले गई। जहाँ हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रैपर कर दिया गया था। जिनकी उपचार के दौरान नोवा हॉस्पिटल बुलन्दशहर में 25 दिसंबर को मौत हो गई। थाना प्रभारी अतुल कुमार चौहान ने बताया कि पिंटू गिरी पुत्र बाबू गिरी निवासी ग्राम आलमगिरपुर धनौरा के द्वारा प्रार्थना पत्र मिला है मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जांच की जा रही है।

# एसडीएम ने रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, निरीक्षण दौरान रैन में रुके मिले तीन लोग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू ।** बुधवार की रात एसडीएम दीपक कुमार पाल ने नगर पंचायत द्वारा संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। रैन बसेरा में तैनात कर्मचारियों से व्यवस्था का जायजा लेते हुए कमरा की साफ सफाई के निर्देश दिए हैं।

पहासू के शिकारपुर रोड़ स्थित कार्यालय में नगर पंचायत द्वारा रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। जिससे सर्दी के मौसम में लोग रैन बसेरा में रुक सकें। संचालित रैन में लोगों के रुकने की पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। बुधवार की शाम शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल ने रैन बसेरा का ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रैन बसेरा में पर्याप्त रजाई बिस्तर सहित शौचालय का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दीपक कुमार



पाल ने नगर पंचायत के कर्मचारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरा में आने वाले जरूरतमंद लोगों बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। वहीं रेन बसेरा की नियमित साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया रैन बसेरा में कोई भी व्यक्ति निशुल्क रुक सकता है। एसडीएम ने कहा रैन बसेरा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। रेन बसेरा में मच्छर से बचाव के लिए ऑल आउट सहित अन्य व्यवस्था कराई जाए।

## घर में घुसकर हमला, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (नितिन मोदी)।** नगर के मौहल्ला महरबानपुरा निवासी बिजेन्द्र ने चार लोगों के विरूद्ध रंजिशन घर में घुसकर कातिलाना हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजेन्द्र ने थाने में कराई रिपोर्ट में कहा है कि मौहल्ले के ही भोला की दुकान पर विद्युतकर्मियों ने विद्युत चैकिंग की। किसी मौहल्ले वाले ने रंजिशन बोल दिया कि सुन्दर ने यह चैकिंग कराई है। जिससे भोला चिढ़ा हुआ था। आरोपी भोला, संजू, सबल व माया हाथों में कुल्हाड़ी, फरसा व लोहे की रॉड लेकर घर में घुस आए तथा जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसके बेटे साहिल सैनी के मुंह व सिर में कुल्हाड़ी से वार कर दिए। साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। मां प्रेमवती के सिर पर फरसा मारा। भाई सुन्दर व ललित ने बचाने का प्रयास किया तो उन पर भी वार दिए। जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों भोला, संजू, सबल व माया के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज की है।

# जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव का देहांत हो जाने के कारण जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से मतलूब अली जिलाध्यक्ष विजय कुमार त्यागी जिला महासचिव हाजी अख्तर विधानसभा महेंद्र बाल्मीकि मुकेश शर्मा प्रेमवीर यादव जारा खान जाकिर बबलू सफीक चौधरी सुनील त्यागी शंभू चौधरी आस मोहम्मद मनीष शर्मा अजय विद्यार्थी कासिम प्रधान सुरेश सिंह



प्रजापति ललित लोधी जावेद चुन्नू कुरेशी आमदनी जगबीर यादव मुकेश यादव संजीव अंसारी चरण सिंह लोधी मनोज यादव राहुल गुर्जर यासमीन तलाक आसमानी हामिद अली आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शोक सभा में मौजूद रहे

# खुले घूम रहे बेसहारा गोवंश राहगीरों और किसानों के लिए बने मुसीबत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** खुले में घूम रहे बेसहारा गोवंश राहगीरों और किसानों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। क्षेत्र में लोग सांडो के आतंक से परेशान हैं।

- **सांड के हमले से करीब आधा दर्जन हो चुके घायल**
- **फसलों को भी पहुंचा रहे नुकसान, किसान परेशान**

स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका सबसे ज्यादा जमावड़ा मुख्य रोडवेज चौराहों पर होता है। लोग इन जगहों से अपने वाहन ले जाने से भी डरते हैं। वह तो वाली रोड समेत शिवलोक कॉलोनी पर यह समस्या बनी रहती है। यहां से बाहर गुजरने वाले पैदल या बाइक सवार लोगों पर सांड हमला कर देते हैं। गढ़वा क्षेत्र में सांड के हमले से करीब आधा दर्जन लोग बुरी तरह से घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांड रोड से होकर गुजरने वालों पर हमला कर घायल कर देते हैं। इसके चलते यहां पर अक्सर कोई ना कोई शख्स इनकी चपेट में आ जाता है। नगर में सड़कों पर तथा देहात में खेतों में गोवंश के झुंड घूमते दिखते हैं। खेतों में घुसकर बेसहारा गोवंश किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं



सड़कों पर घूमने वाले गोवंश से रात के अंधेरे में टकरा कर वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं । इससे लोगों को काफी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोवंश हथठेल पर रखे सामान को नुकसान पहुंचाते हैं। दुकानदार द्वारा हथठेले . से गोवंश को भगाने पर गोवंश जब सड़क पर भागते हैं तो राहगीरों पर हिंसक हो जाते हैं इसस राहगीर चोटिल हो जाते हैं । बेसहारा गोवंश किसानों के लिए समस्या बने हुए हैं । आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों ने समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

# बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारी की शपथ हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** बार एसोसिएशन अनूपशहर की एल्डर कमेटी के तत्वाधान में बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारी की शपथ हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि अपर जिला जज विनीत चैधरी जी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कमलचंद बंसल महासचिव दीपेंद्र राघव वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमोहन सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशा शर्मा वरिष्ठ सह सचिव ऋषिपाल सिंह कनिष्ठ सचिव धर्मेंद्र सिंह ऑडिटर घनेंद्र पाल सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला जज रमेश दिवाकर ए०सी जे एम विनय कुमार सिंह, सिविल जज मयंक कुमार सिंह, उप जिला अधिकारी प्रियंका गोयल, नवाब छतारी जावेद सईद, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद राव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शेख रईस, समाजसेवी व कांग्रेसी नेता ज्ञानेंद्र राघव मौजूद रहे इस अवसर पर सुरेश सिंह चैहान बद्री सिंह वर्मा हरिश्चंद्र रतेंद्र सिंह शरद चंद कौशिक, शेख रेहान बलजीत सिसोदिया ,सुरेंद्र भारतीय दीपेंद्र राघव कमल चंद बंसल आदि ने अपने विचार रखें।

शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्री राधे श्याम शर्मा ने तथा संचालन बार एसोसिएशन के प्रवक्ता जावेद अख्तर एडवोकेट ने किया।

# दो ट्रैक्टरों को रस्से से जोड़कर जोर आजमाइश करने के दौरान दर्दनाक हादसे में युवक की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** कोतवाली क्षेत्र की चौकी दौलतपुर के गांव सूरजपुर मखेना में दो युवक तेजवीर उर्फ तेजी पुत्र विशम्बर और कलुआ पुत्र भोलाम्बर में हार जीत

**मृतक की मां ने सरकार से लगाई मदद की गुहार**

को लेकर ट्रैक्टर में रस्सा बांधकर ट्रैक्टरों की ताकत दिखाने के दौरान एक ट्रैक्टर पलट गया । टैक्टर के नीचे दबने से घटनास्थल पर ही तेजवीर की मौत हो गई। बुलन्द संदेश न्यूज पेपर के पत्रकार ने गांव जाकर मृतक की मां से जानकारी ली तो उसने बताया कि मेरा बेटा तेजवीर कक्षा 10 में पढ़ रहा था और वहीं हमारे परिवार की जिविका चलाकर भरण-पोषण करता था उसकी मौत से पूरे परिवार पर





आर्थिक तंगी झेल रहा परिवार सदमे में है मां से बातचीत के दौरान बार बार दौरें पड़ रहे थे। मृतक के पिता के पास केवल एक बीघा जमीन है मृतक की मां ने कहा कि मेरे बेटे की हादसे में मौत हो चुकी है और मेरा परिवार किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही नहीं करना चाहते हैं मृतक की मां ने शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है कि यदि कोई शासन से किसान के परिवार को मदद मिल सके तो मेरे परिवार की जिविका चलाकर अपना जीवन यापन कर सकें।

हादसे के बाद पुलिस को बिना सूचना दिए ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जैसे ही हादसे का लाइव वीडियो सामने आया वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हो वायरल रहा था जिसका संज्ञान लेकर पुलिस ने गांव जाकर घटना की जानकारी लेकर स्वयं मुकदमा दर्ज कर दिया यह घटना बीते 4 जनवरी की बताई जा रही है क्षेत्राधिकार शोभित कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करा दी है ।

# छात्र स्मार्टफोन व टैबलेट का सदुपयोग करें: एसडीम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर स्थित श्याम लाल सरस्वती महाविद्यालय में छात्र और



छात्राओं को स्मार्टफोन व टैबलेट सौंपते हुए एसडीएम दीपक कुमार पाल ने कहा कि प्रत्येक छात्र इसका सदुपयोग कर अपना लक्ष्य हासिल करें। मुख्य अतिथि एसडीएम दीपक कुमार पाल, महाविद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल और प्राचार्य डॉ ललित गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान 142 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट मिले तो उनके चेहरे खुले उठे। कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ नीरज कुमार, रेशु. भारद्वाज, धीरज कुमार और राहुल कुमार समेत महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आम के हरे पेड़ काटने पर दो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज, वादी का दावा 5 महीने से काट रहा था थाने के चक्कर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (नितिन मोदी)।** पुलिस ने आम के हरे पेड़ काटने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पांच महीने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी के आदेश पर मामले की एफआईआर दर्ज हो सकी। थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंचाना निवासी जुबैर आलम ने दो लोगों के खिलाफ आम के हरे पेड़ काटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक पांच महीने तक वह थाने के चक्कर काटता रहा, परंतु पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। हांलाकि अब गुलावठी कोतवाली पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है। क्षेत्र के गांव ऐंचाना निवासी जुबैर आलम ने बताया गांव से एक किलोमीटर दूर उस्तरा गांव के निकट उसका आम का बाग है। गत 18 अगस्त 2024 को कुछ लोग उसके बाग में आम के हरे पेड़ काट रहे थे। जब उसे पता चला तो वह अपने परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचा तो कुछ लोगों द्वारा आम के हरे पेड़ काटे जा रहे थे। उन्होंने एक आरोपी को पकड़ लिया, दूसरा आरोपी भाग गया। जुबैर के मुताबिक घटना की सूचना 112 नम्बर पर पुलिस को दी गई। थाना चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मी कटे हरे पेड़ों व एक आरोपी को चौकी पर ले गए, परंतु पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई। परंतु रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पुलिस ने अब दो लोगों के खिलाफ वृक्षों का संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक ने कहा रिपोर्ट दर्ज हो गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एनएच-34 पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने एनएच-34 पर बढ़ती दुर्घटनाओं और खराब यातायात व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अभिषेक कुमार को सौंपा ज्ञापन में मांग की गई कि बुलंदशहर नगर के भूड़ चौराहे से अडोली तिराहा तक एनएच-34 पर स्थित खतरनाक कट पर तुरंत फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए और इस पर से प्रतिदिन हजारों वाहन नरोरा, डिबाई, पहासू, शिकारपुर, अनूपशहर, आहार, जहांगीराबाद, सयाना, औरंगाबाद जैसे कस्बो से होते हुए बुलंदशहर भूड चौराहे से एन एच 34 से पंजाब, दिल्ली, नोएडा, और गाजियाबाद की ओर आवागमन करते हैं। जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस कट पर तेज रफ्तार वाहनों के









चलते पहले भी कई भयावह दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जान-माल की भारी हानि हुई है। पिछले वर्ष एक बस और ट्रक की टक्कर में कई लोगों की जान चली गई थी और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। खराब यातायात व्यवस्था के कारण यहां सुबह और शाम भारी जाम लगता है, जिससे स्थानीय निवासियों, स्कूली बच्चों, कार्यालय जाने वालों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। जैसे जयपुर जैसी किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना यहां पर हर समय बनी रहती है

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मांग की है कि यहां फ्लाईओवर का निर्माण कर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए और यातायात को सुचारु बनाया जाए। यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए सुरक्षा प्रदान करेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए राहतकारी साबित होगा। इस ज्ञापन को देने में व्यापारी बंधु जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी, संरक्षक विनोद चौधरी, सुंदर सिंह, माजिद गाजी, सत्यवीर सिंह, आकाश अग्रवाल, रईस अब्बासी, यशपाल चौधरी, आकाश गुप्ता, साजिद गाजी, मुकुल गोयल, रमन शर्मा, गुफरान गाजी, ओमवीर राजपूत, पप्पन खान , राहुल चौधरी, मुनेश कुमार ,प्रदीप गिरी, अरुण गिरी ,अमित चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, सहित अन्य सम्मानित उपस्थित रहे।

**दौरा**

## राष्ट्रवादी किसान कामगार मंच के पदाधिकारियों के साथ तहसील पहुंचे विधायक

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुने अधिकारी: विधायक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** राष्ट्रवादी किसान कामगार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक अनिल शर्मा क्षेत्र के सैकड़ो किसानों सहित समर्थकों के साथ तहसील कार्यालय पहुंच गए। विधायक अनिल

**राजस्व कर्मियों पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप**

शर्मा ने शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल को सैकड़ों किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उसी दौरान कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर जल्द समाधान कराया जाए। शिकारपुर एसडीएम ने विधायक को आश्वासन देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को सुनकर जल्द समाधान कराया जाएगा। शिकारपुर तहसील में गुरुवार को राष्ट्रवादी किसान कामगार मंच के सैकड़ो कार्यकताओं के साथ विधायक अनिल शर्मा पहुंचे गए। राष्ट्रवादी किसान कामगार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक अनिल शर्मा ने एसडीएम दीपक कुमार को क्षेत्रीय सैकड़ो किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है। किसानों का आरोप है कि शिकारपुर तहसील में अधिकारियों की लापरवाही से तहसील में लगातार भ्रष्टाचार पनप रहा है। आरोप है यह भी है कि तहसील कार्यालय में कदम कदम पर प्राइवेट लोग काम कराने के





नाम पर किसानों से अवैध वसूली रहे हैं। किसानों द्वारा कई बार अधिकारियों को प्राइवेट कर्मचारियों की शिकायत की गई है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। उसी दौरान राष्ट्रवादी किसान कामगार मंच के राष्ट्रीय सचिव चौधरी जबर सिंह ने कहा कि किसानो और कामगारो अपनी समस्याओं लेकर हर रोज तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते उनकी समस्याओं के समाधान नहीं हो रहे हैं। विधायक अनिल शर्मा की मौजूदगी में एसडीएम ने किसानो की कई समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाए। उसी दौरान एसडीएम ने विधायक को जल्द ही समस्याओं के निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया है। इस दौरान विधायक अनिल शर्मा ने विद्युत विभाग के शिकारपुर एक्सियन को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है। जहां विद्युत विभाग के एक्शन ने जल्द ही समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इस मौक चौधरी जबर सिंह, सुभाष शर्मा प्रधान, रघुनाथ, राम अवतार शर्मा, राहुल चौधरी, मनोज शर्मा, डीके शर्मा, कपिल, आसिफ कुरेशी, रामकिशन लोधी, निशांत शर्मा, महेश, राजेश, नीरज शर्मा, निर्भय शर्मा, मंगल सिंह, अजीत पूर्व प्रधान, हर्षवर्धन शर्मा, संग्राम सिसोदिया, डेनी प्रधान, परवेन्द्र देशवाल, हरकेश शर्मा, दिनेश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## घरेलू सामान लेने गए युवकों को मारी टक्कर, घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के भीम नगर खेड़ा स्थित किराना की दुकान से सामान खरीदने के लिए खड़े प्रमोद सहगल एडवोकेट) पुत्र लाल सिंह निवासी भीम नगर खेड़ा कस्बा शिकारपुर और दीपक पुत्र शिवदत्त निवासी अंबेडकर नगर शिकारपुर देहात को मारुति ईको ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें प्रमोद सहगल का इलाज रतन प्रकाश हॉस्पिटल डीएमम रोड बुलंदशहर तथा दीपक कुमार का इलाज अमर ज्योति हॉस्पिटल शिकारपुर में चल रहा है। प्रशिक्षु सीओ/कोतवाली प्रभारी प्रखर पांडेय ने बताया की प्रमोद सहगल और दीपक के द्वारा मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर मारुति ईको चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल के रहने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, लूटे गए मोबाइल और अवैध हथियार बरामद

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में थाना बिसरख पुलिस और तीन शातिर लुटेरे बदमाशों के बीच बीती रात चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई। जिनमें दो बदमाशों को गोली लगने के बाद और एक बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। यह तीनों बदमाश पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और लूट और चोरी के मामलों में पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके पास से लूट के 9 मोबाइल, अवैध हथियार और चोरी की बाइक बरामद हुई है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 8 जनवरी की देर रात थाना बिसरख पुलिस चौकी गौर सिटी-1 के सामने चार मूर्ति के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल, जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे, सामने से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उनको रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुके और तेज गति से मोटरसाइकिल को कैप्सूल गोल चक्कर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा शुरू किया और अन्य पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सामने से भी पुलिस टीम को आता देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास फिसलकर गिर गई और उन्होंने अवैध असलहे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिनकी पहचान मेहमीदुल हक (28), निवासी जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल और मोक्सेदुल हुसैन (22), निवासी जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। तीसरे बदमाश अजीदुल उर्फ गुड्डू (19), निवासी कूच बिहार पश्चिम बंगाल को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। बदमाशों के कब्जे से चोरी के 9 मोबाइल फोन, चोरी की एक मोटरसाइकिल (दिल्ली से चोरी), 2 अवैध तमंचे, 2 जिंदा और 2 खोखा कारतूस व 1 कटर (तार/जाली काटने वाला) बरामद हुए हैं। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया है कि इनमें से मेहमीदुल हक पूर्व में थाना बिसरख से मोबाइल चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

# राहुल श्याम सुन्दर विश्वकर्मा जी को भाजपा बलराम नगर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर - वार्ड 38 पुनीत एनक्लेव मे भव्य स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लोनी (गाजियाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी से राहुल श्याम सुंदर विश्वकर्मा जी को वार्ड नंबर 38 पूजा कॉलोनी मे नवीन दायित्व मिलने पर प्रोषित बुका एवं पटका पहनाकर जोरदार स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी, जिसमें कार्यक्रम सयोजक कपिल पांचाल और मंच संचालन डॉ रविश शर्मा ने किया। मुख्यरूप से डॉ रवीश शर्मा, कपिल पांचाल श्याम सुन्दर, अनुज त्यागी ,रविंद्र पवार, राजेन्द्र यादव, सौरभ



अग्रवाल, श्वेता त्यागी, रामचंद्र चौहान सचिन, शिवा चौरसिया, रविशंकर, मुन्ना, नीरज त्यागी, शिवम ,मुन्ना राजपूत, हरीश शर्मा, मुकेश पाल, योगेन्द्र, कुलदीप पाल एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धनंजय शर्मा को मिली दिल्ली चुनावों में सहयोग की जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी टीम की जिम्मेदारियाँ तय कर दी हैं। दिल्ली चुनावों में गाजियाबाद निवासी

**धनंजय शर्मा ने जताया भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या का आभार**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय टीम सदस्य धनंजय शर्मा को भी जिम्मेदारी मिली है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने आगामी दिल्ली चुनावों के लिए प्रभारी और सह-




प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिसमें धनंजय शर्मा को राष्ट्रीय टोली के सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा विश्वास जताए जाने के बाद धनंजय शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे दिल्ली विधानसभा चुनावों में योगदान देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह न केवल मेरे लिए गर्व का विषय है, बल्कि मुझे यह प्रेरणा देता है कि मैं संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूँ। इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाने के लिए मैं अपने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और साथी युवाओं के सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा करता हूँ। संगठन की सेवा और देश की प्रगति के लिए सतत प्रयास करते रहना मेरा मुख्य उद्देश्य रहेगा।

# अखिल भारतीय त्यागी समाज नै अमित त्यागी को सौंपी प्रदेश की बागडोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** अखिल भारतीय त्यागी समाज द्वारा मुरादनगर में आयोजित एक बैठक के दौरान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर त्यागी ने रेलवे रोड मुरादनगर निवासी पत्रकार अमित त्यागी को प्रदेश की कमान सौंपते हुए उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया है। नव मनोनीत उप्र अध्यक्ष अमित त्यागी संस्था में पहले से ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था अपनी नीतियों पर चलकर निरंतर अपने समाज के हित व उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि हमें अपने समाज को बेहतर बनाना है तो एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित कर समाज की भलाई में काम करना होगा। उन्होंने शिक्षा को भी आदर्श समाज निर्माण की नींव बताते हुए कहा कि अपनी पीढ़ी को शिक्षित अवश्य कीजिए। क्योंकि शिक्षित बच्चा अपने परिवार के साथ ही अपने समाज का भी मस्तक ऊंचा करता है। नंदकिशोर त्यागी ने अमित त्यागी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करते हुए कहा कि अमित त्यागी ने बतौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाज को एकजुट करने का कार्य किया है। और अपने समाज के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। समाज के प्रति उनकी इसी निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमित त्यागी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने समाज को आगे ले जाने के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध हैं। और दी गईं दोनों जिम्मेदारियां का निर्वहन पूरी ईमानदारी और गंभीरता के साथ करेंगे। बैठक में कई प्रांतों के अलावा अनेक जनपदों के पदाधिकारीगण मौजूद थे। जिनमें डॉ रामकुमार त्यागी, मुन्नी त्यागी, नंदकिशोर त्यागी, आनंद त्यागी, डॉ पंकज त्यागी, अनिल त्यागी, चेतन त्यागी, राजवीर त्यागी, धर्मवीर त्यागी, अनिल त्यागी, अंकित त्यागी, अजीत त्यागी, डॉ मनोज त्यागी, मनोज त्यागी, नीरज त्यागी, संजय त्यागी, ध्रुवस्वामिनी, विनीत त्यागी, प्रदीप त्यागी, अमित त्यागी, बबलू त्यागी, अभय त्यागी आदि पदाधिकारी शामिल हैं।



# किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन: रमेश कसाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** बृहस्पतिवार को किसान एकता महासंघ की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ रमेश कसाना के नेतृत्व में

**किसान एकता महासंघ की रीलखा स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई बैठक कल यमुना प्राधिकरण पर सौपा जाएगा ज्ञापन**

कैम्प कार्यालय डूंगरपुर रीलखा पर सम्पन्न हुई इस दौरान संगठन के ज़िलाध्यक्ष अरविन्द सैकेटरी ने बताया कि 23 दिसम्बर को जेवर टोल पर 8 सूत्री मांगों को लेकर किसान एकता



महासंघ के नेतृत्व पंचायत का आयोजन किया गया था ।पंचायत में जेवर टोल मैनेजर अनुज चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया था ज्ञापन के माध्यम से सभी मांगों को लेकर 15 दिनों का समय दिया गया लेकिन 15 दिन बितने पर भी किसानों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया ।संगठन के खिलाफ वादाखिलाफी की गयी है जो किसी भी किमत पर बर्दाश्त योग्य नहीं है। जिसके विरोध जेवर टोल पर जल्द ही बड़े आंदोलन घोषणा की जाएगी मांगें पूरी नही होने तक अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा एवं टोल फ्री भी किया जाएगा इन्हीं समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन शुक्रवार को यमुना प्राधिकरण सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस मौके पर मा इंद्रपाल, ओमकार नागर, राजवीर ठेकेदार,डा जाफर खान, राकेश चौधरी,अमित नागर, गजराज कसाना, गिर्राज कसाना, कर्मवीर भाटी, हरेन्द्र कसाना,जितेंद्र भाटी, टीकू नागर, नदीम बिडीसी, विपीन खटाना,देवेंद्र कसाना, टिटू कसाना, संजय कसाना, आमिर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# इनर व्हील क्लब ने किया नव वर्ष समारोह आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** इनर व्हील क्लब मोदीनगर इकाई द्वारा हाईवे पर स्थित एक होटल के सभागार मैं आयोजित नववर्ष समारोह के दौरान क्लब की पदाधिकारियों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नया साल बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।






समारोह का शुभारंभ समाजसेविका मीना तायल, बीना शर्मा तथा सुनीता शर्मा द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया। क्लब की अध्यक्षा आशा बंसल ने अपने संबोधन के जरिए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनर व्हील क्लब की मोदीनगर इकाई अपने विभिन्न प्रयासों के जरिए क्लब के उद्देश्यों की निरंतर पूर्ति कर रही है। जिसमें घरेलू महिलाओं को स्वावलंबी बनाना, स्कूल आदि को गोद लेकर स्कूल में सुविधाएं व विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री मुहैया कराना आदि कार्य शामिल हैं। आशा बंसल ने मीडिया कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, जो समस्याओं को बेबाकी के साथ उठाते हैं। समाज में फैली कुरीतियों पर भी वह निरंतर प्रहार करते हैं। जिससे समाज जागरूक होता है और परिवर्तन की ओर अग्रसर होता है। ऐसे पत्रकारों का मान सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। समारोह में आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेताओं को सम्मानित किया गया।

समारोह को सफल बनाने में ऋतु अग्रवाल, सरिता जैन, रेनू चौधरी, डॉ रीता बक्शी, रिचा बंसल, वंदना गर्ग, प्रतिभा गांधी, वंदना गर्ग पाखी, अनन्या, मीनाक्षी भटनागर, साधना नेहरा, विशाखा मित्रा, उर्मिला गुप्ता, विभा सिंघल, पूनम गर्ग, एकता चौधरी, पिंकीआदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# शोरूम से निकली कार सवारों ने नशे में रोड पर पलटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र में मोहननगर की तरफ जा रही तेज रफ्तार से यू टर्न लेने पर सफेद रंग की होंडा सिटी कार पलटी सभी सवार सही सलामत सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्याम पार्क निवासी कुछ लड़के न्यू होंडा सिटी कार शोरूम से लेकर तेज रफ्तार में श्याम पार्क जा रहे थे,मोहन नगर मंदिर के सामने यू-टर्न लेते ही कार सवार सहित पलट कर जर्जर हालत में हो गई, तभी मौके पर पहुंचे टीएसआई मृत्युंजय तिवारी ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मद्द से कार को सीधा कराया गया हालांकि कोई भी कार सवार इस हादसे में हताहत नहीं



हुआ कार काजल यादव के नाम रजिस्टर है मौके पर यातायात निरीक्षक अजय कुमार ने मय टीम के पहुंच कर वाहन चालकों पर प्रयाप्त कानूनी कार्रवाई की गई।

# निर्माणधिन साइट से चोरी करने वाले बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** गुरुवार तड़के दनकौर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई । इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया साथ ही उनके कब्जे से निर्माणधिन साइड से चोरी किए गए सामान व अवैध तमंचा कारतूस पुलिस ने बरामद किए हैं।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को थाना दनकौर पुलिस द्वारा गलगोटिया से सलारपुर अडंरपास की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर चेकिंग की जा रही थी तभी सामने से एक रैहडा पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हे रूकने का इशारा करने पर उनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में दोनो लोग गोली लगने से घायल हो गये। घायल बदमाशों की पहचान फिरोज पुत्र फत्ता निवासी ग्राम अट्टा फतेहपुर, थाना दनकौर,नासिर पुत्र नन्हे निवासी ग्राम अट्टा फतेहपुर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाशो के कब्जे से कब्जे से 02 अवैध तमंचे 04 कारतूस जिन्दा व 02 खोखा कारतूस, 10 सैटरिंग प्लेट भी बरामद की है। वहीं घायल बदमाशों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा दिया है।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने 3 दिसम्बर की रात्रि में यमुना प्राधिकरण निकट गाँव अट्टा फतेहपुर में पेटी ठेकेदार के यहां से सेटरिंग के 10 पीस चोरी कर लिये गये थे जिसके सम्बन्ध में थाना दनकौर पर मु0अ0सं0 04/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार बदमाशों के अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व इंजिनियर की हत्या के आरोप में 5 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के गांव ख्वाजपुर मे एक सप्ताह पहले हुई पूर्व इंजिनियर की मौत मामले मे मृतक के पुत्र ने पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




गांव ख्वाजपुर निवासी विश्वेंद्र ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि 4 जनवरी की शाम उनके पिता नरेंद्र सिंह घर मे सोये हुए थे, तभी गांव के ही टेकचंद, नारायन, तुषार, सुनील व पंकज हाथ मे लाठी डंडे लेकर घुस आये और उनके पिता पर जानलेवा हमला कर उनकी हत्या कर दी। इसी वक्त वह अपने भाई के साथ फरीदाबाद से गांव पहुंचा तो उसने आरोपियों को घर से भागते हुए देखा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी किसी जमीन की खरीद को लेकर उनसे रंजिश मानते हैं, आरोपियों ने एक वर्ष पूर्व भी उनके ट्रैक्टर मे आग लगा दी थी और ट्रैक्टर की ट्राली चोरी कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पोस्टमार्टम के मौत का कारण हार्ट अटैक बता रही है।

**आयोजन** सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों से सर्वोच्च अनुशासन और निष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया

# 57 सीबीआई सब-इंस्पेक्टरों (29वें बैच) की पासिंग आउट परेड (पीओपी) आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के 57 उप-निरीक्षकों (29वें बैच) की पासिंग आउट परेड (पीओपी) सीबीआई अकादमी, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में आयोजित की गई। समारोह के दौरान सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद मुख्य अतिथि थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों और उनके परिवारों को सीबीआई अकादमी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बधाई दी, जिसमें आधुनिक और नए युग के जांच उपकरणों सहित जांच के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया ताकि वे भविष्य के लिए तैयार रहें। उन्होंने युवा अधिकारियों के कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए सीबीआई अकादमी के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी सराहना की।

अधिकारियों की संरचना का उल्लेख करते हुए, श्री सूद ने संतोष व्यक्त किया कि इस बैच में महिला अधिकारियों की संख्या सबसे








अधिक है। श्री सूद ने कहा कि सीबीआई में मिनिस्टीरियल स्टाफ के रूप में काम करने से लेकर अब पुलिस अधिकारी बनने तक, इन अधिकारियों में बड़ा बदलाव आया है। ज्ञान के प्रति सदैव उत्सुक रहने का आह्वान करते हुए सीबीआई निदेशक श्री प्रवीण सूद ने छात्रों से कहा कि वे ज्ञान और कौशल उन्नयन की खोज में अपने वरिष्ठों से प्रश्न पूछने में कभी संकोच न करें। अधिकारियों से सीबीआई के आदर्श वाक्य उद्योग, निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा से प्रेरणा लेने का आग्रह करते हुए, सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने अनुशासन के उच्च मानदंडों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे पुलिस अधिकारी के रूप में चौबीसों घंटे, बिना किसी उंगली उठाए, त्रुटिहीन आचरण के साथ काम करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीबीआई किसी भी चूक के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति रखती है और इस बात पर जोर दिया कि किसी को लाभ पहुंचाने या नुकसान पहुंचाने के लिए की गई गलतियों को माफ नहीं किया जाएगा। श्री सूद ने अधिकारियों के परिवारों से भी आह्वान किया कि वे अपने अधिकारियों का समर्थन करें, जिन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अधिक त्याग करना होगा। सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 18 जून 2024 को अपने बुनियादी प्रशिक्षण के लिए सीबीआई अकादमी में शामिल हुए उप-निरीक्षकों का 29वां बैच 9 जनवरी 2025 को पास आउट होगा। माननीय निदेशक सीबीआई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। पासिंग आउट समारोह। इस बैच में विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि के 57 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें 25 बी.ए. डिग्रीधारी हैं। डिग्री, 8 बी.कॉम., 12 बी.एससी., 2 बी.टेक., 1 बीसीए, 8 एम.ए. और 1 एम.कॉम. अपना संस्थागत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, अधिकारी अब सीबीआई की विभिन्न शाखाओं में शामिल होने के लिए तैयार हैं, जिससे एजेंसी के कार्यबल को मजबूती मिलेगी और कानून को बनाए रखने की प्रतिबद्धता होगी। यह समारोह देश की प्रमुख जांच एजेंसी में उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

समारोह के दौरान, सीबीआई के निदेशक श्री प्रवीण सूद ने विजेता प्रशिक्षु अधिकारियों को पदक और ट्रॉफी भी वितरित की। श। प्रदीप कुमार को ह्लसर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एसआई प्रशिक्षु के लिए डीपी कोहली ट्रॉफीह्व और ह्लइंडोर स्टडीज के लिए डीसीबीआई ट्रॉफीह्व से सम्मानित किया गया। सुश्री दिव्या त्रिवेदी को ह्लसाइबर अपराध जांच के लिए ट्रॉफीह्व से सम्मानित किया गया, जबकि सुश्री के.एस. मेघा को ह्लसमर्पण और अनुकरणीय आचरण के लिए सीबीआई अकादमी ट्रॉफीह्व और श्री. सिया राम मीना ने ह्लसर्वश्रेष्ठ आउटडोर के लिए जॉन लोबो ट्रॉफीह्व जीती।एन वेणुगोपाल, अतिरिक्त निदेशक सहित सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी; मनोज शशिधर, अपर निदेशक; एवाईवी कृष्णा, अतिरिक्त निदेशक; डॉ. पद्मिनी सिंह, अभियोजन निदेशक; उन्होंने अन्य विभागों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ समारोह में भाग लिया।

# आईपीएस अजय पाल शर्मा का डीआईजी के पद पर प्रमोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** एनकाउंटर स्पेशलिस्ट आईपीएस अजय पाल शर्मा का डीआईजी के पद पर प्रमोशन हो गया है। फिलहाल उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रयागराज कुम्भ मेले में

## कुंभ मेले में एडिशनल पुलिस कमिश्नर का भी मिला चार्ज

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भी बनाया गया है। तेजतर्रार और काबिल अधिकारी, आईपीएस अजय पाल शर्मा को महाकुंभ 2025 के नोडल पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। प्रयागराज में एडिशनल पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनात अजय पाल शर्मा को महाकुंभ के एसएसपी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी सीधे रिपोर्ट करेंगे। उत्तर प्रदेश कैडर के इस अनुभवी अधिकारी को उनकी दक्षता और कार्यकुशलता के लिए जाना जाता है। बुधवार को उन्होंने जिलाधिकारी प्रयागराज के साथ मेले की तैयारियों का जायजा भी लिया। प्रमोशन होने पर गुलमोहर एन्क्लेव निवासी गौरव बंसल ने आईपीएस अजय पाल शर्मा को फोन कर बधाई दी है। विभागीय कार्यवाही समाप्त होने के बाद राज्यपाल की स्वीकृति मिलने पर आईपीएस अजय पाल शर्मा का प्रमोशन हुआ है। इससे पहले अजय पाल शर्मा एसपी सिटी गाजियाबाद रहे हैं। जौनपुर में भी वह एसपी रह चुके हैं। गौरव बंसल ने कहा कि गाजियाबाद और नोएडा से अजय पाल शर्मा का पुराना नाता रहा है। 2011 बैच के आईपीएस अजय पाल शर्मा की आक्रामक शैली और सख्त कदमों ने अपराधियों के बीच एक डर का माहौल उत्पन्न किया है। उनके नेतृत्व में पुलिस ने न केवल अपराधियों का सफाया किया बल्कि अपराध पर भी प्रभावी ढंग से नियंत्रण रखा। उन्होंने अब तक लगभग 300 एनकाउंटर किये हैं। उनकी कार्यशैली ने उन्हें यूपी पुलिस में एक विशेष पहचान दिलाई है और उनकी काबिलियत ने उन्हें एक सफल और प्रभावशाली अधिकारी बना दिया और लोग उन्हें सिंघम के नाम से जानने लगे।







गाजियाबाद । आज भाजपा संगठन के विशाल समुद्र में मैंने भी अपनी कार्यकर्ता स्वरूपी छोटी सी किश्ती को भाजपा महानगर गाजियाबाद के अध्यक्ष पद के आवेदन के रूप में बड़ी पतवारों के हाथों में सौंप दिया। वैसे तो पता ही है मैं भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता हूं। प्रदेश सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी जी एवं गाजियाबाद महानगर चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ नाथ सिंह जी को भाजपा मुख्यालय पर भाजपा महानगर अध्यक्ष हेतु अपना आवेदन पत्र सौंपा।

# राजनगर मंडल के नए अध्यक्ष बने नीरज त्यागी, संगठन में रणनीतिक कौशल की जीत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राजनगर मंडल में पिछले एक महीने से चल रही अध्यक्षीय चयन प्रक्रिया आज नतीजे पर पहुंच गई। संगठन की ओर से नीरज त्यागी को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया। यह निर्णय न केवल संगठन के मूल्यों और नीतियों को दशार्ता है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में शामिल सभी कार्यकर्ताओ के समर्पण और रणनीतिक कौशल की मिसाल भी है। इस दौरान कई नाम चर्चा में रहे, लेकिन नीरज त्यागी की कड़ी मेहनत और सही दिशा में मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। संगठन में कुशल रणनीतिकार के रूप में पहचाने जाने वाले वरिष्ठ नेता, संगठन शिल्पी तथा महानगर में लंबे समय से पदाधिकारी के रूप में सदैव सक्रिय रहकर कार्य करने वाले नेता ने इस प्रक्रिया में अपनी सूझबूझ और धैर्य से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं शिव हूं, और सबका विष पीकर भी संगठन की भलाई के लिए तत्पर हूं," यह कथन उनके दृढ़ विश्वास और सेवा भावना को दशार्ता है। उनकी इसी दृष्टि और नेतृत्व ने न केवल राजनगर मंडल को एक नया अध्यक्ष दिया, बल्कि कार्यकर्ताओ के मनोबल को भी ऊंचा किया। यह जीत संगठन के लिए एक नई दिशा और मजबूती का संकेत है। नीरज त्यागी को अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओ में उत्साह है, और यह निर्णय संगठन के उज्जवल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम माना जा रहा है।



# चौधरी हरेंद्र सिंह को निर्विरोध महाराजा सूरजमल जाट उत्थान संस्था अध्यक्ष चुना गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महाराजा सूरजमल जाट उत्थान संस्था के नए अध्यक्ष का निर्विरोध सर्वसम्मति से चौधरी हरेंद्र सिंह जी को चुन लिया गया महासचिव योगेंद्र सागवान जी कोषाध्यक्ष अनुज चौधरी उपाध्यक्ष मनोज चौधरी युवा सभा के अध्यक्ष जीत चौधरी विश्वास चौधरी महासचिव महिला सभा की अध्यक्ष कविता चौधरी महासचिव विजेंद्र सिंह को बनाया गया रविवार 5 जनवरी 2025 ऑक्सफोर्ड स्कूल खोड़ा कॉलोनी दीपक विहार मैं चुनाव कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चौधरी जी ने की चौधरी हरेंद्र सिंह ने जाट समाज को आगे ले जाने का आवाहन किया चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह तोमर जी एवं सात सदस्य रहे ओमप्रकाश तेवतिया जगपाल चौधरी राजवीर चौधरी जगबीर चौधरी राजू चौधरी बाबूराम मांन रामवीर सिंह उन्होंने निर्विरोध चुनाव संपन्न करने में समाज का आभार जताया इस मौके पर पिंटू चौधरी सुनील ढाका राजीव ढाका विक्रम सिंह चौधरी नागेंद्र सिंह चौधरी ललित सिंह ढाका चौधरी बॉबी सिंह रिंकू चौधरी पिंटू चौधरी केवल वाले अंकुश चौधरी तेवतिया चौधरी वीरेंद्र मलिक बाबूराम चौधरी कृष्ण गोपाल चौधरी प्रमोद चौधरी राजीव ढाका चमन लाल सिंह देवेंद्र बृजवासी जी राकेश चौधरी जी सतवीर सिंह केपी सिंह श्यामवीर सिंह डागर आदि रहे।







# महाकुंभ जन जागरण यात्रा में मुख्य अतिथि रुप के शामिल हुए संसदीय अध्ययन समिति के सभापति डॉ.सुरेंद्र चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रयागराज गुरुवार को गोहानिया जारी बाजार से होते हुए एक महाकुंभ जन जागरण यात्रा निकाली गयी, जो काटी में जाकर समाप्त हुई। इस महाकुंभ जन जागरण यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री डॉ. सुरेंद्र चौधरी शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पर महाकुंभ जन जनजागरण यात्रा में शामिल डॉ. सुरेंद्र चौधरी व अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर संसदीय अध्ययन समिति के सभापति डॉ. सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि 13 जनवरी से शुरू होने जा रहा महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा सनातनी आयोजन होने जा रहा है, जो बहुत दिव्य व भव्य है। इस बार महाकुंभ की तैयारियों व व्यवस्थाएं सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की देखरेख में हो रही हैं। यही कारण है कि महाकुंभ में अभूतपूर्व व्यवस्था व सुविधाएं देखने को मिल रही हैं। डॉ. सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि महाकुंभ में देश विदेश से 40 करोड़ सनातनियों के आने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार ने सभी आगन्तुकों की सुरक्षा, रहने खाने से लेकर सभी आवश्यक उपलब्ध कराने की डिजिटली शानदार व्यवस्थाएं कर रखी है। इसके लिए मुख्यमंत्री व उनकी टीम बधाई के पात्र तो हैं ही, आधुनितक सुविधाओं के लिए साधु संतों, अखाड़ों व हजारों धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से साथ-साथ जनता जनार्दन का सहयोग के लिए हृदय से आभार है।

महाकुंभ जन जागरण यात्रा में मुख्य अतिथि रुप संसदीय अध्ययन समिति के सभापति डॉ. सुरेंद्र चौधरी के साथ पूर्व विधायक पंडित, उदयभान करवरिया, काशी क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा महामंत्री सुनील पटेल, शुभम पटेल आदि अनेक भाजपाई थे। यह जानकारी डॉ सुरेंद्र चौधरी सभापति संसदीय अध्ययन समिति राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता जितेंद्र गौड धोबी ने दी है।



# महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्रों का वितरण और जमा प्रक्रिया हुई संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में आज महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्रों का वितरण और जमा प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यकताओं ने अपने आवेदन पत्र को प्रस्तावक, समर्थक और दो बार की सक्रियता का विवरण भरने के बाद प्रदेश सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी और महानगर चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ नाथ सिंह को सौंपा। महानगर अध्यक्ष पद के लिए 63 कार्यकताओं ने आवेदन पत्र लिए और जमा किए । कार्यालय में कार्यकताओं और नेताओं की भारी भीड़ देखी गई, जहां हर कोई महानगर अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करने में जुटा हुआ था।महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने वालों में. 63 लोगों की रही भागीदारी।





# सनसनीखेज: मरवाने के लिए पीछे लगाए गुंडे, डॉक्टर ने पत्नी पर लगाए यह संगीन आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** इंदिरापुरम की एटीएस सोसायटी से एक बड़ी सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां रहने वाले एक डॉक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में पत्नी से ही जान का खतरा बताया है।

डॉक्टर का आरोप है कि पत्नी उसे मरवाना चाहती है, इसके लिए उसने गुंडे हायर किए हैं जो रास्ते में आते जाते डॉक्टर का पीछा करते हैं। डॉक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है? कि उसकी पत्नी की एक विदेशी युवक के साथ दोस्ती हो गई है। सोशल मीडिया के जरिए संपर्क बना और दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ने लगा। डॉक्टर का आरोप है कि विदेशी प्रेमी की मदद से पत्नी उसे मरवाना चाहती है। पत्नी के मोबाइल से मिली अश्लील चैट और वीडियो काफी समय से सोशल मीडिया पर विदेश में रहने वाले एक रहने वाले युवक से डॉक्टर की पत्नी संपर्क में है। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि पत्नी के व्यवहार में परिवर्तन देखकर पत्नी को मोबाइल चेक किया तो यह जानकारी मिली। विदेशी युवक की पत्नी के साथ हुई अश्लील चैट और विदेशी मित्र द्वारा भेजे गए अश्लील वीडियो भी उन्हें मोबाइल में मिले हैं। डॉक्टर का कहना है कि पत्नी को विदेशी युवक से संपर्क तोड़ने के लिए कहा तो वह नाराज हो गई और प्रेमी की मदद से से जान से मरवाने की धमकी दे दी। पुलिस कर रही मामले की जांच एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि डॉक्टर की तहरीर के पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने पत्नी के इशारे पर कुछ युवकों के द्वारा पीछा किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। डॉक्टर का कहना है कि यह सब पत्नी के विदेशी मित्र की मदद से कराया जा रहा है। डॉक्टर को पत्नी से जान का खतरा होने की खबर से पुलिस भी चौंक गई है।

# युवा खेलों को मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ करियर के अवसरों के रूप मे भी अपनाए : देवेंद्र कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नेहरू युवा केंद्र हापुड़ ने उपनिदेशक देवेंद्र कुमार के निर्देशन में वी एन पब्लिक स्कूल पिलखुआ में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीएन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल नागेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिताओं में टीम खेल मे लड़कियों की कबड्डी, लड़कों की वॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में लड़कों की कुश्ती तथा 400 मी दौड़' लड़कियों के लिए बैडमिंटन तथा स्लो साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया की इन खेलकूद प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं के बीच खेल के प्रति बढ़ावा देने तथा उन्हें अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना है ' युवाओं को एक मंच उपलब्ध कराना है ताकि वह अपनी प्रतिभा को दिखा सके।खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बड़ा प्रभाव डालते है। खेलो के द्वारा हृदय के कार्यों में सुधार, मधुमेह के जोखिम को कम करने, हड्डियों को बेहतर बनाने और मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद मिलती है। हम खेलो के द्वारा युवाओं की प्रतिभा को ब्लॉक स्तर से निकाल कर जिला स्तर, राज स्तर, राष्ट्रीय स्तर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं ।अंत में पुरस्कार वितरण श्री नागेंद्र सिंह, प्रिंसिपल वी एन पब्लिक स्कूल , देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र हापुड़, सौरभ तोमर द्वारा किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम लाखन की तनु सैन ,भानु प्रिया, कंचन, तुलसी,प्रज्ञा,अंशी सागर,टीम रही । दूसरा स्थान ,पल्लवी, वंशु, हिमांशी, तनिष्का, हर्षिता, लवली,खुशी शर्मा , यशी शर्मा बैडमिंटन बालिका वर्ग में प्रथम वंशु, दूसरा स्थान भानु प्रिया , तृतीय स्थान मनुष्का ।स्लो साइकिलिंग रेस में बालिका प्रथम खुशी, दूसरा स्थान वैष्णवी तीसरा स्थान वंशु,वॉलीबॉल बालक वर्ग प्रथम गोहर अकेडमी पिलखुवा दूसरा स्थान जटपुरा ने प्राप्त किया।400 मीटर बालक वर्ग मे प्रथम आदित्य यादव दूसरा स्थान निशु तीसरा स्थान प्रशांत ने प्राप्त किया ।कुश्ती बालक वर्ग प्रथम प्रशांत दूसरा स्थान पीयूष तीसरा सुमित ऑफिसिल की भूमिका निभा रहे सचिन रावत, चौधरी, नितिन रावत, आकाश,ऋत्विक रावत ,शिवम, सुहान,राजीव हिमांशु, अभय तोमर तालिब अन्य लोग उपस्थित रहे। नेहरू युवा मंडल, खेड़ा के अध्यक्ष सौरभ तोमर ने खेल के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । देवेंद्र कुमार नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार।







## गिरफ्तारी

## कब्जे से चोरी का करीब 15 लाख रुपए का माल बरामद क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट

# क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पुरूस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा गाजियाबाद, दिल्ली एन0सी0आर क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब व मध्यप्रदेश में जिओ व एयरटेल कम्पनी के मोबाइल टावरों से आर0आर0 यूनिट, बैट्री व अन्य इलैक्ट्रानिक डिवाईस चोरी कर उसे भारी दामों मे विदेशों में बेचने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सक्रिय सदस्य तथा थाना वेव सिटी से वाँछित/पुरस्कार घोषित 01 शातिर अभियुक्त को थाना वेवसिटी क्षेत्र से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गयी है, गिरफ्तार अभियुक्त से मोबाइल टावरों से चोरी 02 रेडियो रिसीवर यूनिट बरामद हुई है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये है। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर डी0सी0पी0 ग्रामीण गाजियाबाद द्वारा 25,000 रुपए का पुरूस्कार पूर्व से घोषित है। पूछताछ का विवरण- पूछताछ पर अभियुक्त इरशाद ने बताया कि उसने 8वीं पास करने के बाद पढाई छोड दी और कबाड का काम करना शुरू कर दिया । पहले 5-6 साल दिल्ली में फेरी करके कबाड लेता था और मुस्तफाबाद मे बेच देता था, बाद में दिल्ली छोडकर जाकिर कालोनी मेरठ में गोदाम बनाकर मेरठ व उसके आस-पास फेरी करके कबाड की दुकानों से कबाड लेने व बेचने का काम करने लगा । वही पर जाकिर कालोनी में ही इरशाद की मुलाकात वसीम मलिक से हुई जिसने उसे मोबाइल टावरों के आर0आ?0यू0 व अन्य उपकरणों के बारे बताया । इन चोरी के उपकरणों के खरीदने बेचने में लाखों का मुनाफा होता है । वसीम ने इरशाद को साहिल व राहुल से मिलवाया जो आर0आर0यू0 की चोरी करते थे । इरशाद ने पूछने पर बताया पिछले कुछ वर्षों से मोबाइल टावरों की बैट्री, रेडियो रिसीवर यूनिट व अन्य इलैक्ट्रोनिक डिवाईस की चोर बजारी में काफी माँग चल रही है, मोबाइल टावरों पर लगे उपकरण काफी मँहगे होते है । इरशाद चोरो से चोरी का माल लेकर उसे सुरक्षित तरीके से वसीम को देता था जिसमें एक आर0आर0यू0 की खरीद-फरोख्त में इरशाद को 10,000 रू0 का फायदा होता था ।इरशाद ने यह भी बताया कि मोबाइल टावरों से आर0आर0यू0, बी0बी0यू0, बैट्री व अन्य इलैक्ट्रोनिक उपकरणों को चोरी करने से लेकर देश से बाहर भेजने तक इनका एक संगठित गिरोह है इनके गिरोह में इसके अलावा शाहरूख मलिक, वसीम मलिक, नईम मलिक, फईम मलिक, अनवर मलिक, अनस, साहिल मलिक, कय्यूम, गोल्डी उर्फ फरहान, जावेद, जाकिर, राहुल, कासिम, हाजी जावेद, खालिद उर्फ मुल्ला गिरोह के सक्रिय सदस्य है । इनके गिरोह मे फईम व नईम पहले अन्तर्राष्ट्रीय आर0आर0यू0 तस्कर जावेद मीरापुरिया के गैंग मे काम करते थे फिर धीरे-धीरे इन्होने अपना एक अलग गिरोह बना लिया । गिरोह के कुछ सदस्य दिन में कबाडे की फेरी करके कबाडे का काम करते है और जिस मोबाइल टावर से इनको चोरी करनी होती है उसको ये लोग दिन के समय ही कबाडे की फेरी करते हुए चिन्हित कर लेते है घटनास्थल पर जाने के लिए गाडी की इन्तजाम शाहरूख, वसीम व गोल्डी उर्फ फरहान करते है रात्रि के समय में ये उपलब्ध गाडियों से ये लोग चिन्हित किये हुए टावर पर पहुँचते है और इनके 2-3 साथी मोबाइल टावर पर चढ जाते है और औजारों की मदद से उसमें लगे आर0आर0यू0 व बी0बी0यू0 व अन्य कीमती इलैक्ट्रोनिक उपकरण चोरी कर लेते है, चोरी करने के बाद चोरी का सामान ये लोग उसी गाडी मे रखकर फरार हो जाते है । चोरी किये गये माल को बेचने के लिए शाहरूख, वसीम मलिक, नईम मलिक, अनवर मलिक, अनस, हाजी जावेद, खालिद उर्फ मुल्ला को पहुँचाते है फिर ये लोग माल को प्लास्टिक के कवर लगाकर पैक करके फईम को देते थे और फईम उस माल को हाँगकाँग (चीन) भिजवाता था । पूछताछ करने पर पकडे गये अभियुक्त उपरोक्त ने यह भी बताया कि हमारा गिरोह पंजाब, राजस्थान, पश्चिमी बंगाल, बिहार, असम, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गाजियाबाद, नोएडा दिल्ली एन0सी0आर0 व पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे कई स्थानों पर मोबाइल टावरो से रेडियो रिसिवर यूनिट, बैट्री व अन्य कीमती उपकरण चोरी करता है । पूछताछ पर मोबाइल टावरो से रेडियो रिसीवर यूनिट, बैट्री व अन्य कीमती उपकरण चोरी करने वाले अन्य अपराधियों के सम्बन्ध में कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिली हैं। जिसके आधार पर टीमें बनाकर माल बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु दबिशें दी जा रही हैं। अब तक क्राईम ब्रान्च द्वारा मोबाइल टावरो से चोरी करने वाले गैंगो के करीब 45 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे भारी मात्रा में मोबाइल टावरों के उपकरणों की बरामदगी की जी चुकी है। निश्चित रूप से इस प्रकार की पुलिस कार्यवाही से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व आस-पास के क्षेत्रों में मोबाइल टावरों से रेडियो रिसिवर यूनिट, बैट्री व अन्य कीमती उपकरणों की चोरी पर रोक लगेगी।



# व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में तीन टीमों का गठन, पुलिस ने व्यापारी को कराई सुरक्षा मुहैया बदमाश की तलाश में जुटी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** व्यापारी ने रंगदारी मामले के मामले में पुलिस ने व्यापारी को सुरक्षा मुहैया कराने के साथ - साथ मामले में तीन टीमें गठित कर मामले में जांच शुरू कर दी है। वही घटना की जानकारी के बाद पीडित के घर उसके शुभचिंतक पहुंचकर उसे सांत्वना देते नजर आएं। सोमवार की रात्रि नगर के जाट कॉलोनी में हॉर्डवेयर व टाईल्स की दुकान करने वाले व्यापारी आबिद सैफी के पास रात्रि के समय एक अंजान नंबर से कॉल आई थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को पानीपत का बदमाश सुरेन्द्र काला बताते हुए व्यापारी से 50 लाख रूपए व काले रंग की फॉर्च्यूनर कार की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी मांगन वाले ने व्यापारी को 24 घंटे की समय देते हुए उसकी मांग ना मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। व्यापारी के द्वारा बुधवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर घटना की सूचना थाना प्रभारी क्षितिज कुमार को देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने व्यापारी की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी है। वही मामलें में तीन टीमों को घटना के खुलासे में लगाया है। पुलिस घटना में कई बिन्दुओं को आधार बनाकर मामले की जांच कर रही है, मामले में थाना प्रभारी क्षितिज कुमार का कहना है कि जल्द ही घटना का पटाक्षेप कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



# फैक्ट्रियों के जमीन घोटाले में धौलाना तहसील प्रशासन ने नहीं हटाया अवैध कब्जा, ग्राम प्रधान पहुंचे हाईकोर्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/धौलाना।** धौलाना तहसील में भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित करने की एक होड़ सी लगी हुई है । पहले तो ले आउट घोटाला किया गया । जिसमें तहसील भवन निर्माण नीयत भूमि से कम रकबे पर करते हुए । बची जमीन को करोड़ों रु में डीलरो के सुपुर्द कर दी गई । अब फैक्ट्री निर्माण का सिलसिला चला तो बेशकीमती ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करा दिया गया । बार बार सरकारी जमीन का बड़ा घोटाला कर दिया जाता है । और अफसर निरंकुश बने रहते है । इसी कड़ी

- **धौलाना की बेशकीमती ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर खड़ी कर दी गई फैक्ट्री**
- **धौलाना ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने मुख्यमंत्री सहित कमिश्नर व डीएम से की थी शिकायत, नतीजा सिफर ही रहा**

में धौलाना ग्राम सभा की बेशकीमती बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा कर फैक्ट्री खड़ी कर दी गई । ग्राम सभा की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए धौलाना ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने मुहिम शुरू की थी । जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री, कमिश्नर, डीएम हापुड़ को शिकायती पत्र भेज धौलाना के गुलावटी मार्ग पर एस आई टी द्वारा की गई जांच में गलत पाए गए पट्टो को अवैध रूप से भू माफियाओं द्वारा करोड़ो में बिक्री कर दिया गया । प्रधान अतीक इस ग्राम सभा की जमीन पर धौलाना के जनमानस के लिए जल्द ही बारात घर बनाए जाने का प्रस्ताव कराने को लेकर लगे थे । लेकिन अधिकारियों ने ऐसी गुना भाग की और उस जमीन पर अवैध कब्जा करा दिया । जिस पर प्रीत नाम की फैक्ट्री खड़ी करा दी गई । जिससे धौलाना ग्राम सभा की जमीन को नेस्तनाबूद करने का कुचक्र रचा गया । इसी तरह पिलखुवा मार्ग पर किसानों की चकरोड, नाली , खेतों के आवागमन के रास्ते सहित ग्राम सभा की जमीन के बड़े भूभाग पर एक शीतल पेय मुन बेवरेज कंपनी का अवैध कब्जा करा दिया । इसी तरह ककराना गेट के पास और कंदौला रजवाहे के पास ग्राम सभा की जमीन के बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा कराया गया । इसी तरह कंदौला के निकट मिश्रण प्लांट बनवा दिया गया ।प्रधान अतीक अहमद ने बताया की स्थानीय स्तर पर ना जाने क्यों कार्रवाई नही की गई और एक और घोटाला तहसील से जुड़ गया ।

बताया जाता है की पूर्व में इन पट्टो के बैनामा पर रोक लगी थी । लेकिन ये रोक केसे एकदम खुल गई ये समझ से परे है । पर कोई कार्रवाई नही होने पर मिलीभगत से करोड़ो का बड़ा खेला कर दिया गया । धौलाना ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने मुख्यमंत्री, कमिश्नर, प्रमुख सचिव सहित हापुड़ डीएम को शिकायती पत्र सोप कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्राम प्रधान ने हाईकोर्ट का रुख किया है ।







घोटाले की जानकारी देते धौलाना ग्राम प्रधान अतीक




ग्राम सभा की जमीन घेर कर बनी फैक्ट्रीया

# मुख्यमंत्री के मंच से महिला थाना प्रभारी अरुणा रॉय लखनऊ में शौर्य पुरस्कार से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** महिला थाना प्रभारी अरुणा राय को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को जागरूक करने और अपराध पर अंकुश लगाम लगाने के लिए शौर्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनको यह पुरस्कार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में मिला। दोनों ने महिला थाना प्रभारी के कार्यों की प्रशंसा की।

महिला थाना प्रभारी अरूणा राय ने बताया कि प्रदेश सरकार का सबसे महत्वपूर्ण मिशन मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला थाना टीम द्वारा जगह-जगह पर महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल भी लगाई गई। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और युवतियों के संचालित की जा रही योजनाओं के साथ-साथ हेल्पलाइन नंबरों को भी दबोचा था। उन्होंने बताया कि बीती 06 जनवरी को लखनऊ में एक कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में किया गया। जिसमें उपमुख्यमंत्री भी शामिल हुए। जिसमें उन्हें शौर्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के तहत किए गए कामों की भूरी-भूरी प्रशंसा भी की।





# जेवर इंटरचेंज पर भूमि पुत्र ने धरना प्रदर्शन कर किया टोल फ्री

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** यमुना एक्सप्रेस व जेवर इंटरचेंज पर गुरुवार को बीकेयू भूमि पुत्र संगठन ने लोकल लोगों के लिए टोल फ्री किये जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया और मांग पुरी न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी। साथ ही टोल को कुछ देर के लिए टोल फ्री कर दिया।

वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओ को समझाबुझाकर शांत किया।

भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता गुरुवार को यमुना एक्सप्रेस व के जेवर इंटरचेंज पर पहुंचे और अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया। संगठन के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि करीब एक साल से लोकल

**वहीं सूचना पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर सुनील भारद्वाव ने कार्यकर्ताओ को समझा बुझाकर शांत किया**

लोगों के लिए आईडी के आधार पर टोल फ्री किये जाने की मांग कर रहे हैं, अधिकारीयों द्वारा हर बार आश्वासन दिया जाता है, लेकिन कोई कार्यवाई नहीं होती। जिससे नाराज होकर आज धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही कुछ देर के लिए टोल फ्री भी किया गया। उन्होंने कहा कि जब बच्चे जेवर पढ़ने आते है या नॉएडा पढ़ने जाते हैं तो उनसे टोल लिया जाता है। किसानों को तहसील मे बहुत से कार्य होते है, जिसके लिए उनको यहाँ आना जाना पढ़ता है और वह भी टोल देकर आते जाते हैं, जो अन्याय है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। अगर उनकी मांग को नहीं माना गया तो वह आत्मदाह करेंगे। वहीं सूचना पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर सुनील भारद्वाव ने कार्यकताओं को समझा बुझाकर शांत किया। जिसके बाद कार्यकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

# ईस्टर्न पेरीफेरल पर मेसेज से टोल फ्री सुविधा पर रोक से लोकशक्ति कार्यकर्ताओ में आक्रोश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के एयरपोर्ट रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर बीकेयू लोकशक्ति ने गुरूवार को एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें ईस्टर्न पेरीफेरल पर किसानों को टोल फ्री आवगवन के लिये मैसेज की सुविधा पर रोक लगाने पर आक्रोश का इजहार करते हुए इस सुविधा को फिर से चालू न करने पर 15जनवरी को टोल प्लाजाओं को फ्री करने की चेतावनी दी गई। बैठक में प्रयागराज में कुम्भ के दौरान संगठन के लगने वाले चिंतन शिविर की रूपरेखा भी तैयार की गई।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के तहसील मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि बैठक में ईस्टर्न पेरीफेरल पर किसानों को मैसेज के आधार पर टोल फ्री आवागवन की सुविधा को रोकने से संगठन के कार्यकर्ताओ में आक्रोश व्याप्त है। अगर सुविधा को शीघ्र सुचारू नहीं किया गया तो संगठन के कार्यकर्ता 15 जनवरी से अनिश्चितकाल के लिये ईस्टर्न पेरीफेरल के सभी टोल प्लाजा को फ्री करेंगे। उन्होने बताया कि 19 से 21जनवरी तक प्रयाग में महाकुम्भ मेले के सेक्टर6 में संगठन का चिंतन शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के नेतृत्व में देशभर के किसानों की अनेकों समस्याओं पर चिंतन करने के बाद समाधान के लिये रणनीति की घोषणा की जायेगी। बैठक में रवेन्द्र चौधरी, विनोद चौधरी, हरेन्द्र अत्री, अरूण अत्री, विश्वास नागर, करम इलाही, जफर नेता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**भ्रमण** | सभी 13 अखाड़ों में जाकर साधु-संतों से भेंटकर हाल-चाल जाना

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेले का भ्रमण किया : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में महंत हरि गिरि महाराज, महंत प्रेम गिरि महाराज समेत सभी संतों से भेंट की रात्रि विश्राम मेला क्षेत्र में ही किया और संतों के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया ।

प्रयागराजः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को महाकुंभ मेले का भ्रमण किया। उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं व सुविधाओं का जायजा लिया और सभी 13 अखाड़ों का भ्रमण कर साधु-संतों से भेंट की व उनका हालचाल भी जाना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम भी मेला क्षेत्र में ही किया। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, सचिव श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, मेला प्रभारी मेला प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती महाराज, रमता पंच के श्रीमहंत मोहन गिरि महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, अष्टकौशल मंहत योगेश्वरानंद गिरि महाराज समेत सभी साधु-संतों से भेंटकर उनका हालचाल जाना। साथ ही उनसे महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं व सुविधाओं को लेकर चर्चा की तथा महाकुंभ मेले को भव्य, दिव्य, ऐतिहासिक व यादगार बनाने के लिए सुझाव भी लिए। श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज महाकुंभ मेले को अब तक का सबसे भव्य व दिव्य बनाने के लिए प्रयासरत हैं। महाकुंभ मेले में विश्वभर से 50 करोड से अधिक ज्ञद्धालुओं व लाखों की संख्या में संतों के आने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं व संतों को मेले में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसी सुविधाएं व व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई हैं कि पूरे विश्व में सराहना हो रही है। प्रयागराज महाकुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और संतों व भक्तों क्रे लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं व व्यवथाओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बराबर नजर रखे हुए हैं। वें निरंतर मेले क्षेत्र का भ्रमण भी कर रहे हैं। इसी श्रृखला में उन्होंने गुरूवार को मेला क्षेत्र के साथ सभी 13 अखाड़ों का भ्रमण कर साधु-संतों से भेंट की। उन्होंने रात्रि विश्राम मेला क्षेत्र में ही किया और रात्रि का भोजन प्रसाद साधु-संतों के साथ ही ग्रहण किया।





# दलाल मुक्त हो धौलाना तहसील, दलालों के खिलाफ हो एफआईआरः विनोद शिशोदिया बार अध्यक्ष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । एक बार फिर धौलाना तहसील को दलाल मुक्त करने की मांग व्यापक स्तर पर शुरू हो गई है । इस बार

- **जल्द दलाल मुक्त ना होने पर तहसील गेट पर होगी द्लालो की सूची चस्पा**
- **दलालों के कारण अधिवक्ताओं के विधि व्यवसाय पर पड़ रहा है प्रभाव**
- **अधिकारियों से सीधे काम करा देते है दलाल**

इस मांग को वरिष्ठ अधिवक्ता और धौलाना तहसील बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया ने गति दी है । पूर्व में भी लोगो ने दलालों की तहसील एंट्री पर रोक की मांग की थी । लेकिन अपनी दुकान बंद ना हों जाए इस डर से अधिकारियों ने मामले में लीपा पोती कर दी थी । लेकिन इस बार इस मांग को धार दी है बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया ने । उन्होंने बताया की तहसील धौलाना दलालों के मकड़ जाल की गिरफ्त है । और अधिकारी इसमें खाद पानी देते चले आ रहे है । जिससे धौलाना में दलालों का वटवृक्ष बन चुका है । हम इन दलालों की सूची तैयार कर अधिकारियों को सौंपेंगे । यदि उसके बाद भी इन दलालों की तहसील एंट्री पर रोक नही लगाई जाती तो सूची को तहसील गेट, कलेक्ट्रेट और कमिश्नरी पर चस्पा करने की कार्रवाई की जायेगी । विनोद शिशोदिया ने बताया की स्थानीय अधिकारी भी इस और ध्यान दे । दलालों की एंट्री तहसील में निषेध की जाए । उन्होंने मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजने की तैयारी शुरू कर दी है । जिससे तहसील को दलाल मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त कर लोगो को सुलभ न्याय दिलाया जा सके ।



धौलाना तहसील बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया जानकारी देते हुए

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# विकसित भारत बनाने की यात्रा आगे बढ़ेगी



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है। केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है। ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है दूसरी जेपीसी बनी 'एक देश, एक चुनावइ के महत्वाकांक्षी कानून पर विचार करेगी। नव वर्ष 2025 की संभावनाओं का आकलन कई पहलुओं से किया जा रहा है। हर व्यक्ति के मन में यह सवाल उठ रहा है कि 2025 में भारत कैसा होगा? भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी? राजनीति के क्षेत्र क्या गतिविधियां होंगी? कौन कौन से विधायी कार्य लम्बित हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा? विपक्ष क्या वैसे ही राजनीति करता रहेगा, जैसे अभी कर रहा है? सनातनधर्मियों की ओर से सभ्यतागत न्याय सुनिश्चित करने के लिए जो पहल की जा रही है क्या वह जारी रह पाएगी? 12 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ का क्या संदेश देशवासियों के लिए होगा? वैश्विक पटल पर भारत की क्या स्थिति होगी? विश्व में युद्ध और तनाव का जो दौर चल रहा है वह 140 करोड़ भारतवासियों को कैसे प्रभावित करेगा और आम नागरिक का जीवन कैसा होगा? इनके अलावा भी निश्चित रूप से कुछ और प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर की खोज किसी न किसी रूप में हो रही होगी। इन समस्त प्रश्नों के बीच अगर एक वाक्य में 2025 की संभावनाओं का आकलन बताना हो तो कहा जा सकता है कि नव वर्ष सांगठनिक, विधायी और आर्थिक उपलब्धियों का वर्ष होगा। जब हम संगठन की बात करते हैं तो उसमें तमाम राजनीतिक दलों और सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन आ जाते हैं। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जिसने पिछले एक सौ साल में भारत की संस्कृति और धर्म के रक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक किया है। 12 वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, जहां देश के तमाम धार्मिक संगठन और अखाड़े एकत्र हो रहे हैं। सनातन धर्म से जुड़े समस्त संगठनों के लिए कोई नया दिशा निर्देश महाकुंभ से निकलेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलना है। अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री के लक्ष्मण की अध्यक्षता वाली कमेटी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कर्नाटक के बेलगावी में कार्य समिति की विशेष बैठक में संकेत दिया कि संगठन में इस वर्ष बदलाव किए जाएंगे। विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है। पिछले साल यानी 2024 में पूरे साल चुनाव होते रहे थे। पहले लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। यानी 2024 लोकसभा और आठ राज्यों के चुनाव का वर्ष था। वह सिर्फ भारत के लिए बड़ा चुनावी वर्ष नहीं था। दुनिया के महाशक्ति देशों में भी पिछले वर्ष चुनाव हुए। अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव हुआ तो ब्रिटेन और फ्रांस में संसद का चुनाव हुआ। कह सकते हैं कि 2024 में पूरा विश्व ही चुनाव में व्यस्त रहा था। नव वर्ष 2025 में भारत में सिर्फ दो राज्यों के चुनाव हैं। साल के आरंभ में दिल्ली का विधानसभा चुनाव है और वर्ष के अंत में बिहार का चुनाव है। इसके बीच केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है।

# कॉर्पोरेट बस्तर के सेप्टिक टैंक में दफ्न 'लोकतंत्र'



संजय पराते

यदि पत्रकारिता लोकतंत्र की जननी है या पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं, तो यकीन मानिए, 3 जनवरी की रात वह बस्तर के बीजापुर में एक राज्य-पोषित ठेकेदार के सेप्टिक टैंक में दफ्न मिली। लोकतंत्र की इस मौत पर अब आप शोक सभाएं कर सकते हैं, श्रद्धांजलि दे सकते हैं। जी हां, हम बात उस नौजवान की कर रहे हैं, जिसकी पत्रकारिता उसकी मौत के बाद भी कब्र से खड़ी होकर कांग्रेस-भाजपा को कटघरे में खड़ी कर रही है। हम बात उस मुकेश चंद्राकर की कर रहे हैं, जिसे 'इंडियन एक्सप्रेस' ने एक पत्रकार के रूप में ही पहचानने से इंकार कर दिया। हम बात उस नौजवान पत्रकार की कर रहे हैं, जिसकी मौत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि पूरी दुनिया में भारत को 'फ्लॉड डेमोक्रेसी' का दर्जा क्यों मिला हुआ है। पूरी दुनिया जब नव वर्ष का स्वागत कर रही थी, इस आशा के साथ कि नया साल मानवता के लिए पिछले से कुछ बेहतर, और बहुत बेहतर होगा ; छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर क्षेत्र के बीजापुर में पूरी खामोशी और योजनाबद्ध तरीके से नर-पिशाचों द्वारा मुकेश चंद्राकर के रूप में लोकतंत्र को सेप्टिक टैंक में दफ्न किया जा रहा था। ये वे नर पिशाच थे, जिन्हें 'दैनिक भास्कर' जैसा कॉरपोरेट मीडिया उनके कुकर्मों पर पर्दा डालने के लिए इस ब्रह्मांड के सबसे बड़े समाजसेवी, सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा, उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण के प्रणेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा था। मुकेश चंद्राकर की हत्या ने बता दिया है कि क्रोनी कैपिटलिज्म (परजीवी पूंजीवाद) ने जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर अडानी-अंबानी पैदा किए हैं, उसी तरह उसने स्थानीय स्तर पर भी जिन अडानियों-अंबानियों को पैदा किया है, उनमें से एक सुरेश चंद्राकर है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का मुख्य आरोपी वह व्यक्ति है, जिसे कांग्रेस-भाजपा ने बस्तर की लूट को सहज और निर्बाध बनाने के लिए अपनी सत्ता की ताकत का सहारा देकर पैदा किया है। आदिवासी विरोधी और मानवाधिकार विरोधी राज्य-प्रायोजित सलवा जुडूम ने जिन अपराधियों को पाला-पोसा-पनपाया है, सुरेश चंद्राकर उनमें से एक हैं। कुछ महीने पहले बाप्पी रॉय और उसके साथियों को रेत माफियाओं के खिलाफ रिपोर्टिंग करने पर गांजा तस्करी में फंसाने की कोशिश हुई थी। इस मामले में भी हमने पी. विजय जैसे एक और नर पिशाच को देखा था, जो सलवा जुडूम की ही उपज था और इस जुडूम के (खल)नायक एसआरपी कल्लूरी से जिसकी घनिष्ठता किसी से छुपी हुई नहीं है। इसी रेत माफिया ने पत्रकार कमल शुक्ला पर जानलेवा हमला किया था, जिसके वीडियो फुटेज आज भी हवा में तैर रहे हैं। लेकिन किसी हमलावार पर आज तक फैसलाकुन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इन अपराधियों के साथ तब के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के व्यक्तिगत और सांगठनिक संबंध आज भी कायम है। इन अपराधियों के इसी स्तर के संबंध अब भाजपा से भी बन चुके हैं। पूरे प्रदेश में ये अपराधी आज हत्यारे गिरोह में तब्दील हो चुके हैं। अब क्रोनी कैपिटलिज्म अडानी-अंबानी पैदा करने वाली एक आर्थिक प्रक्रिया ही नहीं है, एक राजनैतिक प्रक्रिया भी है, जो लोकतंत्र को सेप्टिक टैंक में दफ्न करने की ताकत रखती है।

छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पिछले 24 सालों में बस्तर में कई लाख करोड़ का खेल हो चुका है और यह सब विकास के नाम पर हुआ है। इसलिए 120 करोड़ का सड़क घोटाला कोई मायने नहीं रखता। बस्तर के विकास के लिए केंद्र से लेकर राज्य तक (चाहे किसी भी जगह सरकार कांग्रेस की रही हो या भाजपा की) और राजनेता से लेकर अधिकारी और ठेकेदार तक कमर कसे हुए हैं। बस्तर के विकास के लिए 6-लेनी सड़क चाहिए और सड़क बनाने के लिए फोर्स चाहिए। बस्तर के विकास के लिए नक्सल उन्मूलन की जरूरत है और इसके लिए फोर्स चाहिए। बस्तर के विकास के लिए संसाधनों का दोहन जरूरी है, इसके लिए कॉर्पोरेट चाहिए और इसके लिए भी फोर्स चाहिए। लेकिन बस्तर के विकास के लिए आदिवासी नहीं चाहिए, उनके लिए हॉस्पिटल, स्कूल, आंगनबाड़ी नहीं चाहिए। यदि विकास के नाम पर इन सबकी, दिखावे के लिए ही सही, कभी-कभार चिंता जताई जाएं, तो इसके लिए भी फोर्स चाहिए। सोशल मीडिया में अपनी टिप्पणी में पत्रकार सौमित्र रॉय ने ठीक ही लिखा है -- "यह भयानक विकास है। अपराधियों की सत्ता का विकास। संघियों का विकास। सत्ता को तेल लगाने वालों का विकास और गरीब आदिवासियों की हक की बात करने वालों का विनाश।" 'कॉर्पोरेट बस्तर' की यही सच्चाई है। इसी सच्चाई को अपनी त्वरित टिप्पणी में माकपा नेता बादल सरोज ने कुछ यूं बयान किया है -- "बस्तर सचमुच में एक जंक्शन बना हुआ है ; एक ऐसा जंक्शन जहां के सारे मार्ग बंद हैं : माओवाद का हौवा दिखाकर लोकतंत्र की तरफ जाने वाला रास्ता ब्लॉक किया जा चुका है। कानून के राज की तरफ जाने वाली पटरियां उखाड़ी जा चुकी हैं। संविधान नाम की चिड़िया बस्तर से खदेड़ी जा चुकी है। अब सिर्फ एक तरफ की लाइन चालू है : आदिवासियों की लूट, उन पर अत्याचार, सरकारी संपदा की लूट और उसके खिलाफ आवाज उठाने वालों का कत्ल करने की छूट।"





यही सच्चाई है, जिसे कांग्रेस-भाजपा दोनों मिलकर दबाना-छुपाना चाहते हैं। मुकेश की हत्या के बाद कांग्रेस-भाजपा एक-दूसरे पर जो आरोप-प्रत्यारोप लगा रही है, वह इसी मुहिम का हिस्सा है। वरना कौन नहीं जानता कि जो ठेकेदार कल तक तिरंगा लपेटे थे, आज वे भगवा धारण किए हुए हैं। कांग्रेस या भाजपा का होने या न होने का एक झीना-सा अंतर जो बचा हुआ था, वह भी सलवा जुडूम के दौर में खत्म हो गया था। महेंद्र कर्मा तब के भाजपा मंत्रिमंडल के 16वें मंत्री ठीक उसी प्रकार गिने जाते थे, जिस प्रकार बृजमोहन अग्रवाल कांग्रेस मंत्रिमंडल के 16वें मंत्री गिने जाते थे। अब हर खादी के नीचे खाकी है। कुछ अपवाद जरूर है और वे सम्मान के योग्य तो हैं ही, लेकिन उनके पास सत्ता की ताकत नहीं है।

खादी के नीचे की यही खाकी है, जो इस सवाल को पूछने से रोकती है कि गंगालूर से लेकर मिरतुर तक जो सड़क बनाई गई थी, वह थी किसके लिए? आदिवासियों के लिए या कॉरपोरेटों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों की लूट को ढोने के लिए? इस सड़क को बनाने का अनुबंध 16 टुकड़ों में बांटा गया था, फिर भी सभी टुकड़े सुरेश चंद्राकर की जेब में ही क्यों पहुंचे? जब एक किमी. सड़क निर्माण की औसत लागत लगभग एक करोड़ रुपए आती है, तो इस सड़क की लागत 56 करोड़ से बढ़कर 120 करोड़ कैसे और किनकी कृपा से हो गई? सड़क बनने से पहले ही पूरी राशि का भुगतान हो गया, तो इस 120 करोड़ के कितने टुकड़े हुए और किस-किसकी जेब में पहुंचे? जब एक सड़क के लिए पानी की तरह पैसे बह रहे हैं, तो सड़क को भी पहली ही बारिश में बहना ही था। इसमें किसी ठेकेदार का दोष कैसे हो सकता है! लेकिन यह सवाल तो पूछा ही जाना चाहिए कि इस हत्यारे ठेकेदार को तीन सशस्त्र जवानों का सुरक्षा चक्र क्यों और कैसे उपलब्ध कराया गया है? क्या यह सुरक्षा चक्र पत्रकारों की हत्या करने और लोकतंत्र को सेप्टिक टैंक में दफनाने के पुनीत कार्य के लिए दिया गया है?

सलवा जुडूम ने समाज के अंदर अपराधियों की फौज को तैयार किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इसे प्रतिबंधित करने के बाद भी आज भी यह अलग अलग रूपों में यह चल रहा है। सलवा जुडूम में जो एसपीओ बनाए गए थे, वे सभी पूर्व-नक्सली थे या नक्सली गतिविधियों से उनका घनिष्ठ संबंध रहा है। सलवा जुडूम ने नक्सलियों से जुड़े असामाजिक तत्वों द्वारा लूटपाट के अवैध कामों को वैधता देने का काम भी किया है। सुरेश चंद्राकर भी एसपीओ था और यह तय है कि आज भी नक्सलियों से उसके संबंध हैं। बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में इस संबंध के बिना कथित विकास का कोई काम नहीं हो सकता। यह भूतपूर्व नक्सली और वर्तमान सलवा जुडूम की अवैध संतान आज पूरे बस्तर को रौंदने की ताकत रखता है, तो कांग्रेस और भाजपा दोनों अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। यह आम चर्चा है कि बस्तर में सामने ठेकेदार होता है, पीछे कोई अधिकारी या राजनेता होता है। तो जिस सरकार और उसके प्रशासन को इस भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना था, वही इस भ्रष्टाचार का जनक है। क्रोनी कैपिटलिज्म में सरकार नाम की केवल छाया रह जाती है, जो जनता को भरमाती रहती है। असल नियंता, असल सूत्रधार तो सुरेश चंद्राकर जैसे हत्यारों के गिरोह होते हैं, जो आदिवासियों पर गोलियां भी बरसाते हैं, उनके घर-गांव जलाते हैं, बलात्कार करते हैं, मासूमों को जेल भी भेजते हैं और इसके खिलाफ उठने वाली हर लोकतांत्रिक आवाज को सेप्टिक टैंक में दफनाने की बर्बरता भी दिखाते हैं, क्योंकि सत्ता, कॉरपोरेट पूंजी की गुलाम बन जाती है और पूरे तंत्र को अपने हाथों में नचाने की ताकत समेट लेती है। सबको मालूम है कि बीजापुर के एसपी (पुलिस अधीक्षक) का सुरेश चंद्राकर से क्या संबंध है और हर किसी को यह लग रहा है कि मुकेश की हत्या के तार उससे भी जुड़े हैं, क्योंकि जिस सड़क घोटाले को मुकेश ने उजागर किया है, उस ठेके में सुरेश चंद्राकर का ही नहीं, बीजापुर के एसपी सहित कई नेताओं-अधिकारियों के हित जुड़े हैं। नक्सल इलाकों में हर निर्माण कार्य की देखरेख जिला प्रशासन द्वारा की जाती है। ऐसे में महीनों और सालों तक चलने वाले सड़क निर्माण के काम में गिट्टी की जगह बिछाई जाने वाली मिट्टी किसी भी जिम्मेदार की नजर में कैसे नहीं आई? अब इस घोटाले से प्रशासन के अधिकारी कैसे बरी हो सकते हैं? क्या इनमें से किसी भी घोटालेबाज को सरकार नामक संस्था ने आज तक छुआ है? पुलिस द्वारा सेप्टिक टैंक की खुदाई में आनाकानी करना अकारण नहीं था। गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद भी एसपी और पुलिस की निष्क्रियता अकारण नहीं थी। नर पिशाच सुरेश चंद्राकर का पुलिस की नाक के नीचे से आसानी से फरार होना क्या बताता है? इस मामले में भाजपा सरकार द्वारा एसआईटी के गठन का मतलब है, हत्यारों को बचाने के लिए मामले को ही कमजोर करना। एक ऐसी ही एसआईटी तब गठित हुई थी, जब भाजपा के सत्ता में आते ही संघी गिरोह से जुड़े गौ-गुंडों ने उत्तरप्रदेश से आए तीन मुस्लिम पशुपालकों की आरंग के पास महानदी पुल पर हत्या कर दी थी। बाद में इस एसआईटी ने, सरकार के स्पष्ट इशारे पर, हास्यास्पद निष्कर्ष पेश किया था कि तीनों ने आत्महत्या की है। गौ-गुंडों को बरी कर दिया गया था। फिर इस एसआईटी से क्या उम्मीद की जा सकती है? मुकेश हत्याकांड के बाद पुलिस अधीक्षक का बयान है -- "सुरेश चंद्राकर जगदलपुर में था, जब उसे इस घटना की जानकारी दी गई।" इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी के बारे में कितने मासूम हैं बेचारे एसपी! पत्रकार सुरेश महापात्र ने ठीक ही सवाल किया है : "मुकेश की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता के बारे में पुलिस का यह बयान क्या साबित करता है?" तो इस एसपी के बारे में, जिसकी गतिविधियां बताती है कि इस हत्या में उसका भी हाथ हो सकता है, एएसपी की एसआईटी क्या कर लेगी? क्या यह एसआईटी बीजापुर एसपी की कारगुजारियों को उजागर करेगी? इसलिए एक निष्पक्ष जांच की जरूरत है, जो इस पूरे माफिया गिरोह और उनके राजनैतिक आकाओं को बेनकाब करें।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# देश-हित में उत्तरदायित्व,कर्तव्यों की अवहेलना, सुविधा और अधिकारों की चाहत ज्यादा



संजीव ठाकुर

वर्तमान के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है। व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है।

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को मात दे पायेगा भारत?



डॉ. सत्यवान सौरभ

मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढाँचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। वायरस का प्रभाव क्षेत्रों में बढ़ने के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। चीन में, बढ़ी हुई निगरानी ने मानव मेटान्यूमोवायरसमामलों में वृद्धि का खुलासा किया है, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में, जो पता लगाने की दरों में वृद्धि का संकेत देता है। हालाँकि पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस ने दुनिया भर में बढ़ते श्वसन संक्रमण के कारण ध्यान आकर्षित किया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि मानव मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों का 3%-10% हिस्सा है, जिसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वायरस अक्सर फ्लू के मौसम में तेजी से फैलता है, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि होती है, जिससे यह मौसमी स्वास्थ्य खतरा बन जाता है। चीन में, फ्लू का मौसम मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मीडिया कवरेज में वृद्धि होती है। वर्षों से प्रचलन में होने के बावजूद, भारत सहित कई देशों में मानव मेटान्यूमोवायरस के लिए व्यापक और किफायती परीक्षण बुनियादी ढांचे का अभाव है। जबकि वैश्विक एजेंसियां मानव मेटान्यूमोवायरस की निगरानी करती हैं, फिर भी कई क्षेत्रों में इसका पता लगाने और रिपोर्ट करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शुरूआती हस्तक्षेप प्रभावित होते हैं। वायरस पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों जैसे कुछ कमजोर समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है। मानव मेटान्यूमोवायरस छोटे बच्चों, विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करता है, जिन्हें गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने का अधिक जोखिम होता है। बुजुर्ग, विशेष रूप से वे जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या है, मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण से गंभीर परिणामों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। चीन में, बुजुर्गों में मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है, जिससे वृद्ध आबादी की कमजोरी उजागर हुई है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को मानव मेटान्यूमोवायरस से गंभीर संक्रमण का अधिक जोखिम होता है, जिसके लिए गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है। एचएमपीवी के कारण होने वाली मौतें शिशुओं और प्रतिरक्षाविहीन लोगों सहित कमजोर समूहों में उल्लेखनीय रूप से अधिक हैं। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मृत्यु दर 1% है, जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में उच्च जोखिम वाली आबादी पर वायरस के प्रभाव के बारे में चिंताएँ पैदा करती है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, सीमित स्वास्थ्य सेवा पहुँच कमजोर आबादी के लिए गंभीर परिणामों के जोखिम को बढ़ाती है। इस तरह के वायरल प्रकोपों को प्रबंधित करने के लिए विनियामक ढाँचे और क्षमताओं को मजबूत करने के उपाय डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। भारत सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में एचएमपीवी जैसे वायरस के लिए परीक्षण सुविधाओं का विस्तार करके अपनी नैदानिक क्षमताओं को बढ़ा सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद व्यापक, किफायती एचएमपीवी परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निजी प्रयोगशालाओं के साथ सहयोग कर सकती है, जिससे शुरूआती पहचान और रोकथाम हो सके। भारत एक सुव्यवस्थित विनियामक मार्ग स्थापित करके नैदानिक परीक्षणों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी ला सकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान परीक्षणों को तेजी से मंजूरी देता है।

भारतीय औषधि महानियंत्रक अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले डायग्नोस्टिक किट के लिए आपातकालीन स्वीकृति तंत्र लागू कर सकता है। वास्तविक समय में श्वसन संक्रमण की निगरानी, रुझानों और मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते खतरों पर नजर रखने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली विकसित की जा सकती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों में वास्तविक समय मानव मेटान्यूमोवायरस ट्रैकिंग को शामिल करने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम का विस्तार कर सकता है। भारत मानव मेटान्यूमोवायरस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान शुरू कर सकता है, रोकथाम के तरीकों और लक्षणों को पहचानने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, खासकर कमजोर आबादी के बीच। स्वास्थ्य मंत्रालय मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे श्वसन संक्रमण के लक्षणों को पहचानने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना अभियान चलाने के लिए मीडिया और गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर सकता है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करें: भारत वायरल प्रकोपों के प्रबंधन के लिए सूचना और संसाधनों को साझा करने के लिए अपने वैश्विक सहयोग को बढ़ा सकता है, जिससे उभरते रोगजनकों के लिए समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहलों के माध्यम से निगरानी, निदान और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करके मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते वायरल खतरों से निपटने के लिए अपने नियामक ढांचे को बढ़ाना चाहिए। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ-साथ वैक्सीन और एंटीवायरल अनुसंधान में निवेश से ऐसे प्रकोपों को कम करने में मदद मिलेगी। कमजोर आबादी की सुरक्षा और एचएमपीवी प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** — करियर पर काफी फोकस करने की आवश्यकता है, इधर-इधर समय ना गवाते रहे, भगवान शिव की भक्ति करें, व्यसन में अब तक जितना धन खर्च किया है उसे छोड़ने का संकल्प करें। भाग्य प्रतिशत-51

**वृषभ** — जीवन साथी की इच्छाओ को समझे, शिक्षा बढ़ाने करियर बनाने का मौका दे, बैंकिंग,अकाउंट क्षेत्र वाले उत्तम प्रगति करेंगे, दोस्तों के उकसावे पर व्यसन ना शुरू करे। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** — ठंडी जगह घूमने के बीच स्वास्थ्य समस्या हो सकती है, वाहन का ध्यान रखें, बाहर का खाना ज्यादा ना खाए, संगीत क्षेत्र से जुड़े है तो कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-51

**कर्क** — वादियों में घूमने का आनंद मिलेगा, स्ट्रेस भी कम होगी, दूसरी नौकरी की तलाश तेज करेंगे, प्रेम समबन्ध में ध्यान रखे। भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह** — बाधाओं के साथ कार्य होंगे, विवाद हुआ है तो विजय होगी लेकिन उसे जल्दी खत्म करें, छोटी मोटी सर्जरी का योग भी है। भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** — पड़ोस में अनहोनी की संभावना है, उच्च वर्ग से मित्रता फि लहाल काम नहीं आयेगी, सफलता में मुश्किल होगी,भाई से विवाद बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-48

**तुला** — प्रेम मिलेगा, खर्चे भी बढ़ेंगे, विवाह के लिए मार्ग प्रशस्त होगा, घर में किसी की तबियत ना बिगड़े ध्यान रखें, काम पर फोकस करें। भाग्य प्रतिशत-60

**वृश्चिक** — केस में उलझ सकते है, काफी तनाव भी बढ़ेगा, बहुत परिश्रम से ही थोड़ा सुख सम्भव है, हाथो कंधों का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-48

**धनु** — किसी से उलझे नहीं, वाणी का प्रयोग भी सोच समझकर करें, टैलेंट का लाभ अवश्य मिलेगा, धन भी बढ़ेगा, नस में खिंचाव, कमर दर्द सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-56

**मकर** — सब कुछ रुका हुआ लगेगा, प्रेम समबन्ध या वैवाहिक सबंध में कोई बात खुलने से बिगाड़ होगा, शरीर में कैल्शियम कम हो सकता है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-47

**कुंभ** — रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, ठंड, कफ रोग से भी बचे, प्रोमोशन मिलने में कोई बाधा डाल सकता है, कानूनी मामला देखेंगे। भाग्य प्रतिशत-47

**मीन** — इन्वेस्टमेंट लाभ देगा, मेडिकल स्टोर चलेगा, कानूनी मामला भी देखेंगे, फैशन की कोई चीज खरीद सकते है, संतान को लेकर चिंता बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-53



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# 25 जनवरी को जिले में पूरे उत्साह से आयोजित किया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस बूथ, बीआरसी, ईएलसी समेत जिला स्तर पर होंगे कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी को मनाए जाने वाले पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम Nothing likevoting, Ivote for sure निर्धारित की गई है।सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिले में मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर एवं विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने वाले मतदाताओं द्वारा शपथ ली जाएगी। पूर्वान्ह 11.00 बजे बीएलओ द्वारा बूथ पर और निर्वाचक व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीआरसीएवं ईएलसीके साथ ही जिला मुख्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेण्डर एवं अन्य वर्गो के मतदाताओं को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं पीवीटीजी की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कॉलेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाय। इन आयोजनों में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल कालेजों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगितस, गीत प्रतियोगिता, स्क्टि्स प्रतियोगिता, ऑन लाइन प्रतियोगिता, गतिविधियों का आयोजन किया जाय।

# गन्ना विकास परिषद दौराला एवं दौराला शुगर वर्क्स द्वारा किया गया संयुक्त कृषक गोष्ठी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सरधना (जावेद अब्बासी)।** गन्ना विकास परिषद, दौराला एवं दौराला शुगर वर्क्स, दौराला द्वारा संयुक्त कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गन्ने की नवीनतम प्रजातियों एवं उचित प्रबन्धन द्वारा गन्ने की अधिक से अधिक पैदावार लेने की जानकारी देते हुए किसान गोष्ठी का आयोजन छबडिया गांव में पूर्व प्रधान मदनपाल सिंह के निवास पर गन्ना विकास परिषद-दौराला एवं दौराला शुगर वर्क्स, दौराला के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुधीर सिंह ने गन्ना प्रबन्धन एवं गन्ना विकास योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। चीनी मिल के गन्ना प्रबन्धक डा० प्रणव राणा ने बताया कि गन्ना प्रजाति को0-0238 रोगग्रसित हो गयी है। आगामी बसन्तकालीन बुवाई में किसान भाई इस गन्ना प्रजाति के रकबे में अन्य उन्नतशील गन्ना प्रजाति को0-0118, को0 15023 को०लख0-14201, को० लख0-16202 आदि की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्र में करने का आहवान किया। चीनी मिल के सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) जे० पी० तोमर द्वारा कृषकों को पेडी गन्ना प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी गयी तथा पौधा गन्ना की कटाई के तुरन्त बाद खेत की सिंचाई करके 10 किग्रा० प्रति बीघा की दर से यूरिया का प्रयोग करने से पेडी फसल की पैदावार अच्छी होती है।

इस मौके पर गन्ना विकास परिषद से एपीओ विकास कुमार,चीनी मिल के जोनल इचार्ज रोहित त्यागी व कृषक ग्राम प्रधान अमरजीत सिंह, सहेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, लीलू सिंह,रावेन्द्र सिंह,कपिल कुमार एवं डा० राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# नगर में धर्मशाला बनवाने की मांग को लेकर विधायक अतुल प्रधान से मिले वाल्मीकि समाज के लोग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया के नेतृत्व में वाल्मीकि धर्मशाला बनवाने की मांग।जिसमें वाल्मीकि समाज के लोगों ने मौहल्ला खाकरोबान,वाल्मीकि शिव मंदिर के सामने वाल्मीकि धर्मशाला काफी समय से क्षतिग्रस्त हो रही है।जिसको लेकर कई बार बनवाने के प्रार्थना पत्र पूर्व विधायक व नगर पालिका को दिये जा चुके है। परन्तु अभी तक वाल्मीकि शिव धर्मशाला का जीर्णोद्धार नही हुआ है।जिससे वाल्मीकि रोड़ पर रह रहे लोगों को शादी विवाह आदि सामाजिक कार्य करने में



काफी परेशानीया उत्पन्न होती है। विधायक अतुल प्रधान ने शीघ्र ही वाल्मीकि समाज की रोड़ स्थित धर्मशाला को बनवाने का वाल्मीकि समाज के लोगों को आश्वासन दिया। इस दौरान सोहनवीर सिंह, शुगन चंद धिगान,संतोष वाल्मीकि, बंसत लाल, अशोक कुमार, सोनू,कमल कुमार,सेवाराम आदि लोग शामिल रहे।

# नगर निगम ने विशेष स्वच्छता व जागरूकता अभियान का किया आगाज-नगर आयुक्त की पहल
## स्वच्छता के प्रति सेवा करने की जागरूकता के लिए नगर निगम हर हफ्ते 2 वार्ड में चलाएगा अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** अलीगढ़ वासियों को स्वच्छता के प्रति अपने दायित्व के प्रति जागरूक करने व शहर की साफ सफाई व्यवस्था को जनसहभागिता के साथ बेहतर बनाये जाने के लिये नगर आयुक्त विनोद कुमार ने प्रत्येक सप्ताह 2 पार्षद वार्ड में विशेष स्वच्छता व जागरूक अभियान चलाने की मुहिम शुरू की है। नगर निगम इस अभियान के तहत उक्त वार्ड मे साफ सफाई ही नही बल्कि नगर निगम सम्बन्धी पथ प्रकाश, निर्माण, डोर टू डोर, जलकल विभाग, संपत्ति विभाग, अतिक्रमण की दृष्टिगत समस्याओं को नगर निगम दूर करने का प्रयास कर रहा।गुरुवार को अभियान के पहले दिन नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग निर्माण विभाग पथ प्रकाश विभाग और अर्बन कंपनी के साथ संयुक्त रूप से वार्ड 28 महेंद्र नगर कालीदह पोखर कालीदह मरघट रोड पर स्थानीय लोगों के साथ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर निगम ने जेसीबी, 4 ट्रैक्टर, 2 टिपर, 2 टेम्पो 60 सफाई कर्मचारी, अर्बन कम्पनी से 6 छोटे ट्रैक्टर, 6 टाटा टेम्पो, 2 लोडर, 15 अर्बन कंपनी कर्मचारी लगाकर सफाई करायी गयी, 40 स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की गई और 4 लीकेज की मरम्मत कराई गई। लोगों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण



योगदान दिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता के लिए सेवा करने के लिए प्रेरित करना था।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा कि ह्लइस अभियान को शहर में बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा और सप्ताह में दो वार्डो मे इसे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा इस अभियान को जनसहभागिता से ब्रह्द रूप दिया जाएगा।

इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा आज पहले दिन अभियान के दौरान,लोगों ने अपने क्षेत्र की साफ-सफाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया और शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

# वैंकटेश्वरा में मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में कार्यस्थल पर लीन सिक्स सिग्मा कांसेप्ट से उत्पादकता बढ़ाकर श्रेष्ठता की ओर विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार शुभारम्भ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री

**लीन सिक्स सिग्मा कांसेप्ट को अपनाकर जापानी कार निमार्ता कम्पनी टोयोटा आज पूरी दुनिया की ऑटो इंडस्ट्री का सरताज बना हुआ है- डा. राजीव त्यागी**

वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में भारत सरकार के लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के सहयोग से कार्यक्षेत्र में लीन सिक्स सिग्मा कांसेप्ट से उत्पादकता बढ़ाकर श्रेष्ठता की ओर विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि/वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए विख्यात बिजनेस गुरु एवं एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व निदेशक डा. प्रवीन आर जोशी ने उपस्थित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को संसाधनों के दुरूपयोग को रोककर एवं अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाकर अपने-अपने कार्यक्षेत्रों का सिरमौर बनने के गुर सिखाये। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में अपने कार्यक्षेत्र में लीन सिक्स सिग्मा कांसेप्ट द्वारा प्रोडक्टिविटी बढ़ाकर श्रेष्ठता की ओर विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि डा. प्रवीन आर जोशी, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति डा. प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, डा. राजेश सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डा. प्रवीन आर जोशी ने कहा कि किसी भी कार्यक्षेत्र में लीन सिक्स सिग्मा अवधारणा, जिसमें ह्लमैनपॉवर, मशीन, मेटेरियल, मेथड एवं मनीह्व के दुरूपयोग को रोककर आप अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाकर आप अपना, अपनी संस्था एवं राष्ट्र



निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकते है।दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, प्रो. राजेश सिंह, प्रो. वी.एन. झा आदि ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर डा. टी.पी. सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष, डा. दिनेश गौतम,डा. एस.एन.साहू, डा. राजवर्धन डा. ओमप्रकाश गुसाई, अश्विन सक्सेना मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्यालय पर हुआ बैठक का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल की संविधान गौरव अभियान की बैठक गंज बाजार स्थित मण्डल कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष आलोक जैन की अध्यक्षता मे आयोजित हुई।जिसमे आगामी 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलने वाले अभियान की चर्चा की गई। जिसमें अभियान के दौरान 12 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी शक्तिकेन्द्रो पर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के भारतीय



कर बच्चों को भारतीय संविधान की जानकारी देने का कार्य,जिसकी जिम्मेदारी आशीष भरत, मोहित त्यागी,राहुल पाल, पिंकी सोम, शालिनी सैनी,एवं 25 जनवरी को नगर मे एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन जिसमे भाजपा के द्वारा बाबा साहेब के देखें गए स्वप्न को किस प्रकार भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है उसको समाज के मध्य प्रस्तुत करना जिसकी जिम्मेदारी डॉ

संविधान के निर्माण मे योगदान पर चर्चा व भाजपा द्वारा बाबा साहेब को दिए गए सम्मान व उनके कार्यों का अनुसरण करते हुए जनता के हित मे लिए गए नितिगत विषयो को जन जन तक पहुँचाने की जिम्मेदारी मंगू प्रधान,प्रदीप कुमार,नवीन त्यागी, संतराम सैनी को दी गयी।15 से 25 जनवरी के मध्य विभिन्न स्कूल कॉलेजो मे भाषण प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता करा ओमकार पुंडीर महामंत्री शानू जैन, सुमीत वाल्मीकि, शंकर सिंह, दीपक जैन, संजय सत्यम, शालू पुरी योगेश वर्मा,लोकेश जैन पवन सैनी कुसुम सैनी,सुनीता को दी गयी।

# गेंहू खरीद 01 मार्च 2025 से होगी आरंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** जिला खाद्य विपणन अधिकारीराजीव कुमार कुलश्रेष्ठने सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि शासन की महत्वपूर्ण योजना वर्ष 2025-26 में गेहूँ खरीद 01 मार्च 2025 से आरम्भ हो रही है। शासन द्वारा मानक के अनुरूप गेहूँ का मूल्य गतवर्ष के सापेक्ष 150 रुपए प्रति कुन्तल बढ़ाते हुए रुपए 2425 रुपएप्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि गेहूँ की बिक्री के पूर्व किसान भाईयों को विभाग की वेबसाइट www. fcs. up. gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे से या स्वयं किया जा सकता है। किसान भाई पंजीकरण कराते समय स्वयं का आधार कार्ड एवं खतौनी अवश्य लेकर जायें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है। किसान भाई पंजीकरण के समय अपना वर्तमान मोबाइल नम्बर अंकित करायें, जिस पर एसएमएस द्वारा प्राप्त ओटीपी को भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। गत वर्ष में खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय के लिए पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा।किसान भाई गेहूँ खरीद योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को आधार कार्ड से एनपीसीआई मैप्ड एवं सक्रिय करा लें।

## संक्षिप्त समाचार

### बांके बिहारी संस्थान पर धूमधाम से मनाया प्रेम बिहारी का प्राक्टोत्सव दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** विष्णुपुरी बेला मार्ग स्थित श्री बांके बिहारी सेवा संस्थान में ठाकुर प्रेम बिहारी सरकार का प्राक्ट्रोत्सव गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान काफी संख्या में शामिल हुईं महिला श्रद्धालुओं ने न सिर्फ मधुर भजनों का गान किया, बल्कि उन पर जमकर नृत्य भी किया। संस्थान के संस्थापक दिनेश सिंघल ने बताया कि ठाकुर प्रेम बिहारी



सरकार का नामकरण आज ही के दिन उज्जैन महाकुंभ में हुआ था। तब से लेकर प्रतिवर्ष 9 जनवरी को उनका प्राक्टोत्सव मनाया जाता है। संस्था के कार्यालय पर ठाकुर प्रेम बिहारी सरकार को भक्त बधाई देते हुए काफी उल्लास से उत्सव मनाते हैं। इस दौरान हरदुआगंज से आए मंगलामुखियों ने गुरू शिखा के नेतृत्व में बधाई गीत गाए और उन पर जमकर नृत्य भी किया। अध्यक्ष प्रदीप सारस्वत ने बताया कि श्री बांके बिहारी सेवा संस्थान की स्थापना प्रभु श्री बांके बिहारी की इच्छा अनुसार संस्थापक दिनेश सिंघल ने की थी। संस्था हर महीने बस सेवा से भक्तों को मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, राजघाट इत्यादि जगह पर दर्शन व प्रसादी निशुल्क उपलब्ध कराती है। संस्थान को विश्व प्रसिद्ध टटिया आश्रम से भी सानिध्य प्राप्त है। जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि सभी भक्तगण निशुल्क प्रभु बांके बिहारी की भक्ति में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए संस्था के कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान कुमुद सिंघल, अनुभा सिंघल, तनु सिंघल, गायत्री, चंचल, पुष्पा, सुमित्रा, आशीष, सुनील कुमार, जितेंद्र भारद्वाज, देवेंद्र वार्ष्णेय, के के सिंह, श्रवण काके, योगेंद्र गौर, शिवम, विकास, सहित तमाम भक्तगण उपस्थित थे।

### करोड़ों से बने वेंडिंग जोन पड़े हैं खाली, नगर निगम नहीं करा पाया आबाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शहर में आवंटन के बाद भी जीटी रोड, मैरिस रोड, रामघाट रोड, विकास भवन के सामने, नौरंगीलाल राजकीय इंटर कालेज और जमालपुर सहित कई स्थानों पर वेंडिंग जोन खाली पड़े हैं। ठेले-ढकेल फुटपाथों पर लग रही हैं। स्मार्ट सिटी योजना के तहत नौ करोड़ से बनाए गए वेंडिंग जोन वीरान पड़े हैं। वहीं दूसरी ओर फुटपाथ पर ठेले और रेहड़ी वालों का कब्जा है। जिससे जाम की समस्या होती है। इस कारण परेशानी लोगों को उठानी पड़ती है।

### एएमयू के 7 छात्रों को नियुक्ति मिली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** अमुवि के वाणिज्य और प्रबंधन संकायों के सात छात्रों को भारत की प्रतिष्ठित वित्तीय सेवा फर्म आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और नोएडा स्थित एसएपी, ईआरपी और बिजनेस एप्लीकेशन कंपनी एक्सिओम कंसल्टिंग द्वारा प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यालय (जनरल) द्वारा आयोजित भर्ती अभियान के माध्यम से संबंध प्रबंधक, परियोजना प्रबंधन और कार्यात्मक सलाहकार की भूमिकाओं के लिए चयनित किया गया है।

टीपीओ साद हमीद ने बताया कि कई मूल्यांकनों के बाद चयनित छात्रों में महविश जेहरा (एमबीए- एफएम-आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज तारुफ (एमबीए-एफएम-आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज), ओफीन सफा (एमबीए-एचए-आईसीआईसी आईसिक्योरिटीज), फजल इमाम (एमबीए-आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज), निशा अत्री (एमबीए-एफएम-एक्सिओम कंसल्टिंग), सना बतूल रिजवी(एमबीए-एफएम-एक्सिओम कंसल्टिंग) और शाहिद कुरैशी (एमकॉम-एक्सिओम कंसल्टिंग) शामिल हैं।

**बैठक** — बोर्ड बैठक में 25 करोड़ के विकास कार्यो की मिली हरी झंडी

# पालिका बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक मे नगर में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की गई तथा सभासदों ने विकास संबंधी विभिन्न प्रस्तावों को बैठक में प्रस्तुत किए जिनको सर्वसम्मति से पास किया गया।गुरुवार को नगर पालिका के एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में चेयरपर्सन शबीला अंसारी की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव की मौजूदगी व लिपिक विपिन शर्मा के संचालन में संपन्न हुई।दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुई बोर्ड बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।बोर्ड की बैठक सभासदों ने स्वकर प्रणाली व्यवस्था लागू करने का फैसले का पुरजोर विरोध किया।नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग रखी।सभासद हाजी मन्नान कुरैशी ने पालिका मार्केट में आवंटित हुई दुकानों को जल्द कंप्लीट कराकर मालिकों के हैंडओवर करने की मग की। सभासद जानू जैन ने पालिका पर सांठ गांठ कर दुकान आवंटित करने का आरोप लगाते हुए दुकान का आवंटन निरस्त करने की मांग रखी। सभासद खालिद अंसारी ने कई सालों से आउटसोर्सिंग का ठेका एक ही ठकेदार को दिया जा रहा है जिसका उन्होंने पुरजोर विरोध किया और ठेका अन्य ठेकेदार देने की मांग रखी। वही समस्त सभासदों ने नगर में गरीबों को कंबल वितरण करने की मांग रखी। वहीं सभासद सहजाद सितारा ने नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने तथा नगर में सफाई व्यवस्था



को दृष्टिगत रखते हुए नगर में आवश्यकता अनुसार सफाई कर्मचारीयों की भर्ती किए जाने की मांग रखी। सभासद इमरान ठाकुर में मोहल्ला आजाद नगर में कब्रिस्तान की बाउंड्री कराने व लाईट लगाने रंगाई पुताई कराई जाने की मांग रखी। सभासद कविता ने नगर में समस्त सामाजिक कुओं का सौंदर्य करण करते की मांग रखी।

नगर पालिका द्वारा बनाई गई दुकानों का आवंटन करने, नगर के सभी वार्डो में लाइट लगवाने व उचित स्थानों पर कूड़ेदान लगवाने तथा नगर के प्रवेश मार्गों पर प्रवेश द्वार बनवाने संबंधी विभिन्न प्रस्ताव पटल पर रखे गए जिन्हें ध्वनि मत पारित किया गया। बैठक में नगर की सड़कों, बिजली व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति समस्या पर भी चर्चा कर सुधार लाने की मांग की गई। इस दौरान सभासद इमरान ठाकुर, सभासद राहुल पाल, सभासद सोनू त्यागी, सभासद वीर सिंह भाटी, सलीम कुरैशी,संजय सोनी,शकील मिर्जा आदि मौजूद रहें।

# डीएम ने श्रमिकों को बांटे कम्बल, पंजीकरण कराने पर दिया जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने गुरुवार को नगर के छह सड़का पहुंचकर श्रमिकों के पंजीयन एवं जागरूकता कैम्प का आयोजन किया तथा श्रमिकों एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरित

## योजनाओं की जानकारी देकर श्रमिकों को किया जागरुक

किये। डीएम ने श्रमिकों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें तथा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलायें, सरकार मजदूरों के बच्चों के लिये स्कॉलरशिप प्रदान करती है तथा प्रतिभाशाली बच्चों के लिये बरेली में अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना की गयी है जिसमें बच्चों के रहने खाने से लेकर समस्त सुविधायें निःशुल्क हैं।

उन्होंने बताया कि निर्माण श्रमिक अपना पंजीयन श्रम विभाग में करायें तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा दें व योजनाओं का लाभ लें। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि बदायूँ लेबर अड्डे पर सुबह सोढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक पंजीयन कैम्प का आयोजन कर सभी निर्माण श्रमिकों का पंजीयन कराया जाय। यहां सहायक श्रमायुक्त अजीत कनौजिया ने निर्माण श्रमिकों को पंजीयन



प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिये निर्माण श्रमिक का आधार तथा आधार से लिंक मोबाइल नम्बर तथा श्रमिक का बैंक एकाउण्ट होना आवश्यक है। पंजीयन किसी भी जनसुविधा केन्द्र पर कराया जा सकता है तथा पंजीयन शुल्क 40 रुपए देय है। योजनाओं के आवेदन भी किसी भी जनसुविधा केन्द्र से कराये जा सकते हैं। श्रमिकों के लिये मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना जिसके अन्तर्गत पुत्र होने पर धनराशि 20 हजार रुपए तथा पुत्री होने पर धनराशि 25 हजार रुपए दिया जाता है। श्रमिकों की पुत्री के विवाह के लिये 55 हजार रुपए एवं सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत दा बच्चों को वजीफा दिया जाता है दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर पांच लाख रुपए तथा सामान्य मृत्यु की दशा में दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है।

# आठवीं जनपदीय रैली का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार नगर के स्टेशन रोड स्थित एसएम इंटर कॉलेज के प्रांगण में चल रही भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संभल के तत्वाधान में आठवीं जनपदीय रैली का समापन किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों की 22 टीमों ने प्रतिभाग किया ! आज कैंपिंग, फूड प्लाजा, हस्तशील प्रदर्शनी, झांकी, कैम्प फायर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ! आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय चंदौसी एवं प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक सी.पी सिंह ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ' लता वार्ष्णेय ने स्काउट एवं गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते हुए परिवेश में स्काउट एवं गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका है आपातकाल की स्थिति में में स्काउट और गाइड की भूमिका महत्वपूर्ण होती है' एवं प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिन स्काउट एवं गाइड को जिन विद्यालय की टीम ऑन ने स्थान प्राप्त नहीं किया है उन्हें अगली बार कड़ी मेहनत करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए जिससे कि वह भी कोई ना कोई स्थान प्राप्त कर सकें स्काउट एंड गाइड्स एक चरित्रवान एवं अनुशासन प्रिय होते हैं उन्होंने सफल आयोजन के लिए एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी के स्टाफ की सराहना की 'स्काउट सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी तथा द्वितीय स्थान पर चंदौसी इंटर कॉलेज चंदौसी एवं तृतीय स्थान पर किस उपकारक इंटर कॉलेज भागलपुर रहे' इसी प्रकार स्कॉट जूनियर वर्ग में भी प्रथम स्थान पर एस एम इंटर कॉलेज चंदौसी तथा द्वितीय स्थान पर नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज चंदौसी एवं तृतीय स्थान पर फर इंटर कॉलेज चंदौसी रहे 'इसी प्रकार गाइड सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर किसान उपकारक इंटर कॉलेज भागलपुर एवं द्वितीय स्थान पर बीएमजी इंटर कॉलेज चंदौसी एवं तृतीय स्थान पर रामप्यारी कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी रहे' गाइड जूनियर वर्ग में हीरा देवी तोताराम इंटर कॉलेज बहजोई को प्रथम स्थान श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज चंदौसी को द्वितीय स्थान तथा सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज चंदौसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा शेष विद्यालयों की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गय' उपरोक्त विजय टीमों को नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपस्थित भारत स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारी एवं प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए! विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य स्काउट गाइड अध्यापक भी उपस्थित रहे ' निर्णायक मंडल में स्काउट गाइड अध्यापक महेश दिवाकर मीनू भारती पंकज कुमार प्रिंस शर्मा विपिन रावत अजीत कुमार तृप्ति सिंह बांसुरी वृषभ सक्सेना थे आज के भव्य कार्यक्रम में स्काउट गाइड कमिश्नर नरेंद्र सिंह वर्तमान प्रधानाचार्य शंकर भूषण इंटर कॉलेज संभल गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव को चेयरपर्सन यूथ कमिटी अंजू गुप्ता प्रधानाचार्य अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज चंदौसी ए.एस.सी.ओ. बृजेश कुमार इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार प्रवक्ता ममता शर्मा प्रवक्ता विनीता रानी प्रवक्ता मोहम्मद मुकीम प्रवक्ता रुपेश कुमार प्रवक्ता अभिषेक गौतम सहायक अध्यापक गणेश सिंह प्रवक्ता आशीष सिंह प्रवक्ता जटाशंकर सहायक अध्यापक सुंदर पाल सहायक अध्यापक विपिन कुमार प्रवक्ता सतपाल प्रवक्ता एवं लेखा समिति के प्रभारी गणेश सिंह एवं उनकी टीम के सदस्य श्रम की सुंदरपाल आशीष एवं ममता शर्मा और विनीता रानी का स्काउट एंड गाइड्स रिजल्ट एवं समस्त लेखा-जोखा की सराहना उपस्थित अतिथियों द्वारा की गई ' संजीव कुमार पीटीआई अभिषेक त्यागी श्री कृष्ण अवतार जयप्रकाश श्यामेंद्र सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हुआ मंच संचालन विद्यालय के स्काउट प्रभारी श्री ऐ. के. सिंह प्रवक्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम के संयोजक राजेश गुप्ता प्रधानाचार्य रहे।





# भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के लिए हुए नामांकन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सम्भल- भारतीय जनता पार्टी के एकता विहार स्थित कार्यालय पर जिला चुनाव अधिकारी डॉ पुष्कर मिश्रा ने जिलाध्यक्ष एवम प्रदेश परिषद सदस्य के लिए आवेदन जमा किये।उन्होंने बताया लगातार दो बार की सक्रिय सदस्यता,आयु सीमा 45 से 60 वर्ष तक,अनुशासनहीनता का आरोप न हो ऐसे कार्यकर्ता ही आवेदन कर सकेंगे। नामांकन जिलाध्यक्ष के लिए चौधरी हरेंद्र सिंह ,ओमबीर खडगवंशी,धीरेंद्र यादव, सुधीर मल्होत्रा,डॉ.टी.एस.पाल,मंजू दिलेर,आकाश अग्रवाल, पुष्पलता पाल,कमल कुमार कमल,अंजू चौधरी, अर्जुन वाल्मीकि,योगेंद्र त्यागी,शिल्पी गुप्ता, सुरेश अटल,शुभम अग्रवाल,विपिन गुप्ता,मुकेश यादव,योगेश गोल्डन,जय प्रकाश प्रजापति,रूपेश सर्राफ,विकास वार्ष्णेय,संजय शंखधार,सुरेश सैनी,संजय कुमार गुप्ता,सत्य प्रकाश यादव रमेश चंद्र सैनी 27 आवेदन हुए तथा प्रदेश परिषद के पार्षद लिए मुकेश जाटव,दीपांशु बंसल,मनोज दिवाकर,सुरेन्द्र कुमार सहित 8 आवेदन हुए । इस दौरान जिला प्रभारी हेमंत राजपूत,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, बहजोई चैयरमेन राजेश शंकर राजू चन्दौसी चैयरमेन लता वार्ष्णेय,परमेश्वरलाल सैनी,कौशल वंदेमातरम,चंद्रपाल सिंह,सौरभ गुप्ता,सुरेश सैनी,मुकुल रस्तोगी,हरिओम शर्मा,सतीश अरोरा,अंकित जैन,मनोज कठेरिया आदि उपस्थित रहे।



# भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने सुंदरी मंडल अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** क्योलडिया! भारतीय जनता पार्टी द्वारा सुंदरी मंडल अध्यक्ष के लिए ठाकुर जयदीप सिंह का मनोयन किया गया है उनके मनोयन पर ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार ने ब्लॉक परिसर में उनका फूल माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिला कर स्वागत किया साथ ही ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी कार्यकताओं का ध्यान रखती है और कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार, ग्राम प्रधान शिशुपाल गंगवार, गुड्डू यादव, मुखिया ,शैलेंद्र कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य यज्ञ देव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# संभल को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग उठाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद्, भारत द्वारा गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संभल को ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी बताते हुए पर्यटन क्षेत्र घोषित करने तथा रेलवे यातायात से राजधानी तक जोड़ने की मांग की गई। बैठक में परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष के0के0 मिश्रा ने कहा कि संभल एक धार्मिक नगरी है। इसका उल्लेख पुस्तकों में उल्लेखित है। संभल में 68 तीर्थ, 19 कूप, 52 सराय व 56 पुरे हैं। संभल तीनों युगों में भक्ति का केन्द्र रहा है। कलयुग में भगवान कल्कि का जन्मस्थान है, यह नगर संसार की सनातन धर्म शक्ति का एक पवित्र स्थान है। यहां पर 24 कोसीय परिक्रमा होती है जिससे इस क्षेत्र के नहीं अपितु पूरे भारत से लोग आस्था प्रकट करने आते हैं। यह स्थान भगवान हरि का स्थान है। संभल नगरी में 68 तीर्थों के साथ अनेक प्रसिद्ध मंदिर हैं। यह स्थान व्यापारिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हैं। यहां मैंथा का व्यापार विश्व प्रसिद्ध हैं तथा कृषि यंत्रों का भी बड़ी मात्रा में निर्माण किया जाता है जो कि पूरे भारत में आपूर्ति किये जाते हैं। यह क्षेत्र 60 वर्षों से रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग कर रहा है लेकिन अपेक्षित रहा है। वर्तमान समय में संभल के पर्यटन दृष्टिकोण से रेलवे यात्रा सुगम बनाते हुए इस लाइन को गजरौला तक जोड़ने व मुरादाबाद से बाया संभल दिल्ली तक ट्रेन चलाने की आवश्यकता है जिससे इस ऐतिहासिक नगर में आने वालों तथा व्यापारिक लाभ के लिए और अधिक सुगमता हो सके। बैठक में वक्ताटों ने संभल गजरौला रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग की तथा इस सम्बन्ध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजने का निर्णय लिया। बैठक में के0के0 मिश्र, शाहनबाज, बृजेश यादव, सोनू यादव, भारतसिंह यादव, किशनवीर सिंह, कुंवरपाल सिंह, मनोज कुमार, विजयपाल एड0, देवेन्द्र सिंह, निर्दोष यादव आदि मौजूद रहे।



# मादक पदार्थ बेच रही महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार, किया खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** गुरुवार को पुलिस द्वारा जनपद मे उच्चाधिकारीगण द्वारा अवैध मादक पदार्थो की बिक्री की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा क्षेत्राधिकारी के निर्देशन मे एक नफर अभियुक्ता शहजादी पत्नी स्व. सरताज निवासी मौहल्ला वारिसनगर लक्ष्मणगंज कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को मादक पदार्थ स्मैक वजन 58 ग्राम व 370 अखबारी खाली पुडिया तथा कुल 11590/- रुपये के साथ पानी की टंकी मौहल्ला लक्ष्मण से गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना मु0अ0स0 014/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह उप निरीक्षक लाल सिंह राणा,का0 विकास कुमार ,का0 जितेन्द्,हे0का0 गजराज सिंह,का0 1381 महेन्द्रपाल,का0 164 अरुण थाना,का0 अंकित कुमार,म0का0 सुमन,म0का0 सुमन।



# संविधान गौरव अभियान' को लेकर भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** 'संविधान गौरव अभियान' को लेकर भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला संयोजक (विधि प्रकोष्ठ) एड. सुरमित कुमार गुप्ता ने कहा कि संविधान गौरव अभियान काफी महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को तैयार रहना है। बताया कि यहां अभियान 11 से 25 जनवरी तक प्रदेश स्तर पर चलेगा। इसमे जनपद अमरोहा, विधानसभा धनौरा तथा मंडल गजरौला की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। बताया कि भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं। भाजपा इसे 'संविधान गौरव अभियान' को उत्सव के रुप में मनाएगी। संविधान महोत्सव के इस अभियान के द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करक उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किये जाएंगे। बताया कि श्री गुप्त ने कहा इसमें बूथ स्तर पर टोली गठन एवं अभियान की तैयारी के लिए एक संयोजक एवं एक सहसंयोजक रहेंगे। शक्ति केंद्र स्तर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समूह के प्रबुद्धजन की सूची तैयार की जाएगी। कार्यशाला में पूर्व विधायक हरपाल सिंह, उत्तम सिंह प्रजापति, अंकुर नागर, चंद्रपाल सिंह पाल, डॉ. राजीव शुक्ला, राजीव मित्तल, महिपाल चौहान, शक्ति सिंह, मनमोहन सिंह सेन, मोहित त्यागी, सुरेश प्रजापति, उधम सिंह, रविराज, होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।



# एंटी करप्शन की टीम ने ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** एंटी करप्शन की टीम ने एक ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। जो गांव की पूर्व प्रधान से प्राथमिक विद्यालय के पुराने भुगतान को कराने के एवज में रिश्वत मांग रहा था।



एंटी करप्शन की टीम ने बृहस्पतिवार दोपहर को बिसौली तहसील परिसर में ग्राम विकास अधिकारी विनीत सक्सेना को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। सचिव ने गांव की पूर्व प्रधान लक्ष्मीदेवी से प्राथमिक विद्यालय के पुराने भुगतान को कराने के एवज में 15 हजार रुपये की मांग की थी।बिसौली तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसई की पूर्व प्रधान लक्ष्मी देवी ने अपने कार्यकाल के दौरान गांव के प्राथमिक विद्यालय में सीसी रोड का कार्य और कुछ अन्य कार्य कराए थे। इन कार्यों का दो लाख रुपये का भुगतान शेष बचा था। भुगतान ब्लॉक स्तर से होना था, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी पूर्व प्रधान का भुगतान नहीं हो सका। परेशान होकर पूर्व प्रधान ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए बीडीओ और ग्राम विकास अधिकारी विनीत सक्सेना को भुगतान करने का आदेश दिए थे। इस पर 40 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया, लेकिन शेष 1.60 लाख रुपये का भुगतान फिर से लटका दिया। इस भुगतान को करने के एवज में ग्राम विकास अधिकारी ने पूर्व प्रधान से 15 हजार की घूस मांगी थी।

# न्यू विद्या भारती आईटीआई कॉलेज में विधायक राजीव तरारा ने छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत गुरूवार को नगर की न्यू विद्या भारती आईटीआई कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित विधायक राजीव तरारा ने छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकि ज्ञान से जोड़ने व युवाओं को डिजिटल युग में प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक अहम योजना है। यह टेबलेट व स्मार्ट फोन न केवल उनकी शिक्षा को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसरों को भी जन्म देगी। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन बीएस तोमर, सतवीर सिंह, सुशील सिद्धू, निहार त्यागी, सुरेंद्र चहल, परवेंद्र सिंह, गौरव सागर, तुषार गिल आदि लोग उपस्थित रहे।



**ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी!** कंपनियों के लेवल लगाकर बेच रहा था नकली माल

# गायत्री इलैक्ट्रॉनिक्स से किया नकली सामान बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। बता दें कि चन्दौसी में बिजली के नकली सामान पर प्रसिद्ध ब्रांड का लेबल लगाकर बेचकर ग्राहकों व कंपनी के साथ धोखाधड़ी की जा रही है।

चन्दौसी के एक दुकानद्वार द्वारा प्रसिद्ध ब्रांड के लेबल लगाकर नकली सामान बेचने के सम्बन्ध में कंपनी को शिकायत मिली। शिकायत पर सोमवार को स्पीड सर्च एंड सिक्योरिटी नेटवर्क के डायरेक्टर रमेश दत्त व फील्ड मैनेजर अनीष पुत्र शंकर ठाकुर पहले पुलिस अधीक्षक संभल से मिले। पुलिस अधीक्षक ने सीओ चंदौसी को निर्देशित किया। सीओ चंदौसी व उपरोक्त कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा चन्दौसी के फुब्बाराचौक स्थित गायत्री इलै0 शॉप पर छापा मारा गया जहां दो ई-रिक्शा भरकर गीजर, पंखे आदि नकली सामान पकड़ा गया जिस पर उषा, प्रेस्टिज, वी-गार्ड, बजाज आदि कंपनियों के लेबल लगे हुए थे। पुलिस नकली सामान को कोतवाली ले आई और दुकानदार देवश्री पुत्र रजनीश सक्सैना नि0 गौशालारोड चन्दौसी को कोतवाली बुला लिया गया। वहीं देवश्री का कहना था कि माल दिल्ली से डिमांड के अनुसार मंगवाया जाता है, उसे स्वयं नहीं पता था कि माल नकली है।





# सेल्समैन से लूट का प्रयास करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** गजरौला थाना क्षेत्र में दो दिन पहले सेल्समेन से लूट का प्रयास करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गजरौला पुलिस ने कुमराला चौकी के पास से लूट की घटना का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके फरार दो साथियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार मुहल्ला अवंतिकानगर निवासी रोहताश सिंह दाल कारोबारी मनोज अग्रवाल के यहां सेल्समैन है।

बीती मंगलवार की शाम को रोहताश हसनपुर दिशा से भुगतान लेकर लौट रहे थे, इस दौरान मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ के पास पीछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसकी बाइक रोकते हुए नकदी से भरा बैग लूटने की कोशिश की थी। रोहताश के शोर मचाने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की थी। इस बीच आसपास से लोगों के जमा होने पर बदमाश अपनी बाइक वहीं छोड़कर फरार हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक कब्जे में लेते हुए बदमाशों की तलाश में कांबिंग की थी। लगातार पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिये प्रयास किया जा रहा था। गुरूवार को इस मामले में पुलिस को सफलता मिली, गुरुवार को चौपला चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल एक आरोपी कुमराला चौकी के पास खड़ा है, जिस पर वह मौके पर पहुंचे। जहां लूट के प्रयास के आरोपी दानिश पुत्र बाबू निवासी गांव मोहरका पट्टी को गिरफ्तार कर लिया।



# उधमोत्सव 2025 में बाल विद्या मंदिर के छात्रों का चयनित प्रोजेक्ट "इलेक्ट्रॉनिक यूनिवर्सल ब्लाइंड कीबोर्ड"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (सय्यद अतहर अली)।** नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर आयोजित उधमोत्सव 2025 में बाल विद्या मंदिर, संभल के छात्रों यशवर्धन पंवार और पर्व वर्श्नेय द्वारा तैयार प्रोजेक्ट "इलेक्ट्रॉनिक यूनिवर्सल ब्लाइंड कीबोर्ड (एवइङ)" का चयन किया गया है। यह आयोजन स्कूल इनोवेशन काउंसिल, शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के तहत यशवर्धन और पर्व अपने विचारों को वेंचर कैपिटलिस्ट्स, एंजल निवेशकों, कॉरपोरेट निवेशकों और इम्पैक्ट निवेशकों के सामने प्रस्तुत करेंगे। यह मंच शैक्षणिक संस्थानों में स्टार्टअप्स के लिए फंड जुटाने का एक अनोखा अवसर प्रदान करता है। अळछ कोऑर्डिनेटर आलोक राय ने जानकारी दी कि इस प्रोजेक्ट का चयन बाजार की संभावनाओं, नवाचार, व्यावसायिक मॉडल और रिटर्न की संभावना के आधार पर किया गया है। प्राचार्य मनीष पंवार ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्टार्टअप और उद्यमशीलता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को यह मंच प्रदान किया है। यह प्रोजेक्ट नेत्रहीनों के लिए एक विशेष कीबोर्ड है, जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। छात्रों के इस नवाचार को उद्यमशीलता जगत में एक बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है। बाल विद्या मंदिर के छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ संभल क्षेत्र में भी हर्ष की लहर है। विद्यालय के चेयरमैन हरीश गर्ग और प्रबंधक अमिताभ गर्ग ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और शिक्षकों को यह प्रोत्साहन दिया कि वे छात्रों की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए अधिक से अधिक मंच उपलब्ध कराएं।




# भाजपा सरकार में कर्मठ कार्यकर्ता को मंडल अध्यक्ष की सौंपी जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** नगर में भाजपा सरकार में नवयुवकों को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने के क्रम में कई युवाओं ने भाजपा सरकार में नगर मंडल अध्यक्ष के लिए जिला कार्यालय में कई उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाईश के लिए नामांकन किया लेकिन मंयक वार्ष्णेय को मंडल मंत्री पद पर रहते हुए भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की भूमिका को देखते हुए जिला से लिस्ट जारी की गयी जिसमें मयंक वार्ष्णेय को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मंयक वार्ष्णेय को मंडल अध्यक्ष के निर्णय से भाजपा कार्यकताओं में उत्साह जोश उमंग देखा गया और मयंक वार्ष्णेय के आवास पर बधाई देने वाले नगर व क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा। मंयक वार्ष्णेय मृदुभाषी सरल स्वभाव के नौजवान युवाओं की धड़कन व समाज में अलग पहचान बनाने के लिए प्रख्यात हैं जैसे ही क्षेत्रवासियों को मयंक वार्ष्णेय के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने की खबर सोशल मीडिया पर मिली वैसे ही बधाई देने वाले लोगों ने शुभकामनाएं देनी शुरू कर दी। मंयक वार्ष्णेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने मुझे मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है उसकी गरिमा को बनाए रखने में भरसक प्रयास करुंगा और भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं को घर घर पहुंचाने के लिए कार्य करता रहूंगा और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेशों का सदैव तत्पर से पालन करता रहूंगा।



# दुकान पर छोले भटूरे खाते समय युवक की हार्ट अटैक से हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** एक दुकान पर छोले भटूरे खाते समय एक युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम में मचा हुआ है। क्षेत्र के गांव कुम्हैड़ा निवासी 40 वर्षीय संदीप त्यागी गुरुवार को मुरादनगर रावली रोड पर सीताराम की दुकान पर छोले भटूरे खा रहे थे। छोले भटूरे खाते से समय अचानक संदीप बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने तुरन्त संदीप को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों ने हार्ट अटैक से मौत होने का कारण बताया है। पुलिस ने पंचनामा भरा है।

# यूपी रुद्रास को हैदराबाद तूफान्स से हार का सामना करना पड़ा, मौके चूकने का भुगता खामियाजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में बुधवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यूपी रुद्रास को हैदराबाद तूफान्स के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि स्कोरलाइन जितनी एकतरफा दिखती है, मुकाबला उतना नहीं था, क्योंकि रुद्रास ने कई मौके बनाए लेकिन उन्हें भुनाने में नाकाम रहे। हैदराबाद तूफान्स ने पहले क्वार्टर में ही दबदबा बनाते हुए जैकरी वालेस (6वें मिनट) और राजिंदर सिंह (14वें मिनट) के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त बना ली।

इसके बावजूद रुद्रास ने पहले क्वार्टर में सर्कल में अधिक बार प्रवेश किया। तमिलनाडु ड्रैगन्स से हारने के बाद वापसी की कोशिश कर रही रुद्रास की टीम, जिसने अपने अभियान की शुरूआत वेदांता कलिंगा लांसर्स और सूरमा एचसी पर शानदार जीत के साथ की थी, अपने मौकों को भुनाने में नाकाम रही। पहले हाफ में रुद्राज ने तीन शॉट्स ऑन गोल, एक पेनल्टी कॉर्नर और 10 सर्कल पेनिट्रेशन किए। हाफ टाइम पर रुद्राज के कोच पॉल वैन ऐस ने आधिकारिक ब्रॉडकास्टर्स से कहा, हम पर्याप्त खतरनाक नहीं थे। शिलानंद लकड़ा ने 32वें मिनट में तूफान के लिए तीसरा गोल कर स्कोर को 3-0 कर दिया। इसके बाद भी रुद्रास ने दूसरे हाफ में आक्रामक खेल दिखाते हुए कई पेनल्टी कॉर्नर बनाए, लेकिन गोल करने में असफल रहे। मैच के बाद रुद्रास के कप्तान हार्दिक सिंह ने टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, हम अपना खेल बदलना नहीं चाहते थे हम पहले गोल करना चाहते थे। कुछ हिस्सों में हम बदकिस्मत रहे।

# कार्यालय नगर पंचायत छतारी जनपद-बुलन्दशहर

पत्रांक 380/न0पं0छतारी/2024-25 दिनांकः-08.01.2025

## ई-निविदा सूचना

समस्त फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत छतारी जनपद बुलन्दशहर द्वारा नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना व अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं जो ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.01.2025 को सायः 04:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है तथा कार्यो की निविदा स्केन अर्नेस्टमनी एंव निविदा शुल्क की मूल्य प्रति दिनांक 31.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक नगर पंचायत छतारी के कार्यालय में रखे टैण्डर बॉक्स में डाली जायेगी एंव उसी दिनांक अपराहन 02:00 बजे नगर पंचायत छतारी कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तो की भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एंव www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत छतारी
जनपद बुलन्दशहर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत छतारी
जनपद बुलन्दशहर

# कार्यालय नगर पंचायत छतारी जनपद-बुलन्दशहर

पत्रांक सं0ः-352/न0प0छतारी/2024-25 दिनांक- 09.01.2025

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-2024-85ज/05, टी०सी०-01 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को अंतिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया हैं। यह नियमावली उत्तर प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगा।

उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत छतारी की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखंडों पर सम्पत्ति कर आरोपण हेतु वार्ड को अवस्थिति भवन को प्रकृत्ति, मार्ग की चैडाई जिस पर सम्पत्ति स्थित हैं के कवर्ड एरिया की प्रति वर्ग फीट किराए की न्यूनतम मासिक किराया दर को आवासीय सम्पत्तियों के कर निर्धारण के निर्मित वार्षिक किराया मूल्य के निर्धारण हेतु कक्ष कर भवन के कारपेट एरिया (वास्तविक माप आधारित) अथवा कवर्ड एरिया का 80 प्रतिशत इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) या भूमि के प्रत्येक समूह के लिए प्रति इकाई न्यूनतम मासिक किराया क्षेत्रफल न्यूनतम मासिक किराया दर को जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं वार्डवार आपत्तिया प्राप्त करने हेतु प्रकाशित किया जाता हैं।

अतः आपत्ति प्राप्त करने के लिए प्रकाशन की तिथि से 15 कार्य दिवस का समय निश्चित किया जाता है, जस पर निर्धारित समयावधि में प्राप्त आपत्तियों का अधिशासी अधिकारी द्वारा वार्डवार निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात नगर पंचायत छतारी द्वारा किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा। वार्डवार मासिक प्रतिवर्ग फुट दरों की सूची निम्नवत हैं।

| वार्ड सं0 | वार्ड/मौहल्ले का नाम | 24 मी0 से अधिक चौडे मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 12 मी0 से 24 मी0 तक चौडे मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 09 मी0 से 12 मी0 तक चौडे मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 09 मी0 से कम चौडे मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आर0सी0 सी0/आर0 सी0 छत सहित भवन (रू0 में) | अन्य पक्का भवन (रू0 में) | कच्चा भवन (रू0 में) | खाली भूमि भूखण्ड (रू0 में) | आर0सी0 सी0/आर0 सी0 छत सहित भवन (रू0 में) | अन्य पक्का भवन (रू0 में) | कच्चा भवन (रू0 में) | खाली भूमि भूखण्ड (रू0 में) | आर0सी0 सी0/आर0 सी0 छत सहित भवन (रू0 में) | अन्य पक्का भवन (रू0 में) | कच्चा भवन (रू0 में) | खाली भूमि भूखण्ड (रू0 में) | आर0 सी0 सी0 / आर0 सी0 छत सहित भवन (रू0 में) | अन्य पक्का भवन (रू0 में) | कच्चा भवन (रू0 में) | खाली भूमि भूखण्ड (रू0 में) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | रविदास नगर | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 2 | रामनगर | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 4 | शिवपुरी | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 5 | महावीर गंज | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 6 | आजाद नगर | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 7 | गोपाल नगर | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 8 | गांधी नगर | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 9 | माहेश्वरी नगर | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 10 | कुरैशियान | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |
| 11 | होलीगेट | 0.80 | 0.70 | 0.60 | 0.50 | 0.40 | 0.35 | 0.30 | 0.25 | 0.30 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.25 | 0.22 | 0.18 | 0.15 |

1.अधिसूचना के प्रस्तर 5(2) के अधीन उल्लिखित सूची के अनुसार सार्वजनिक भवन/भूमि पर कर आरोपित होगा।
2.अधिसूचना के प्रस्तर 0.7 के आधीन नगर पंचायत द्वारा प्रत्येक दो वर्ष बाद भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य ग्रहकर व 7.5 प्रतिशत जलमूल्य लागू होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत छतारी
जनपद बुलन्दशहर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत छतारी
जनपद बुलन्दशहर

# एएमयू और एनआईएसई के बीच करार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** अमुवि की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने अमुवि और राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई), गुरुग्राम के बीच एक करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ष्विश्वविद्यालय में बिजली की भारी खपत के चलते एक व्यवहार्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत की आवश्यकता है, जो उपयोग और आर्थिक दृष्टिकोण से भरोसेमंद हो। उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग और पारंपरिक ऊर्जा पैदा करने के लिए आवश्यक घटते कोयले के भंडार को देखते हुए राष्ट्र भी इसी ओर देख रहा है। एनआईएसई, गुरुग्राम भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत संचालित एक स्वायत्ता प्राप्त संस्था है।उन्होंने कहा कि एएमयू देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जिसके पास सबसे बड़ी सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली है, जो 6.5 मेगावाट सौर ऊर्जा पैदा करती है, और हमें अभी भी इस सुविधा में काफी विस्तार की आवश्यकता है, ताकि पारंपरिक ऊर्जा पर हमारी निर्भरता कम हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि एएमयू और एनआईएसई के बीच समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के लिए फायदेमंद होगा और इस समझौते के तहत कार्यक्रम और योजनाएं शुरू की जाएंगी जो एएमयू को सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए देश में सबसे बड़ा केंद्र और इस क्षेत्र में अनुसंधान और अध्ययन का केंद्र बनने में मदद करेगी।राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक और अमुवि के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर और एएमयू के हरित और नवीकरणीय ऊर्जा केंद्र के संस्थापक (पूर्व) निदेशक प्रोफेसर मोहम्मद रिहान, जिन्होंने एनआईएसई टीम का नेतृत्व किया, जिसमें उप महानिदेशक डॉ जय प्रकाश सिंह, डॉ विक्रांत शर्मा, उप निदेशक और डॉ राहुल पचौरी, वरिष्ठ परियोजना अभियंता शामिल थे, ने करार की मुख्य विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया और उम्मीद जताई कि यह करार अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान और उच्च अध्ययन के दायरे को आगे बढ़ाने में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग और समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि एएमयू का 2018 से एनआईएसई के साथ एक समझौता है, जिसके तहत 12 छात्रों के प्रवेश के साथ एम.टेक. कार्यक्रम चल रहा है, जो एएमयू में दो सेमेस्टर और एनआईएसई में दो सेमेस्टर शिक्षा की सहूलत प्रदान करता है।कंप्यूटर सॉफ्टवेयर विकास, लैंगिक समानता और सहभागिता और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रम के वित्तीय पहलुओं को संबोधित करने के लिए एक अंतःविषय कार्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए प्रोफेसर रिहान ने विश्वविद्यालय से प्रबंधन, सामाजिक कार्य, कानून और सामाजिक विज्ञान के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए पूर्ण विकसित या अल्पकालिक कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर विचार करने का आग्रह किया।



## 10 करोड़ का लक्ष्य,राजस्व मिला सिर्फ1.6 करोड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत राजस्व वसूली में कर्मचारियों के पसीने छूट रहे है। 10 करोड़ बकाया वसूला जाना है, जबकि इसमें से महज 1.6 करोड़ की राशि जमा हो पाई है। बाकी दो चरणों में 84 फीसदी बकाया जमा करवाना अफसरों के लिए चुनौतीपूर्ण है।अगवानपुर के पांचों बिजलीघरों से कुल 30 हजार घर जुड़े हैं। इनमें से 17560 उपभोक्ताओं पर बिजली निगम का 10.48 करोड़ रुपये बकाया है। 15 से 31 दिसंबर तक चले एकमुश्त समाधान योजना के पहले चरण में 2865 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और 1.69 करोड़ रुपये जमा किए। प्रथम चरण में अगवानपुर के पांचों बिजली घरों में करीब 700 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए गए हैं'बिजलीधर में हर रोज करीब 20 खराब मीटर की शिकायत आ रहीं है। उपभोक्ता मीटर बदलवाने से लेकर गलत बिल की शिकायत कर रहे हैं। यदि समय रहते ऐसे मीटरों को दुरुस्त नहीं किया गया तो यह एकमुश्त समाधान योजना के भुगतान में पलीता लग सकता है।बकाया राशि वसूली के लिए उपभोक्ताओं से संपर्क किया रहा है। इस दौरान राशि नहीं जमा करने वालों के बिजली कनेक्शन काटे गए ।

## अब बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिल सकेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए सभी जिलों में सख्त कदम उठाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। आयुक्त ने सभी डीएम और एसपी को पत्र भेजा है कि हेलमेट न पहनने वालों के वाहन का चालान जरूर किया जाए।पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ संवाद कर कर्मचारियों को जागरूक करें कि हेलमेट न पहनने वालों को पेट्रोल न दें। उन्होंने पत्र में वर्ष 2019 में नोएडा के अंदर नो हेलमेट-नो फ्यूल व्यवस्था के सख्ती से लागू होने का उदाहरण भी दिया है। परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने पत्र में हर 15 दिन पर समीक्षा को कहा है। चार से अधिक आयु के बच्चों को भी हेलमेट जरूरी है। सिर्फ सिख धर्म के लोगों को पगड़ी की वजह से इस नियम से छूट दी गई है। आयुक्त ने अफसरों से कहा है कि व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट की तरह शहरी इलाकों में लागू की जाए।

## छेड़छाड़ और मारपीट के संबंध में 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद के आदेश पर कुन्दरकी पुलिस ने दो महिलाओं सहित 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद के समक्ष पेश होकर अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया और रिपोर्ट दिखाने की गुहार लगाई । पुलिस उपमहानिरीक्षक के आदेश पर थाना कुंदरकी पुलिस ने दो महिलाओं सहित 6 के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

## आंगनवाड़ी में 362 पदों पर निकली भर्ती,31 जनवरी तक भरे जाएंगे फॉर्म

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद में 362 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदकों ऑनलाइन पोर्टल upangan wadibharti.in पर आवेदन करना होगा। रिक्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी और केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएगें। रिक्त पदों पर आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट रखी गई है। इस पद पर 18 से 35 वर्ष तक की महिलाएं आवेदन कर सकेंगी। अभ्यर्थियों की उम्र की गणना एक जुलाई, 2024 से की जाएगी।जिला कार्यक्रम अधिकारी जानकी देवी के अनुसार में आंगनबाड़ी व सहायिकाओं के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे थे। शासन के निर्देश पर विज्ञापन जारी किया गया है। जारी विज्ञापन के मुताबिक भगतपुर टांडा में 22, ठाकुरद्वारा में 21, बिलारी में 67, डींगरपुर में 65, छजलैट में 11, मूंढापांडे में 64, डिलारी में 30, मुरादाबाद ब्लॉक में 38 और मुरादाबाद शहर में 44 पदों पर आवेदन मांगे गए हैं।

## 10 फरवरी तक 6 सड़का चौराहे पर लगेंगे श्रमिक पंजीकरण शिविर

**बदायूँ।** अजीत कुमार कनौजिया ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निदेशों के अनुक्रम में निर्माण श्रमिकों के पंजीयन हेतु श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की जानकारी देने हेतु नगर पालिका बदायूँ को लेबर अड्डा छः सडका पर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 10 जनवरी 2025 से 10 फरवरी 2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे तक कैम्प में निर्माण श्रमिक अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि विवरण के अनुसार पंजीयन कैम्पों का आयोजन सुनिश्चित करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**अलीगढ।** संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा सह-संयोजक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मोर्चा द्वारा 13 फरवरी से खनौरी/शम्भूध्रतनपुरा बॉर्डर पर जारी किसान आंदोलन 2 में पिछले 45 दिन से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की सेहत बेहद चिंताजनक स्थिति में पहुँच चुकी है लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने बातचीत कर डल्लेवाल जी की माँगों को पूरा करने का कोई विशेष प्रयास नहीं किया है।इसलिए ऐसे चिंताजनक हालात में केंद्र सरकार को होश में लाने के लिए और जल्द से जल्द किसान आंदोलन की मांगों को सरकार से पूरा करवा कर डल्लेवाल जी का आमरण अनशन समाप्त करवाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक व किसान मजदूर मोर्चा की तरफ से पुतला दहन कार्यक्रम के आह्वान पर गभाना टोल प्लाजा पर कल 10 जनवरी को सुबह 12:00 बजे पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## अशरफ मतीन अध्यक्ष नियुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के जेड.एच. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के पेट्रोलियम अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर अशरफ मतीन को 9 जनवरी 2025 से तीन साल के लिए विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री मतीन पिछले 24 वर्षों से शिक्षण और शोध में लगे हुए हैं।

उनके प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में 25 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।उन्होंने दो शोध परियोजनाएं पूरी की हैं और ह्यप्रयुक्त स्नेहक तेल की पर्यावरण अनुकूल पुनः शोधन तकनीक का विकास और पीडीए प्रौद्योगिकी में सुपरक्रिटिकल परिस्थितियों में विलायक पुनर्प्राप्ति के लिए जानकारी का विकासह्व



विषय पर दो अन्य परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।उन्होंने उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र, नई दिल्ली के लिए ह्यसोकर इंटर्नल के प्रभाव पर अध्ययन (चरण प्रथम)ह्व से संबंधित एक तकनीकी रिपोर्ट भी तैयार की है।

## कुपोषण से बचाने की योजना हुई फेल, तीन माह से नहीं बांटा गया पुष्टाहार, दो लाख बच्चे परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर चल रही पुष्टाहार वितरण योजना ही फेल हो गई है। जिले में सितंबर के बाद से पुष्टाहार का वितरण नहीं किया गया है। तीन माह बाद अब अक्तूबर माह के पुष्टाहार का वितरण करने की तैयारी है। शासन से निर्देश मिलने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी ने एजेंसियों को पुष्टाहार सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**जनपद में करीब 2800 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जहां लगभग**

दो लाख बच्चों व गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार दिया जाता है। 2021 से पहले इन सभी केंद्रों पर नौनिहाल व गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार के रूप में पंजीरी दी जाती थी लेकिन शासनादेश में बदलाव के बाद केंद्रों पर सूखा राशन का वितरित किया जाने लगा। इसके तहत लाभार्थियों को गेहूं, चावल, चना के साथ तेल दिया जाता है।

नैफेड व एनआरएलएम के माध्यम से सूखे राशन की आपूर्ति की जाती है। महीने में एक बार राशन का वितरण होता है, जो पिछले तीन महीने से बंद था। पुष्टाहार का वितरण महीने में एक बार किया जाता है। छह माह से तीन साल तक के बच्चों के लिए एक किलो गेहूं, एक किलो चावल, एक किलो चना और 455 ग्राम तेल का वितरण होता है। वहीं, तीन से छह साल के बच्चों को आधा किलो चावल, आधा किलो गेहूं और आधा किलो चना दिया जाता है। गर्भवती महिलाओं को डेढ़ किलो गेहूं, एक किलो चावल, एक किलो चना और 455 ग्राम तेल दिया जाता है। इसके अलावा अतिकुपोषित बच्चों को हर महीने डेढ़ किलो गेहूं, डेढ़ किलो चावल, दो किलो चना और 455 ग्राम तेल वितरित किया जाता है। पुष्टाहार का वितरण कुपोषित बच्चों की संख्या कम करने के लिए किया जाता है।

## उत्तराखंड की बस ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की हुई दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गुरुवार की शाम



उत्तराखंड (ऋषिकेश डिपो) की बस वड07ढअ 4367जो ऋषिकेश से लखनऊ जा रही थी ने नयागांव कावड़ पथ तिराहे के पास बाइक मैं टक्कर मार दी बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई दुर्घटना स्तर पर सैकड़ो लोग जमा हो गए पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है' जानकारी के अनुसार बाइक सवार शिराज पुत्र मिराजुद्दीन निवासी फायानगर, कोहिनूर तिराहा, थाना गलशहीद अपनी पत्नी राबिया के साथ अपनी मोटरसाइकिल UP21DA2858 से सहसपुर में पीर की मजार से अपने घर मुरादाबाद जा रहा था। उत्तराखंड की बस ने बाइक में टक्कर मार दी ।

बाइक सवार दोनों को 108 एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी कांठ पर लाया गया जहां पर डॉक्टर ने परीक्षण के बाद राबिया को मृत घोषित कर दिया' पुलिस बल द्वारा उत्तराखण्ड परिवहन की बस व मोटरसाइकिल को थाना भिजवाया गया। मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## 12 जनवरी को एबीवीपी विद्यार्थी संगम युवा पखवाड़ा के तहत करेगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** अखिल भारतीय विद्या दिवस अलीगढ़ महानगर द्वारा 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में विद्यार्थी संगम शोभा यात्रा का पोस्टर विमोचन प्रेस वार्ता के माध्यम से किया गया।महानगर मंत्री शैलेंद्र प्रजापति ने बताया हुआवेई के चार राष्ट्रीय कार्यक्रम में से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जयांती विद्यार्थी परिषद के लाखों कार्यकताओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती वह राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर अलीगढ़ महानगर के में विद्यार्थी संगम युवा पखवाड़ा के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन अलीगढ़ महानगर के विद्यालय, महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच स्वामी जी के विचारों को रखने का काम अभाविप के रही हैं कार्यक्रम संयोजक राजगुरु ने बताया विद्यार्थी संगम कार्यक्रम के निर्मित महावीर नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है यह शोभायात्रा सरस्वती विद्या मंदिर गोंडा मार्ग से प्रारंभ होकर इंद्रानगर, रामनगर, मालिक चैक से होते हुए गंगा देवी फार्म हाउस मेलरोज बाईपास पर जाकर विचार गोष्ठी का समापन होगा इस शोभायात्रा में विभिन्न विद्यालयों के आठ सो विद्यार्थी सम्मिलित होगे।प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अंकुर शर्मा, प्रांत मिडिया सह संयोजक अरुण शर्मा उपस्थित रहे।




## 29वें उत्तरायणी मेले का भव्य उद्घाटन, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने काटा फीता, ये होंगे कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (आशू बेग)।** बरेली क्लब के मैदान में तीन दिवसीय उत्तरायणी मेले का भव्य उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। उत्तरायणी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित यह 29वां उत्तरायणी मेला 9 से 11 जनवरी तक चलेगा। इस मेले में उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी।

**रंगयात्रा से हुआ मेले का आगाज**

मेले की शुरूआत सुबह 9 बजे कोतवाली से रंगयात्रा के साथ हुई। इस रंगयात्रा में उत्तराखंड की संस्कृति को भव्य झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों की धुनों पर झूमते लोग मेले का आकर्षण बढ़ा रहे थे। मेले में उत्तराखंड के विभिन्न शहरों और गांवों से आए व्यापारी और कलाकार अपने स्टॉल लगाने के लिए देर रात ही मैदान पर जुट गए थे। स्टॉल्स पर हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और उत्तराखंड की खास चीजें मेले में आने वालों को आकर्षित कर रही हैं।




**तीन दिन तक चलेंगे ये सांस्कृतिक कार्यक्रम**

मेले के दौरान तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। लोकगीत, नृत्य, और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनें इस आयोजन को और खास बनाएंगी। मेले को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह है। मेले में आए लोगों का कहना है कि यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि उत्तराखंड की परंपराओं को करीब से जानने का अवसर भी है। तीन दिवसीय उत्तरायणी मेले के उद्घाटन के दौरान, मेयर उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, सांसद छत्रपाल गंगवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## कौशल विकास प्रमाणपत्र धारकों को मिलेगा ब्याज मुक्त लोन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत कौशल विकास प्रमाणपत्र धारकों को ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। युवाओं को स्वरोजगार का अवसर देने के लिए यह योजना शुरू की गई है। डीएम अनुज सिंह ने इस संबंध में बैठक की। उन्होंने कहा कि योजना में पंजीकरण के लिए लिंक एक्टिवेट हो गया है।

"https:// msme. up. gov. in/ login/regis- tration_login पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसमें आयु सीमा 21 वर्ष से 40 वर्ष तक तय की गई है। आठवीं पास लोग भी कौशल विकास का प्रमाणपत्र होने पर यह लोन पा सकते हैं। इसमें पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त लोन पर 10% अनुदान भी मिलेगा।

## जेल में बंद कमलवीर पर दुष्कर्म का केस: अनुज हत्याकांड का है आरोपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड में जेल में बंद कमलवीर सिंह के खिलाफ एक महिला ने सिविल लाइंस थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। हत्या के मामले में बलरामपुर जेल में बंद मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के करीबी कमलवीर को एक सप्ताह पहले ही हाईकोर्ट से अनुज चौधरी हत्याकांड में जमानत मिली थी। वह जेल से बाहर आने वाला था।

**महिला की तहरीर पर दर्ज किया केस**

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसको शिकायत करने पर हत्या की धमकी भी दी गई है 'महिला का कहना है कि कमलवीर ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिला दी। इसके बाद वह बेहोश हो गई। 16 अगस्त 2023 की सुबह वह होश में आई तो निर्वस्त्र थी। महिला का आरोप है कि कमलवीर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि कमलवीर ने उसे धमकी दी कि अगर कहीं शिकायत करेगी तो उसकी अनुज चौधरी की तरह हत्या देगा।महिला का कहना है कि कमलवीर ने खुद को सरकारी स्कूलमें अध्यापक बताते हुए उसकी नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। महिला ने बताया कि 15 अगस्त 2023 को कमलवीर ने उसे कॉल की और नौकरी की बात करने के लिए अगवानपुर पुल के पास बुला लिया।

यहां से कमलवीर उसे कार में बैठाकर अपने घर ले गया। महिला का कहना है कि उस वक्त कमलवीर के घर में कोई मौजूद नहीं था। कमलवीर ने उसे यह कहकर घर में ही बैठा लिया कि कुछ लोग आ रहे हैं। उनसे ही नौकरी की बात करनी है।

**निर्देश** 100 दिवसीय टीबी अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए प्रत्येक संदिग्ध की जांच कराई जाए

## जनसेवा केंद्र संचालकों को फार्मर रजिस्ट्री कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख द्वारा नगला मानसिंह में जनसेवा केंद्र, धनीपुर के ग्राम कों छोड़ एवं रूस्तमपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

डीएम ने जनसेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान केंद्र संचालक विनोद कुमार को शासन की प्राथमिकता में शामिल फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कराने आए किसी भी किसान भाई को लौटाया न जाए। उन्होंने सभी केंद्र संचालकों को निर्धारित शुल्क पर ही आमजन को ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।डीएम ने धनीपुर ब्लॉक के ग्राम कोंछोड़ एवं रूस्तमपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर 100 दिवसीय टीबी सघन अभियान के दौरान संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम प्रधानों को ग्राम में सघन टीबी अभियान का सार्वजनिक स्थानों पर वॉल पेंटिंग, बैनर व पोस्टर के साथ ही कूड़ा संग्रहण करने वाले स्वस्छता वाहनों के माध्यम से भी टीबी अभियान का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों को ग्रामों साफ-सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों एवं आशाओं से अभियान के दौरान प्राप्त लक्ष्य एवं लिए गए सैंपल के बारे में जानकारी करते हुए प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति का सैंपल लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, बीडीओ, ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





## सर्दी का सितम अलाव बने सहारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** एक सप्ताह से पहाड़ों पर बर्फबारी होने से मैदानों में भीषण सर्दी पड़ रही है । लगातार मौसम सर्द हो रहा है गलन होने से कपकपी छूट रही है हवा चलने से सर्दी का सितम और बढ़ गया है लगातार कोहरा आने से भी जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सर्द मौसम से बचने के लिए लोगों को जगह-जगह अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है । लोग ग्राम वस्त्रों का सहारा ले रहे हैं । और सर्दी से बचाव के लिए खानपान में भी ग्राम सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं। मौसम सर्द होने के कारण मार्केट में भी आवाजाही काम हो रही है जरूरतमंद ही लोग सर्दी से बचाव करते हुए अपने घरों से निकल रहे हैं कुंदरकी नगर में गुरुवार की दोपहर को गुनगुनी धूप निकली जिससे कुछ राहत मिली लेकिन हवा चलने से मौसम फिर से सर्द हो गया शाम को घने कोहरे ने नगर को अपनी आगोश में ले लिया।





# अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार, अगस्त्य नंदा के साथ बनी जोड़ी

अभिनेता अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। काफी समय से वह अपनी पहली फिल्म इक्कीस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में सिमर की जोड़ी अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ बनी है। द आर्चीज के बाद यह उनके करियर की दूसरी फिल्म है।

इक्कीस सिमर और अगस्त के बीच पहला सहयोग है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। आइए बताते हैं आखिर सिमर कौन हैं। सिमर अभिनेता अक्षय की बहन अलका भाटिया की बेटी हैं। अलका भी जानी-मानी फिल्म निमार्ता हैं।वह अब तक अपने भाई अक्षय के साथ कई फिल्में बना चुकी हैं, जिनमें हॉलिडे, रुस्तम, एयरलिफ्ट, केसरी और अन्य शामिल हैं। हालांकि, वो मीडिया के कैमरों से हमेशा दूर रही हैं। बता दें कि सिमर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 13 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। वह अपनी बोल्डनेस के लिए भी जानी जाती हैं। सिमर एक बाहरी की तरह बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। यही वजह है कि उनकी पहली फिल्म को लेकर पहले कोई हो-हल्ला नहीं हुआ।इक्कीस के निर्देशन की कमान श्रीराम राघवन ने संभाली है। जयदीप अहलावत और धर्मेंद्र भी इस फिल्म का अहस हिस्सा हैं।अगस्त्य फिल्म में अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाते नजर आएंगे और धर्मेंद्र फिल्म में उनके पिता की भूमिका निभा रहे हैं।यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# कंगुवा की ऑस्कर 2025 में एंट्री, सूर्या की फिल्म ने लिस्ट में 300 से ज्यादा फिल्मों को दी टक्कर

तमिल सुपरस्टार सूर्या और बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल फिल्म कंगुवा बॉक्स ऑफिस पर खास नहीं चली. साल 2024 में बिग बजट की इस फिल्म कंगुवा अपनी लागत निकालने में भी नाकामयाब रही. कंगुवा साल 2024 में बिग बजट की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म है. सूर्या और बॉबी की जोड़ी दर्शकों को लुभाने में नाकामयाब रही. अब कंगुवा को लेकर शॉकिंग खबर आ रही है. कंगुवा ऑस्कर 2025 में जा रही है. ऑस्कर 2025 कील लिस्ट में 323 ग्लोबल फिल्मों को टक्कर दे कंगुवा ने ऑस्कर के दावेदारों की लिस्ट में जगह बना ली है. इससे सोशल मीडिया पर शोर मच गया है और सूर्या के फैंस बहुत खुश हो रहे हैं.

सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बनी फिल्म कंगुवा बीती 14 नवंबर 2024 को रिलीज हुई थी. तकरीबन 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म में कई बड़े-बड़े एक्शन सीन दिखाए थे, जिनका दर्शकों पर खास




असर नहीं पड़ा. वहीं, फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने अपने एक्स हैंडल पर कंगुवा के ऑस्कर 2025 में जाने की जानकारी दी है. विजयबालन के मुताबिक, फिल्म कंगुवा ने ऑस्कर 2025 में जगह बना ली है। वहीं, इस खबर से सूर्या और बॉबी के फैंस के बीच खुशी की लह दौड़ गई है. एक्स हैंडल पर लोग जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं. वहीं, कई लोगों ने महाफ्लॉप फिल्म कंगुवा के ऑस्कर में जाने पर हैरानी भी जताई है. कई यूजर्स ने एक्स हैंडल पर कंगुवा के मेकर्स, डायरेक्टर और इसकी स्टारकास्ट को बधाई दी है. तो कई यूजर्स ने विजयबालन के इस पोस्ट पर फायर इमोजी पोस्ट किये हैं.

बता दें, कंगुवा ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का भी कलेक्शन नहीं किया है. फिल्म कंगुवा ने 96 करोड़ रुपये कमाए, जबकि इसके मेकर्स ने दावा किया था कि फिल्म कंगुवा 2000 करोड़ रुपये कमाएगी. वहीं, ओटीटी पर बीती 8 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई फिल्म को अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# रेड ब्लेजर पहन तारा सुतारिया ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का बढ़ाया पारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया अपने बोल्ड लुक्स को लेकर ज्यादा चचाओं में रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा गई हैं। इन फोटोज में उनका बॉसी लुक देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण अक्सर चचाओं में रहने वाली एक्ट्रेस तारा सुतारिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने लुक्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी



तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग और बॉसी लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

तारा सुतारिया की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने रेड कलर का ब्लेजर पहना हुआ है, एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। तारा सुतारिया अक्सर अपने लुक्स से फैंस को दीवाना बना देती हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न उनका हर एक लुक फैंस के बीच चचाओं में रहता है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर बेबी जॉन की हालत खराब, अब तक आधा बजट भी नहीं निकाल पाई फिल्म

वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन को लेकर दर्शक काफी उत्साहित थे, लेकिन यह लोगों की कसौटी पर खरी नहीं उतरी। यही वजह है कि पहले ही दिन से यह फिल्म टिकट खिड़की पर संघर्ष कर रही हैं।

फिल्म को रिलीज हुए 13 दिन हो गए हैं, लेकिन यह अब तक अपना आधा बजट भी नहीं निकाल पाई। फिल्म की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

आइए बताते हैं 13वें दिन फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 25 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 38.75 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन



रही है। बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है,वहीं एटली इसके निमार्ता हैं। जैकी श्रॉफ, कीर्ति सुरेश, सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। अब वरुण फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान कर रहे हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

वरुण के पास सनी देओल की बॉर्डर 2 भी है। इसमें दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा वरुण फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में दिखाई देंगे।

# क्या हेयर ग्रोथ सीरम बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में होते हैं मददगार? जानें एक्सपर्ट की राय

आजकल बाजार में अलग-अलग प्रकार की बालों की समस्या के लिए कई तरह के हेयर सीरम मिलते हैं. जिनमें हेयर ग्रोथ सीरम सबसे प्रचलित हैं. लेकिन क्या इस प्रकार के सीरम का उपयोग वाकई बालों की सेहत के लिए लाभकारी होता है और क्या ये वाकई बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में मददगार होते हैं. आइए जानते हैं।

क्या हेयर ग्रोथ सीरम बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में होते हैं मददगार !



आजकल बाजार में बहुत से हेयर सीरम मिलते हैं. बालों की ग्रोथ को बेहतर करने ,बालों के टूटने-झड़ने को कम करने, उन्हे ज्यादा सेहतमंद, मजबूत व चमकदार बनाने या बालों में रूसी तथा कुछ अन्य प्रकार की समस्यों में राहत दिलाने का दावा करने वाले इन सीरम का उपयोग आजकल हर उम्र की महिलाएं व पुरुष कर रहे हैं. लेकिन क्या इस प्रकार के सीरम वाकई में बालों को टूटने से रोकने में या बालों के विकास में मददगार हो सकते हैं! चिकित्सकों की माने तो कई मामलों में कुछ विशेष गुणों वाले सीरम का उपयोग बालों के स्वास्थ्य में सुधार में मदद कर सकते हैं लेकिन सीरम के सही उपयोग के साथ कुछ अन्य बातों का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है।

**क्या कहते हैं जानकार**

डमेर्टोलोजिस्ट के अनुसार बालों के टूटने,झड़ने और उनके बढ़ने या विकास में रुकावट के कई कारण हो सकते हैं. इनमें सबसे आम कारणों में तनाव, हार्मोनल असंतुलन, खराब आहार, पोषक तत्वों की कमी जीन, और गलत हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल शामिल हैं. यदि शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, आयरन, और विटामिन नहीं मिलते, तो बालों का झड़ना और उनकी ग्रोथ धीमी हो सकती है. इसके अलावा, तनाव और चिंता भी बालों की सेहत पर बुरा असर डाल सकती हैं.

**जरूरी है अतिरिक्त देखभाल**

डमेर्टोलोजिस्ट बताते हैं कि कुछ मामलों में हेयर ग्रोथ सीरम लाभकारी हो सकता है लेकिन इसका असर हर व्यक्ति के बालों पर अलग-अलग हो सकता है. अगर सीरम में सही तत्व और पोषक पदार्थ हैं, तो यह बालों की जड़ों को मजबूत कर सकता है और बालों के विकास को बढ़ावा दे सकता है. जैसे सीरम में मौजूद तत्व जैसे मिनोक्सिडिल या बायोटिन बालों की जड़ों को पोषित कर सकते हैं, लेकिन इनका असर धीरे-धीरे होता है. लेकिन केवल हेयर ग्रोथ सीरम का इस्तेमाल अकेले बालों के गिरने या घने होने की समस्या का समाधान नहीं कर सकता है. इसके लिए सही खानपान, जीवनशैली, और बालों की देखभाल भी जरूरी है. सही आहार, नियमित जीवनशैली और सही देखभाल के साथ इन सीरमों का असर बढ़ सकता है। डमेर्टोलोजिस्ट बताते हैं कि यदि आप बालों की ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं, तो सबसे पहले यह जरूरी है कि आप सही आहार लें. प्रोटीन, विटामिन, और मिनरल्स से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे हरी सब्जियां, फल, मेवे, और मछली का सेवन करें. इसके साथ ही सही जीवनशैली अपनाना भी आवश्यक है. पर्याप्त नींद, तनाव कम करना और नियमित व्यायाम बालों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है. इसके साथ ही बहुत जरूरी है कि बालों में सीरम का उपयोग सही तरीके से किया जाए. कुछ लोगों में इन उत्पादों से एलर्जी के मामले भी देखने में आते हैं. इसलिए बहुत जरूरी हैं कि सीरम के उपयोग से पहले जांच लें कि कहीं आपको उक्त उत्पाद से किसी प्रकार की एलर्जी तो नहीं है।

**सावधानियां और ध्यान रखने योग्य बातें**

गौरतलब है कि अगर आप बालों में सीरम का उपयोग कर रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है. जैसे हमेशा सही उत्पाद का चुनाव करें. बाजार में कई प्रकार के हेयर ग्रोथ सीरम मिलते हैं, लेकिन इनमें से सभी का असर समान नहीं होता. हमेशा ऐसे सीरम का चयन करें जिसमें विटामिन ई, बायोटिन, या मिनोक्सिडिल जैसे तत्व हों। इसके अलावा अपने आहार और जीवनशैली का ध्यान रखें. केवल हेयर ग्रोथ सीरम पर निर्भर न रहें।

# सुबह खाली पेट भूलकर भी न खाएं ये 5 चीजें, न्यूट्रिशनिस्ट ने कहा नहीं तो पूरे दिन रहेंगे परेशान



नाश्ता करना बहुत जरूरी है. हमारा पूरा दिन सुबह के भोजन पर निर्भर करता है. तो आपको पता होना चाहिए कि सुबह क्या खाना चाहिए और क्या खाने से बचना चाहिए. सुबह के समय खाए गए गलत खान-पान से भी आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सही आहार लेना बहुत जरूरी है.

न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार सुबह के समय किन चीजों से परहेज करना चाहिए. उनका कहना है कि यदि आप इन खाद्य पदार्थों से परहेज नहीं करते हैं, तो आपके पाचन और एनर्जी लेवल पर असर पड़ सकता है।

**सुबह के खाने में भूलकर भी न खाएं ये 5 चीजें!**

**खट्टे फल:** खट्टे फल, विटामिन सी से भरपूर होने के बावजूद, आपके पेट की परत में जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे सीने में जलन, एसिडिटी या अपच हो सकता है।

**कॉफी:** खाली पेट कॉफी पीने से तनाव हार्मोन बढ़ जाते हैं, जिससे आपको घबराहट और बेचैनी महसूस हो सकती है।

**मीठा खाना:** सुबह-सुबह मीठा खाना खाने से ब्लड शुगर लोवल बढ़ने का खतरा हो सकता है, मीठे खाद्य पदार्थ के सेवन से कम ऊर्जा और मूड में बदलाव हो सकता है।

**पेस्ट्री:** पेस्ट्री स्वादिष्ट होती है और बहुत से लोग इसे पसंद करते हैं, लेकिन यह ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि का कारण बन सकती है, जिससे आपको बाद में सुस्ती महसूस हो सकती है. इसके बजाय साबुत अनाज चुनें!

कोल्ड ड्रिंक या आइसक्रीमः कोल्ड ड्रिंक या आइसक्रीम आपके पाचन तंत्र को खराब कर सकती है और आपके चयापचय को धीमा कर सकती है, जो आपके दिन की शुरूआत करने का सबसे अच्छा तरीका नहीं है।

**दही और स्पाइसी फूड** : कुछ न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार जब आप खाली पेट दही का सेवन करने से यह पेट के अच्छे बैक्टीरिया को मार देता है, जिसकी वजह से कब्ज-एसिडिटी की समस्या हो सकती है. न्यूट्रिशनिस्ट खाली पेट ज्यादा मसालेदार खाना खाने से बचने की सलाह देते हैं. स्पाइसी फूड से दस्त व सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**सुबह की शुरूआत कैसे करें?**

सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण भोजन है क्योंकि यह आपको पूरे दिन ऊजार्वान बनाए रखता है. कई लोगों को यह तय करना काफी उलझन भरा लगता है कि कौन सा नाश्ता सही है. ऐसे में आपको बता दें कि ऊर्जा और बेहतर पाचन के लिए अपनी सुबह की शुरूआत गर्म पानी, हर्बल चाय या दलिया या अंडे जैसे संतुलित नाश्ते से करें..

न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार आदर्श नाश्ता ऐसा होना चाहिए जो पोषण से भरपूर हो और शरीर को जरूरी मात्रा में एनर्जी दें. इसलिए नाश्ते का चुनाव और संयोजन उस आहार से मिलने वाले पोषण के आधार पर करना फायदेमंद हो सकता है.

रिपोर्ट के अनुसार सुबह के नाश्ते में प्रचलित कुछ विशेष आहार और उनसे मिलने वाले पोषक तत्व इस प्रकार ह।

काबोर्हाइड्रेटः रोटी, पराठा, ब्राउन ब्रेड, ओट्स, या पोहा.

प्रोटीनः उबले अंडे, पनीर, मूंगफली, या स्प्राउट्स.

फाइबर और विटामिनः हरी सब्जियां, फल, या सूखे मेवे.

तरल पदाथः दूध, नारियल पानी, या हर्बल चाय

सूची के आधार पर लोग यदि अपना ब्रेकफास्ट पैटर्न डिजाइन करें तो उन्हे कई फायदे मिल सकते हैं।

# डबल इंजन की सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कर रही कार्य : मुख्यमंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा ध्येय है कि किसानों की आमदनी बढ़े और किसान आर्थिक रूप से समृद्ध बने। प्रदेश के 70 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिनके पास जमीन कम है। इसलिए उनके उत्थान के लिए भी खास रणनीति बनानी होगी। साथ ही किसानों को अधिक मुनाफा मिले, इसके लिए भी बजट में प्रावधान करने होंगे, ताकि किसानों को मजबूत बनाया जा सके।

**छोटी जोत वाले किसान भी अच्छी आमदनी अर्जित करें, इस दिशा में सरकार कर रही प्रयास : नायब सिंह सैनी**

मुख्यमंत्री किसानों के उत्थान को लेकर आज जिला हिसार में बजट पूर्व परामर्श बैठक के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रगतिशील किसानों से सुझाव ले रहे थे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, हांसी विधायक विनोद भयाणा और नलवा विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित थे। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने वन टू वन किसानों से संवाद किया। पहले सेशन में 52 से ज्यादा सुझाव किसानों की तरफ से सुझाए गए।

इसमें प्रगतिशील किसानों के अलावा कृषि विशेषज्ञ भी शामिल थे। दूसरे सेंशन में एफपीओ से जुड़े किसानों से चर्चा हुई। एफपीओ की फेडरेशन से जुड़े सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए। छोटी जोत वाले किसान भी अच्छी आमदनी अर्जित करें, इस दिशा में सरकार कर रही प्रयास : मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा में जो सुझाव आए हैं, उन्हें बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए खास तौर पर काम कर रही है। सरकार इस बात पर विशेष ध्यान दे रही है कि किसान की आमदनी कैसे बढ़े, किसान कैसे मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीडीपी में 18 प्रतिशत योगदान कृषि क्षेत्र से है। हमारी सोच है कि किसानों के लिए कुछ ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे छोटी जोत वाले किसान की अच्छी आमदनी ले पाएं। इसी कड़ी में ई-मंडी और दूसरे विकल्प बनाये जा रहे हैं।




उन्होंने कहा कि पहले पैदावार को मंडी में ले जाना चुनौती भरा काम था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज देश और प्रदेश में सडक-रेल कनेक्टिविटी का नेटवर्क मजबूत हुआ है। अब फसल को इस एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना आसान हो गया है।

पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने तरक्की की है। आज हम किसानों के लिए नई नई पहल कर रहे हैं। इसी कड़ी में किसानों के लिए सरकार ऑर्गेनिक खेती को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने ऑर्गेनिक खेती की दिशा में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी तारीफ की।

# एयरपोर्ट के तीसरे चौथे चरण के ग्रामीणों ने नहीं दी सहमति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** जेवर मे बन रहे नॉएडा एयरपोर्ट के तीसरे चरण से प्रभावित ग्रामीणों ने गुरुवार को गांव नीमका मे अपनी मांगों को लेकर एक पंचायत की और सहमति देने से इनकार करते हुए इसका विरोध किया। नॉएडा एयरपोर्ट के तीसरे व चौथे चरण के लिए 14 ग्राम की भूमि अधिग्रहण को लेकर गुरुवार को अधिकारी सहमति लेने के लिए गांव रोही, पारोही, बंकापुर, साबौता मुस्तफाबाद, बनवारीबास, ख्वाजपुर, थोरा आदि पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने सहमति देने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने एक असहमति पत्र अपर जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमे ग्रामीणों ने कहा की धारा 4 के साथ भेजी गई सूची उन्हें स्वीकार नहीं है, ग्रामीण गांव का विस्थापन नहीं चाहते है इसलिए समाघात सर्वे का विरोध किया गया था। भूमि अधिग्रहण एयरपोर्ट के नाम पर की जा रही है, जबकि एयरपोर्ट के लिए जमीन पहले ही ली जा चुकी है। ख्वाजपुर के ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी गांव का विस्थापन नहीं किया जाता है तो भूमि अधिग्रहण कानून 2013 और गठित की गई विशेषज्ञ समिति की सिफारिश के आधार पर कानूनी रुप से सहमति दें देंगे। वहीं गांव नीमका मे भी ग्रामीणों ने एक पंचायत की और अपनी मांगों को रखा, ग्रामीणों ने कहा कि गांव का विस्थापन नहीं होने देंगे, मुआवजा बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रति वर्ग किया जाये आदि मांगों को रखा। इस मौके पर गांव ख्वाजपुर के पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह, मदन, प्रदीप, अजय, विशाल, पवन, हेमंत, कपिल, जगत, राजकुमार, ज्ञानेंद्र, विजय, राजवीर, अशोक, महेश, रणवीर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बकायेदारों के खिलाफ विद्युत विभाग हुआ सख्त, 55 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** विद्युत विभाग में एकमुश्त समाधान योजना का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद बकायेदारों के खिलाफ सख्ति बर्तनी शुरू कर दी है। विभाग द्वारा 10000 रू0 से अधिक का बकाया होने पर विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं। साथ ही काटे गए कनेक्शन दोबारा जुड़े मिलने पर बकायेदारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है। इसी संबंध में अधिशासी अभियंता ने एक उपभोक्ता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन टाउन बिजली घर पर किया। आयोजित गोष्ठी के दौरान अधिशासी अभियंता सौरभ मिश्रा ने सभी उपभोक्ताओं को समय पर अपना बिजली का बिल जमा करने की अपील की उन्होंने विभाग के सभी बकायेदारों से भी एक मस्त समाधान योजना के दूसरे चरण में भाग लेने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विभाग के कर्मचारियों को 10000रू0 से अधिक के बकायदारों के कनेक्शन काटने के निर्देश भी दिए। साथ ही कनेक्शन काटे जाने के बाद बिना बकाया जमा दोबारा कनेक्शन जुड़े मिलने के बाद ऊंचागांव, शिरौरा, अनूपशहर देहात,चांदौक, जहांगीराबाद, ताल विवियाना, नई मंडी, करनपुर, चरौरा और मौहरसा फीडर से जुड़े 55 उपभोक्ताओं के खिलाफ नामदर्ज मुकद्मा दर्ज कराया है।



अधिशासी अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता किसी भी जनसेवा केंद्र निकटतम विद्युत केंद्र या स्वयं सहायता समूह की सखियों के माध्यम से ओटीएस योजना से पंजीकरण करवा कर ब्याज में छूट प्राप्त कर सकते हैं। दूसरा चरण 15 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद बकायादारों के खिलाफ और सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए विभाग ने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की।

# दिल्ली में केजरीवाल ताकतवर, देशद्रोही कहना ठीक नहीं : संजय राउत

**महाराष्ट्र (आरएनएस)।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की स्थिति को लेकर राजनीतिक दल असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही प्रमुख दल हैं और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ताकत सबसे अधिक है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अच्छे मार्जिन से जीत रही है और यह स्थिति पार्टी के कार्यकताओं के लिए अहम है, जो उन्हें आगे चलकर उत्साहित करेगी। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन में हैं।वहीं, उन्होंने कांग्रेस नेता अजय माकन के अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही बताने की निंदा की।



कहा कि केजरीवाल को देशद्रोही करार देना ठीक नहीं है। हम इस बयान से सहमत नहीं हैं, क्योंकि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी भी इंडिया ब्लॉक के सम्माननीय सदस्य हैं, जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव में वे कांग्रेस के साथ हैं और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाए रखेंगे।

संजय राउत ने कहा कि दिल्ली में चुनावी स्थिति अलग है और इस बार दोनों पार्टियों के एक साथ चुनाव लड़ने से कार्यकताओं को खुशी होगी, क्योंकि इससे गठबंधन और मजबूत होगा। राउत बोले, लोकसभा के लिए जो गठबंधन हुआ था, वह बीजेपी के खिलाफ था और उसे किसी स्थानीय चुनाव से नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी चुनाव में उम्मीदवारों और प्रचार की रणनीति का फैसला ठाकरे जी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद लिया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए बीजेपी से मुकाबला करना सबसे बड़ी चुनौती है और किसी भी चुनाव में इसकी कोई असर नहीं पड़ेगा।

बता दें कि सात जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीख का ऐलान किया था। दिल्ली में पांच फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे की घोषणा आठ फरवरी को होगी।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से मांगी राय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आज तीसरे दिन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अवध जोन के जनपद लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, सीतापुर, श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा, हरदोई, उन्नाव, बाराबंकी, एवं लखनऊ, जनपद के कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा ली गई। बैठक में अवध जोन के सह प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेन्द्र चौधरी तथा पूर्व विधायक संजय कपूर जी भी मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक में आये हुए उक्त जनपदों के कार्यकताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में उनकी राय मांगी गई जिस पर सभी अपने-अपने सुझाव शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किये। उपस्थित सभी नये पुराने कांग्रेसजनों की भारी भीड़ को देखकर राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन निर्माण की इस प्रक्रिया में में आज यहां जितने भी साथी उपस्थित हैं, सभी को संगठन में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि हम 35 सालों




से प्रदेश में सरकार में नहीं हैं, फिर भी आप सभी पूरे उत्साह के साथ संघर्ष कर रहे हैं, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि जितनी तादात में आप सब यहां उपस्थित है, और जिस प्रकार से विधानसभा के बाहर सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रहे आने वाले समय में विधानसभा के अंदर होंगे।

बैठक के पश्चात भारतीय शिक्षिका एवं समाज सुधारक फातिमा शेख जी की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# निर्धन बच्चों को स्वेटर टोपा गर्म बनियान गर्म पजामी जूते मौजे वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** निर्धन सेवा संस्थान कई वर्षों से निरंतर निर्धन और असहाय व्यक्तियों को शीत लहर में वस्त्र वितरण करने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को श्रीकांति प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में 30 निर्धन बच्चों को स्वेटर टोपा गर्म बनियान गर्म पजामी जूते मौजे एवं 5 महिलाओं को शाल आदि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक संजीव गुप्ता तथा संचालन वरिष्ठ सलाहकार श्रीकृष्ण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ट्रेनी आफिसर पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रभारी आयुषी सिंह रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संयोजक देवेंद्र शर्मा संरक्षक संजीव गुप्ता सचिव राधिका गोयल ने मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट पीयूष गोयल एवं संचालन कर रहे श्रीकृष्ण अग्रवाल ने मुख्य अतिथि ट्रेनी आफिसर कोतवाली प्रभारी आयुषी सिंह को बुके भेंट कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम अध्यक्ष संजीव गुप्ता व मंच पर आसीन अतिथियों का बुके भेंट कर सम्मान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट पीयूष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य राजेश शर्मा द्वारा चयनित 30 बच्चों को कार्यक्रम अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने उपरोक्त 6 सामान एवं मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी आयुषी सिंह ने उपस्थित पांचों महिलाओं को शाल प्रदान किए।

# नगर के पुख्ता बाजार पूर्व सभासद कैलाश सैनी को बनाया बीजेपी के मंडल अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** नगर के पुख्ता बाजार पूर्व सभासद कैलाश सैनी को बनाया बीजेपी के मंडल अध्यक्ष। नगर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की समस्त टीम ने कैलाश सैनी को माला व पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर किया भव्य स्वागत। मंडल अध्यक्ष कैलाश सैनी ने कहा कि व्यापारी द्वारा किया गया स्वागत के लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ और मैं पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकताओं और सभी सम्मानित व्यापारीयों के साथ मिलकर काम करुंगा। व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष रोहित पहाड़ी ने सब्जी मंडी चौराहे पर सभी व्यापारीयों को एकत्रित कर कैलाश सैनी का स्वागत अभिनन्दन कराया। इस



मौके पर सुभाष अग्रवाल, विजय बंसल, मनमोहन अग्रवाल (सभासद), राजकुमार गोयल, आदेश शर्मा, (सभासद) अजय कौशिक, सुधीर गोयल, नरेश बंसल, दिनेश बंसल, दीपक अग्रवाल, अमित गोयल, अमित कंसल, गुडडा चाचा, जितेन्द्र गोयल, विभोर सिंघल, दीपक तोमर, सुरेंद्र तोमर, मोनू जिंदल, आशीष गोयल, अजय वर्मा, दिनेश बंसल, शानू बंसल, रिंकू पहाड़ी, संतोष लोघी, ओमप्रकाश लोघी (सभासद), राकेश सैनी, विजय सैनी आदि समस्त व्यापारी उपस्थित रहे।

# शीत लहर से ठिठुरते हुए सड़क पर सो रहे बेसहारा लोगों को कम्बल वितरित किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन व निफा की मुरादनगर शाखा ने बढ़ती शीतलहर में शहर की सड़कों, फूट पाथ रेलवे स्टेशन आदि पर सर्दी से ठिठुरते सोते हुए असहाय गरीब लोगों को राहत देने के लिए देर रात में कम्बल वितरित किए। बढ़ती शीत लहर में जहां दिन में भी सर्दी के कारण लोग अपने घरों से निकलने से बच रहे हैं, वहीं रातों में कोहरे से हालात और भी ज्यादा खराब होते जा रहे हैं। ऐसे में रात्रि में बेसहारा और जरुरतमंद बहुत से लोग सड़कों पर रात गुजारने पर मजबूर हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन व निफा की मुरादनगर शाखा द्वारा बेसहारा गरीब लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम किया गया। शहर अध्यक्ष इरफान व उनकी टीम ने शहर के रेपिड मेट्रो स्टेशन, गंग नहर एवं रेलवे स्टेशन पर जाकर बेसहारा जरूरत मंदों को खोजा और सर्दी से ठिठुरते लोगों को कम्बल ओढ़ाकर राहत प्रदान की। इस अवसर पर निफा जिला अध्यक्ष डॉ फहीम सैफी, समाज सुधारक कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन भादोली, सलमान आदि आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन एवं निफा मुरादनगर शाखा ने सर्द रात में ठिठुरते, सोए हुए लोगों को कम्बल ओढ़ाकर राहत प्रदान की।





**अभियान** — कानपुर में अब तक 16000 लावारिस लाशों का संबंधित धर्म के अनुरूप अंतिम संस्कार करा चुकी समाज कल्याण सेवा समिति

# कानपुर में लावारिस शवों को कंधा अभियान के अन्तिम दिन शामिल हुई सैकड़ों बौद्ध महिलायें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** जिनका कोई नहीं होता ,उनका इंसान के रूप में ईश्वर ,अल्लाह और गॉड ही होता है। यह कथन लागू होता है, उन लोगों के संदर्भ में दुनिया को अलविदा कहने के समय जिनके साथ उनके लावारिश शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कोई नहीं होता, लेकिन फिर भी ईश्वर ,अल्लाह और गॉड इंसान के रूप में उनके लावारिस शव का अंतिम संस्कार अवश्य कराते हैं।

यहां बात हो रही है ,कानपुर की उस समाज कल्याण सेवा समिति की जो अबतक 16000 से ज्यादा लावारिस लाशों का संस्कार मरने वाले व्यक्ति के संबंधित धर्म के अनुरूप कर चुकी है। इसी संस्था ने कानपुर में लावारिश शवों के पांच दिवसीय कन्धा दान का अभियान भी चलाया ,जिसके अन्तिम दिन इसमें बड़ी संख्या में बौद्ध समुदाय की सैकड़ों महिलाएं भी शामिल हुईं।

उन्होंने इन लावारिशों को कंधा देने के साथ ही उनके बिछड़े दुखी परिजनों के आत्म शान्ति के लिये तथागत गौतम बुद्ध व ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस



कन्धा दानियों में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शवों पर फूलों की वर्षा भी की, जिससे पोस्ट मार्टम से एक किलोमीटर की दूरी तक सड़क फूलों से पटी रही। इस शव यात्रा में हे मानव तू मुख से बोल बुद्धम् शरणम् गच्छामि धम्मम् शरणम् गच्छामि संघम् शरणम् गच्छामि का उच्चारण करते हुए शव यात्रा को अन्तिम विदाई दी गयी। महिलाओं द्वारा दिये जा रहे कन्धादान अभियान में एक दूसरे से कन्धा बदलते नजर आयीं। इस मौके पर शव यात्रा में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने कहा कि सभी धर्मो के लोग इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। विगत 15 वर्षों से हम गंगा को प्रदूषण से बचा रहे हैं ।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 16000 लावारिश शवों का ससम्मान अन्तिम संस्कार करा चुके हैं। जिससे गंगा को प्रदूषित होने से बचाने में भी सफलता मिली। इस मौके पर मनीषा पैंथर,अनीता जैसवार, आरती राव,कुं आरती राव,सीमा संखवार,पिंकी चंडा, सरोज गौतम,शालिनी गौतम,कांति, बबली गौतम, रुक्मणी,सुधा गौतम,रेखा,नीलू खन्ना, फूलमती, सर्वेश कुमारी,निशा,राजू देवी,फूल दुलारी,शीला देवी,गुड़िया सहित आदि महिलाए मौजूद रही।

# लिली सेवा संस्थान ने असहाय महिलाओं को शॉल वितरण किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** नगर के खानपुर रोड़ स्थित लिली सेवा कल्याण संस्थान के त्ववाधान में असहाय आश्रम का उद्घाटन संस्थान की चेयरपर्सन लिली चक्रोबती ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने असहाय महिलाओं को शॉल वितरण करते हुए कहा कि संस्थान का मकसद गरीब असहाय लोगों की सेवा करना है। क्योंकि सेवा करने से हमे सकून मिलता है। संस्थान की चेयरमैन लिली चक्रोवती ने बताया कि हमारी संस्थान पूरे देश मे काम कर रही है। बुधवार को नगर में संस्थान के सहयोग से लिली सेवा आश्रम खोला है। जो भी इस आश्रम में सेवा करना चाहे वह कर सकता है। इस मौके पर मीनाक्षी शर्मा, थान सिंह, वसीम सैफी जलीलपुर, धर्मेंद्र कुमार समेत आदि मौजूद थे।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267